ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 08 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 07 सितम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक-215 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00


आयुष्मान खुराना बोले- 'ड्रीम गर्ल-2' के हिट होने पर बेहद खुश हूं.. पेज-12



## NEWS इन ब्रीफ

### डोभा में डूबने से आठ साल की बच्ची की मौत

**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के दियांकेल पंचायत के गुफू गांव में एक डोभा में डूबने से एक आठ वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बुधवार को गुफू स्कूल से रोशन गुड़िया की आठ वर्षीय बेटी सीमा गुड़िया अपने घर आयी थी। घर में खाना खाने के बाद पास के गांव में ही एक डोभा अपने दोस्तों के साथ स्नान करने के लिए चली गयी थी, जहां पानी ज्यादा होने के कारण सीमा पानी में डूब गयी। जब उसके दोस्तों ने देखा तो उसके घर गयी बोलने के लिए जब तक उसके घर वाले आते तब तक बच्ची को मौत हो गयी थी। सूचना पाकर तोरपा थाना के पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया।

### दुमका कोर्ट में ही होगा प्रदीप यादव पर दर्ज यौन शोषण केस का ट्रायल

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण का केस करने वाली महिला की ट्रांसफर पिटीशन पर फैसला सुना दिया है। अदालत ने निर्देश दिया है कि मामले का ट्रायल दुमका सिविल कोर्ट में ही होगा। याचिकाकर्ता ने इस केस का ट्रायल दुमका सेशन कोर्ट से सेशन जज, बोकारो के पास ट्रांसफर करने के लिए याचिका दाखिल की थी, जिस पर हाई कोर्ट में बुधवार को जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में हुई।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता संदीप वर्णवाल ने बहस की। आरोप लगाने वाली महिला ने अपनी याचिका में कहा है कि वह बोकारो में अकेली रहती है। उसने विधायक पर जो केस किया है, उसका ट्रायल दुमका के सेशन कोर्ट में चल रहा है।

### झारखंड हाई कोर्ट से एनोस एक्का की याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा झारखंड पार्टी से जारी व्हिप का उल्लंघन मामले में एनोस एक्का की विधायकी समाप्त करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने बुधवार को एनोस एक्का की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा एनोस एक्का को विधानसभा सदस्यता से निष्कासित किए जाने को सही ठहराया है। याचिका में एनोस एक्का ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 13 अगस्त, 2009 को उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द किए जाने के आदेश को चुनौती दी थी। उन पर वर्ष 2005 के झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड पार्टी के व्हिप का उल्लंघन करते हुए एनडीए के पक्ष में मतदान करने का आरोप है। विधानसभा अध्यक्ष ने विस्तृत सुनवाई करने के बाद एनोस की विधायकी की समाप्त कर दी थी।

## झारखंड में 11 सितंबर तक बारिश की संभावना

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राज्य में मानसून एक फिर सक्रिय हुआ है। राजधानी रांची में बुधवार सुबह से ही रूक-रूककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक राज्य के सभी हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जाहिर की है। अगले पांच दिनों तक किसी भी तरह के अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना से भी इनकार कर दिया है। मौसम विभाग ने राज्य में 11 सितंबर तक मौसम का मिजाज इसी तरह रहने का अनुमान लगाया है। बदले मौसम के मिजाज को देखते हुए आठ सितंबर तक अलर्ट येलो अलर्ट जारी हुआ है। बुधवार और सात सितंबर को राज्य के कई हिस्सों में गर्जन और वज्रपात की संभावना जाहिर की गई है। मौसम विभाग ने आठ सितंबर को राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में बारिश के साथ वज्रपात की संभावना जाहिर की है। राज्य के कई हिस्सों में गर्जन की भी संभावना है। 9 सितंबर से लेकर 11 सितंबर तक मौसम विभाग ने अभी चेतावनी जारी नहीं की है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में मानसून की गतिविधि एक बार फिर सामान्य हुई है। राज्य में सबसे अधिक बारिश सिमडेगा जिले के बोलबा में 80.6 एमएम हुई है। राज्य में सबसे अधिक तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो गढ़वा का था और रांची का तापमान सबसे कम 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम का असर अभी पूरे राज्य में है। मानसून टर्फ झारखंड से गुजरने के कारण इसका असर दिख रहा है। मौसम केंद्र का पूर्वानुमान है कि आठ सितंबर को राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है।

## नासा ने जारी की फोटो, विक्रम के धुएं से निकली रोशनी

**नई दिल्ली।** भारत का मिशन चंद्रयान-3 लगातार दुनिया भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने एक विशेष फोटो जारी कर चांद की मिट्टी के संपर्क में आए लैंडर विक्रम के धुएं से निकली रोशनी दिखाई है। नासा ने चंद्रयान-3 के लैंडिंग साइट की फोटो लेकर यहां से साउथ पोल की दूरी भी बताई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन लगातार चंद्रमा पर चंद्रयान-3 के पहुंचने के बाद से फोटो जारी कर रहा है। अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भी एक विशेष फोटो जारी की है। नासा ने उस स्थान की फोटो अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया पर साझा की है, जहां चंद्रयान-3 उतरा था। चंद्रमा पर लैंडिंग के ठीक चार दिन बाद यानी 27 अगस्त को चांद की कक्षा में घूम रहे नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एलआरओ) ने यह तस्वीर खींची थी। तस्वीर जारी करने के साथ ही नासा ने चंद्रयान मिशन की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा गया है कि चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से लगभग 600 किलोमीटर दूर है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव आज, तैयारी पूरी



# झारखंड कैबिनेट की बैठक में 35 प्रस्तावों पर लगी मुहर

### ट्रांसजेंडर को मिलेगा ओबीसी में आरक्षण व पेंशन



**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को 35 प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक में ट्रांसजेंडर किन्नरों को थर्ड जेंडर में घोषित किया गया। इसमें यदि वह अनारक्षित श्रेणी के हैं, तो उन्हें पिछड़े वर्ग की सूची दो में रिक्त स्थान 46 में शामिल करने की स्वीकृति दी है। इससे किन्नरों को पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है। नई नियुक्तियों में इन्हें आरक्षण का लाभ मिलेगा। राज्य में ओबीसी को 14 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा किन्नरों को मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपये दिया जायेगा। झारखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सेवा संपर्क निर्णय वाले 2018 में संशोधन और नियमावली 2023 का गठन किया गया। शोध सहायक संपर्क के लिए भर्ती प्रोन्नत नियमावली बनी। कैबिनेट ने रैबीज को अधिसूचित बीमारी घोषित करने का भी निर्णय लिया है। राज्य के खनिज क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए गोविंदपुर-निरसा के लिए पुनरीक्षित प्राक्कलन 3.5 करोड़ की स्वीकृति देने का निर्णय भी लिया है। निरसा में 6 अरब की योजना और बरही जलापूर्ति योजना के लिए 27 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है। एचईसी क्षेत्र में 10.71 करोड़ रुपये की अदायगी पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कार्यालय के लिए 1.498 एकड़ भूमि देने की स्वीकृति दी गयी है। कैबिनेट ने वित्त रहित शैक्षणिक संस्थाओं के नियमावली 2004 के अनुदान राशि में संशोधन किया गया। इसके तहत एनएसी से मान्यता प्राप्त कॉलेज को मिलने वाला अनुदान सी ग्रेड पर 4 लाख, डी ग्रेड पर 8 लाख और ए ग्रेड पर 12 लख रुपये दिए जाएंगे।

पूर्व की तरह बिना मान्यता वाले कॉलेजों को दो लाख मिलेगा। निर्वाचन कार्य से अलग हिंसक मामलों में घायल या दिव्यांग पुलिसकर्मियों को 7.5 लाख से 12 लाख रुपये तक मिलेगा। राज्य के विश्वविद्यालय, अंगीभूत कॉलेज के सेवानिवृत शिक्षकों को एक जनवरी, 2006 से 31 मार्च, 2010 तक बकाया पेंशन की अंतर राशि का छह प्रतिशत ब्याज के साथ भुगतान की स्वीकृति दी गई। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के वैसे छात्र जिन्हें वित्तीय वर्ष 2020-21 21 22 23 में साइकिल नहीं मिली है उन्हें डीबीटी के माध्यम से खाते में राशि भेजी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024 -25 को टेंडर के माध्यम से साइकिल दी जाएगी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- कोडरमा-जमुआ पथ 44 करोड़ रुपये की लागत से बनाने की स्वीकृति।
- कांची सिंचाई योजना के तहत 63 करोड़ 56 लाख की लागत से इचानगर का पक्कीकरण।
- वायरलेस विभाग की नियुक्ति नियमावली 2016 में संशोधन।
- आशुलिपिक की नियुक्ति नियमावली में संशोधन।
- विशेष लोक अभियोजक का दैनिक शुल्क 1000 किया गया। दुर्घटना में घायल राज्य पुलिस प्रतिनियुक्ति पर सीआरपीएफ एसएसबी के स्थाई विकलांगता पर अनुग्रह राशि बढ़ी। उग्रवादी हिंसा में ये राशि दो गुनी होगी। अधिकतम राशि 7.5 लाख।
- अपर न्यायायुक्त रांची दो को अवधि जमा योजना के तहत दर्ज मामलों के लिए स्पेशल जज के रूप में स्वीकृति और 28 सिविल जज को प्रोन्नत्ति।
- डीएमएफटी प्राप्त राशि से गोविंगपुर-निरसा में 3 अरब 25 करोड़ 15 लाख की लागत से ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत बरही जलापूर्ति के 27 करोड़ 61 लाख की स्वीकृति।

## मुख्यमंत्री ने कार्यपालक अभियंता के खिलाफ पीई दर्ज करने की दी अनुमति

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के तहत एक बार फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सरकार के अधिकारियों के विरुद्ध एक्शन लिया है। जिसके तहत तत्कालीन कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल चाईबासा के मनोज कुमार विद्यार्थी के विरुद्ध पीई दर्ज करने की अनुमति प्रदान की है। मुख्यमंत्री के द्वारा अनुमति दिए जाने के बाद आरोपी कार्यपालक अभियंता की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कार्यपालक अभियंता पर ये हैं आरोपः आरोप के घेरे में आए कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार विद्यार्थी पर रिश्वत लेने और करोड़ों की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। मामले के सत्यापनकर्ता पुलिस निरीक्षक द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार गिरफ्तारी के उपरांत उनके घर की तलाशी में बरामद 9 लाख 05 हजार 200 रुपया की जांच की गई जो रिश्वत के पैसे थे, जिसे आरोपी द्वारा किराए के मकान में रखा गया था। आरोपी एवं आरोपी की पत्नी के नाम से पटना रांची एवं उनके पटोरी गांव में करोड़ों की अचल संपत्ति पाई गई है। सत्यापन के क्रम में यह भी बात प्रकाश में आया है कि आरोपी मनोज कुमार विद्यार्थी ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों के बिल भुगतान करने के बाद में प्रतिशत के हिसाब से रिश्वत लिया करते थे।

गौरतलब है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के द्वारा जुलाई 2019 में कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार विद्यार्थी को 20,000 रुपया रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। आरोपी कार्यपालक अभियंता पर चाईबासा के बंदगांव में 8 लाख की लागत से बन रही पीसीसी सड़क का बिल पास कराने के लिए रिश्वत की मांग की गई थी। शिकायतकर्ता टिंकू सिंह ने एसीबी को यह सूचना दी थी। इसके बाद गुप्त रुप से योजना बनाकर कारवाई की गई। शिकायतकर्ता ने एसीबी को लिखित शिकायत करते हुए कहा था कि बंदगांव प्रखंड में लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा बन रही पीसीसी सड़क निर्माण का जिम्मा कृष्णालय कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है जिससे 20 प्रतिशत कमीशन की मांग की गई है।

### हेमंत सोरेन लीज प्रकरण में कपिल सिब्बल ने हाई कोर्ट में कहा

## सुप्रीम कोर्ट ऐसी याचिका कर चुका है खारिज

नवीन मेल संवाददाता





**रांची।** खान मंत्री रहने के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परिवार वालों और रिश्तेदारों के नाम माइनिंग लीज आवंटित की थी। इस मामले को लेकर बुधवार को हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि ठीक इसी तरह की एक याचिका शिव शंकर शर्मा की ओर से दायर की गयी थी। इस याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। ऐसे में इस याचिका में भी कुछ नया नहीं है। परिवार वालों और रिश्तेदारों के नाम माइनिंग लीज आवंटित किए जाने को लेकर अधिवक्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट सुनील महतो की ओर से याचिका दायर की गयी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विशाल कुमार ने पैरवी करते हुए कोर्ट को बताया कि यह मामला एकदम अलग है। इसके तथ्य शिव शंकर शर्मा मामले से अलग है। याचिकाकर्ता सुनील महतो की ओर से कहा गया कि वे शिव शंकर शर्मा और इस मामले में कैसे अंतर है, इसका ब्यौरा देना चाहते हैं। इस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता को पूरक शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। इसके बाद इस मामले की सुनवाई के लिए 11 अक्टूबर निर्धारित की है। दायर याचिका के अनुसार खान विभाग के मंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अनगड़ा में 88 डिसमिल जमीन पर माइनिंग लीज का आवंटन कराया है। हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन व उनकी बहन सरला मुर्मू की कंपनी सोहराई लाइवस्टोक प्राइवेट लिमिटेड के नाम चान्हो के बरहे औद्योगिक क्षेत्र में 11 एकड़ जमीन आवंटित किया गया। मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू और मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्र को भी खनन लीज आवंटित हुआ है।

## डायन बिसाही में हुई थी भानु मुंडा की हत्या, सात आरोपी गिरफ्तार

**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू गांव में गत तीन सितंबर को भानु मुंडा नामक वृद्ध की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने सात आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून लगी लोहे की दउली, खून लगी शर्ट और ओझा गुणी द्वारा प्रयोग किया गया एक लोहे का त्रिशूल बरामद किया है। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि भानु मुंडा की हत्या डायन विसाही के अंधविश्वास में की गई थी। पुलिस ने नामदर्ज आरोपित मदन मुंडा ग्राम मारंगडीह और सुखराम मुंडा उर्फ गोंडा ग्राम सेरेंगडीह थाना अड़की के साथ ही कथित ओझा गुणी राम मुंडा के अलावा गुरुवा मुंडा, मदन मुंडा,




रूसू मुंडा, बाले मुंडा और सामू मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया की हत्या के उद्वेदन के लिए सीडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआइटी का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि मारुति मुंडा उर्फ मारू मुंडा की गत 13 अगस्त को तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। उसके कुछ दिनों के बाद तीन सितंबर को मारूति की छोटी पत्नी की मौत बीमारी के कारण रांची के अस्पताल में मौत हो गई। कुछ ही दिनों के अंतराल में घर के दो लोगों की मौत होने से मारुति की बड़ी पत्नी और उसके भाई को शक हुआ कि किसी ने डायन बीसाही करके उसके पति और छोटी बहन की जान ले ली। इस मामले को लेकर मदन मुंडा और सुखराम मुंडा बाड़ी निचकेल गांव के एक कथित ओझा राम मुंडा के घर गए। ओझा राम मुंडा ने उन्हें बताया कि भानु मुंडा उर्फ बोयर की पत्नी बिरसपति देवी उर्फ गुरुवारी देवी डायन है, उसने ही कारगुनी की है। इसके कारण दो लोगों की मौत हो गई। तीन सितंबर को मारूति की छोटी पत्नी को दफनाने के बाद उसी दिन मदन मुंडा और सुखराम मुंडा सहित अन्य लोग भानु मुंडा के घर गए, लेकिन उस समय भानु मुंडा और उसकन पत्नी में घर में नहीं थे। घर में सिर्फ उसकी बेटी हिससी देवी थी। दोनों ने हिस्सी देवी को धमकाया कि भानु मुंडा की वे हत्या कर देंगे। उसी रात सभी लोग भानु मुंडा उर्फ बोयर के घर पहुंचे और घर में अकेले सो रहे भानु मुंडा की दउली से मार कर हत्या कर दी। भानु मुंडा की पत्नी और उसकी बेटी घर से भाग गए थे। एसडीपीओ ने बताया कि हत्याकांड का एक अन्य आरोपित फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

**पहल** 32 हजार करोड़ में अयोध्या बनेगा विश्व का सर्वाधिक पर्यटक वाला धार्मिक स्थल

# करोड़ों की लागत से बन रहा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट

-आरपी सिंह



**नई दिल्ली।** 32 हजार करोड़ रुपए सरकारी खर्च से अयोध्या बनने जा रही है विश्व की सबसे बड़ी धार्मिक पर्यटन नगरी। यह खर्च रामलला जन्मभूमि मंदिर निर्माण पर आ रहे लागत 1800 करोड़ रुपए के अतिरिक्त है। प्रधानमंत्री व उप्र के मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास व हो रहे निर्माण कार्य को लेकर दिल्ली में देर तक बैठक की। क्योंकि लोकसभा चुनाव के पहले वहां ज्यादातर कार्य पूरा कर देना है। उसमें से कई प्रमुख कार्य तो जनवरी में श्री रामलला जन्म भूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही हो जाना है। उसके लिए दो माह पहले से ही दर्शनार्थियों का आगमन शुरू हो जाएगा। जिसके लिए संघ के आनुषांगिक संगठनों को देश के अलग-अलग जगह से अलग -अलग समय में लोगों को लाने का कार्यक्रम बन गया है। अयोध्या में सरकार 320 करोड़ की लागत से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बना रही है। दो चरण में इसे बनाया जा रहा। पर्यटन विभाग के अनुसार एयरपोर्ट जनवरी में रामलला जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा से पहले शुरू हो जाएगा। इसी तरह अयोध्या जंक्शन रेलवे स्टेशन 230 करोड़ रुपए की लागत से 10 हजार वर्ग मीटर में नये भवन सहित बन रहा है। यह भी जनवरी के पहले सप्ताह से चालू हो जाएगा।अयोध्या धाम बस स्टेशन 9 एकड़ में 219 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। यह भी जनवरी के पहले सप्ताह तक शुरू हो जाएगा। इसके अलावा अयोध्या में 20 से ज्यादा कंपनियों को पांच सितारा होटल बनाने का लाइसेंस दिया गया है। इसमें ताज होटल समेत कई बड़े होटल समूह शामिल हैं। ताज ग्रुप का होटल निर्माण शुरू होने वाला है। विवांता, जिंजर ,रेडिसन ,ओयो ग्रुप यहां लग्जरी होटल बनाने जा रहे हैं। यहाँ पर्यटकों के लिए क्रूज भी चलाए जाएंगे। रामलला मंदिर बनने के बाद हर माह लगभग एक करोड़ पर्यटकों के आने का अनुमान है। जो एक वर्ष में 12 करोड़ हो जाएँगे। अभी तो काशी विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए एक वर्ष में लगभग 7 करोड़ पर्यटक /दर्शनार्थी आ रहे हैं।

## डुमरी विधानसभा उपचुनाव : मतगणना कल, सुबह आठ बजे से होगी वोटों की गिनती

**गिरिडीह।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में शांतिपूर्ण मतदान के बाद अब जिला प्रशासन आठ सितंबर को होने वाले मतगणना की तैयारी में जुट गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बुधवार को मतगणना को लेकर बताया कि आठ सितंबर को केंद्रीय निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप पचंबा कृषि बाजार समिति के हाल में 16 टेबल पर सुबह आठ बजे से मतों की गिनती होगी और 24 राउंड में मतगणना का काम पूरा होगा। मतगणना को लेकर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति का काम कार्मिक कोषांग द्वारा पूरा किया जा चुका है,उन्हें इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। संभावना है कि मतदान की तरह ही मतगणना का काम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगा। वहीं जिले के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा को लेकर केंद्रीय बालों के जवानों को तैनात किया गया है और आठ सितंबर को मतगणना का काम पूरा होने तक लगातार वह सुरक्षा में तैनात रहेंगे।

## हाई कोर्ट में मुख्य सचिव ने कहा, देवघर एम्स में जल्द उपलब्ध कराई जाएंगी मूलभूत सुविधाएं

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में देवघर एम्स में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य के मुख्य सचिव एवं देवघर एम्स के डायरेक्टर कोर्ट के समक्ष वर्चुअल रूप से उपस्थित हुए।

मुख्य सचिव ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि जल्द ही देवघर एम्स में सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी। कोर्ट ने मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

पूर्व की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से कहा गया था कि देवघर एम्स में सुविधा मामले में पथ निर्माण विभाग, बिजली विभाग, फायर विभाग सहित अन्य विभागों ने अलग-अलग जवाब दाखिल किया है लेकिन इन जवाबों में एम्स द्वारा उठाए गए बिंदुओं का सटीक जवाब नहीं मिल रहा है।सरकार के सक्षम अधिकारियों द्वारा देवघर एम्स को लेकर याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए समस्याओं पर स्पष्ट जवाब आना चाहिए था।

दरअसल, राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग ने मामले में शपथ पत्र दाखिल किया है। इसमें बताया गया है कि देवघर एम्स ने गेट का स्थान नहीं बताया है। इस कारण वहां के लिए अप्रोच रोड नहीं बन पा रहा है। याचिकाकर्ता ने देवघर एम्स में इलेक्ट्रिक सबस्टेशन बनने, अप्रोचिंग रोड बनने, फ्लाईओवर बनने, आवश्यकतानुसार पानी की व्यवस्था होने, फायर सेफ्टी की पर्याप्त व्यवस्था आदि की सुविधा मुहैया कराने का आग्रह राज्य सरकार से किया गया है। एम्स की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की।

### श्री श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

# श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से मंदिर की रही है सजावट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा जन्माष्टमी उत्सव की तैयारी जोर शोर से चल रही है । खाटू धाम एवं रांची हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव 7 सितम्बर को बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा । मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि संपूर्ण मंदिर परिसर की साफ सफाई का कार्य कर लिया गया है। मंदिर परिसर को भव्यता से सजाया जा रहा है । कोलकाता के 40 कारीगरों की टीम बिमल पात्रा के दिशा निर्देश में मंदिर परिसर को सजाने का कार्य कर रही हैं। दस हजार से ज्यादा विशिष्ट डच गुलाब की लाल और पीले सुगंधित फूलों की मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश सहित सभी देवी देवताओं को सजाया जाएगा। जन्माष्टमी के अवसर पर पहली बार पूरे मंदिर परिसर में विराजमान देवी देवताओं एवं खाटू नरेश को डच गुलाब का श्रृंगार किया जाएगा। इसके पहले खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान वैदिक रीति रिवाज के अनुसार मंदिर के आचार्य द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक सह मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि जन्माष्टमी का प्रसाद केसरिया पेड़ा बादाम की बर्फी धनिया की पंजरी आदि का प्रसाद मंदिर में ही निर्मित किया जाएगा। मंदिर के गर्भगृहों के बाहर सुगंधित जूही टेसू फूलों से सजावट की जाएगी । लड्डू गोपाल जी के झूले को बहुत ही सुन्दर रूप से सजाया जा रहा है जिससे देख भक्त भाव विभोर हो जायेंगे भक्त अपने कान्हा को झूले में देख कर खुद को रोक नहीं पायेंगे। लाल और पीले बैलून से पूरा मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि इस बार बाल रूप में सज धज कर आने वाले राधा कृष्ण को खाटू नरेश का विशेष प्रसाद भी उपहार स्वरूप दिया जाएगा । गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 8:00 बजे से संगीतमय भजनों का कार्यक्रम होगा। मोहिनी केडिया भजन माला प्रस्तुत करने के लिए गुरुवार को प्रातः रांची आ रही हैं। मंडल के सदस्यों एवं स्थानीय प्रसिद्ध भजन गायको द्वारा भी भजनों का गायन किया जाएगा । रात्रि जन्मोत्सव आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### श्री श्याम मन्दिर में पूरे उत्साह से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव अत्यन्त उत्साह के साथ भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया ।इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया । रंग बिरंगे बैलूनों की कलामक्तक व विद्युत की रंगीन लड़ियों से रोशनी बिखेर रही थी साथ ही इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु का मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान हनुमान जी एवम शिव परिवार का भी विषेश श्रृंगार किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियां भक्तों का मन मोह रही थी । मुख्य आकर्षण था रजत झूले पर मधुर मुस्कान के साथ विराजमान लड्डू गोपाल का दिव्य दर्शन , रजत झूले की कलात्मतक व सजावट को भक्तगण निहारकर धन्य हो रहे थे । रात्रि 8:30 बजे से ही भक्तों की अपार भीड़ मन्दिर पहुंचने शुरू गई तथा 9 बजे से श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारम्भ किया गया। बस इतनी तमन्ना है हे श्याम तुम्हें देखूं, कन्हैया बांसुरी, वाले तुम्हारी याद आती है, कन्हैया एक बर सुनादे तेरी बांसुरी, छोटी छोटी गैयां छोटे छोटे ग्वाल इत्यादि भजनों की गंगा में भक्तगण गोते लगाते रहे । इस अवसर पर लड्डू गोपाल को माखन मिश्री, केसरिया पेड़ा, नारियल बर्फी, पंजीरी, फल, मेवा, चॉकलेट, एवम कलाकंद से बना हुआ केक का भोग लगाया गया। रोहिणी नक्षत्र में रात्रि 12 बजते ही मन्दिर परिसर ढोल नगाड़े , घंटा घड़ियाल व शंख ध्वनि से गूंज उठा , भक्तगण ₹नन्द के आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की, की धुन पर झूम उठा साथ ही महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश चन्द्र सारस्वत, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, अशोक लाठ, प्रमोद बगड़िया, विकाश पाड़िया, नितेश लाखोटिया, विवेक ढांढनीयां, अमित जलान, गौरव परसरामपुरिया का सहयोग रहा।

### मुख्यमंत्री श्री कृष्ण जन्मोत्सव व दही हांडी प्रतियोगिता में हुए शामिल

# राज्य वासियों की सुख समृद्धि व उन्नति के लिए की कामना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति, रांची के द्वारा आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खराब मौसम और बारिश के बावजूद यहां उपस्थित भक्तजनों का उत्साह श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक संपन्न कराया है। मैं यहां उपस्थित सभी भक्तजनों का इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु धन्यवाद देता हूं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुझे भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिला है। आज देश और देश के बाहर भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया जा रहे है। आज के इस पावन अवसर पर राज्य के भीतर कई जगहों पर बड़ी समूहों द्वारा कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है, भगवान श्री कृष्ण के भक्तजन अपने-अपने घरों पर भी इस पर्व को काफी श्रद्धापूर्वक मना रहे हैं। यह पर्व भगवान श्री कृष्ण के प्रति अटूट विश्वास और श्रद्धा का पर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज श्री कृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर मैं राज्य एवं देशवासियों को अपनी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। आने वाले वर्षों में भी श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी कार्यक्रम और मजबूती और उत्साह के साथ हम सभी लोग मनाएंगे ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। एक बार यहां उपस्थित सभी भक्तजनों को पुनः मैं अपनी ओर से शुभकामनाएं देता हूं।
इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक अनूप सिंह विधायक राजेश कच्छप, कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग एवं भक्तजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### डेंगू, चिकनगुनिया का लगातार बढ़ रहा प्रकोप

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज्य में मच्छर जनित बीमारी डेंगू एवं चिकनगुनिया के बढ़ते प्रकोप पर राज्य सरकार की उदासीनता पर सवाल खड़ा किया है और कहा है कि जिस प्रकार से डेंगू और चिकनगुनिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है उससे स्वास्थ्य विभाग के कार्य प्रणाली का भी पता चलता है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं कि डेंगू एवं चिकनगुनिया का प्रकोप पहली बार आया है बल्कि इस बार इसका प्रकोप कुछ तेजी से बढ़ रहा है और इसको लेकर स्वास्थ्य महकमा का पूर्व में तैयारी नहीं करना तथा लोगों की जान सांसत में डालना कहीं से भी व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने कहा कि आम जनों को इसके बचाव में स्वयं आगे आना होगा क्योंकि सरकार और विभाग के भरोसे रहकर डेंगू एवं चिकनगुनिया का मुकाबला नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहां कि झारखंड में इस वर्ष अब तक डेंगू के 664 मरीज मिल चुके हैं जो काफी खतरनाक स्थिति है।

# चेहल्लुम आज तैयारी पूरी, 11 बजे दिन में अनवर आर्केड से निकलेगा मातमी जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मोहर्रम के 40 दिन बाद हजरत इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में शिया समुदाय के द्वारा चेहल्लुम का मातमी जुलूस दुनिया भर में निकाला जाता है। आज चेहल्लुम के अवसर पर मातमी जुलूस 7 सितंबर 2023 को दिन के 11:00 बजे अनवर आर्केड से निकाला जाएगा। जो मैन रोड अंजुमन प्लाजा, उर्दू लाइब्रेरी, डेली मार्केट होते हुए चर्च रोड, विक्रांत चौक, कर्बला चौक, कर्बला पहुंचकर संपन्न होगा। इस अवसर पर अनवर आर्केड में मजलिस चेहल्लुम शहीदाने कर्बला का आयोजन होगा। जिसको दिल्ली से आए मौलाना सैयद गुलाम अली नकवी संबोधित करेंगे। विशेष तौर पर पेस खानी एलिया गाजीपुर, फरहान जंगीपुरी पेश करेंगे। मर्सिया खानी और सलाम अशरफ हुसैन रिजवी, आगा जफर विक्टर करेंगे। उर्दू लाइब्रेरी के पास जुलूस को मौलाना सैयद नासिर आजमी संबोधित करेंगे। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उर्दू लाइब्रेरी टैक्सी स्टैंड के पास खूनी मातम किया जाएगा। चर्च रोड होते हुए जब जुलूस विक्रांत चौक के पास पहुंचेगा तो वहां पर विशेष तौर पर सर्वधर्म के लोग जुलूस को संबोधित करेंगे साथ ही मौलाना गुलाम अली नकवी और मौलाना बकर राजा दानिश भी संबोधित करेंगे। विक्रांत चौक पर खूनी मातम होगा। जुलूस में नोहा खानी फरहान जांगीपुरी, कासिम अली, आमिर गोपालपुरी, अली राजा, ईरानी ब्रदर्स, हसनैन रांची, जफर अब्बास काजमी नोहा खानी करेंगे। जुलूस के साथ अलम और ताबूत भी निकाला जाएगा।

# बुद्धा पब्लिक स्कूल में धूमधाम से जन्माष्टमी मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुद्धा पब्लिक स्कूल में 6 सितंबर को धूमधाम से जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया। विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चे और बच्चियों ने राधा और कृष्ण बनकर दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा और भी कई विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के निदेशक रणधीर कौशिक तथा प्राचार्य वी सुधीर राव ने बच्चों द्वारा दिखाए गए झांकी की काफी सराहना की। इस कार्यक्रम में आरती शर्मा, अनीता देवी, ज्योति देवी, विनीता देवी, निशा कुमारी, रेखा कुमारी, सुषमा सिंह, प्रतिमा देवी, खुशबू कुमारी, आशा चौधरी, सुमित्रा, गोविनदर सिंह, राहुल भाद्रा का काफी सराहनीय योगदान रहा।

### इंस्पेक्टर स्तर के पदाधिकारियों के तबादले में गड़बड़ी

# नहीं हुआ स्थानांतरण नीति के अनुरूप पुलिस एसोसिएशन ने जताया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड पुलिस में इंस्पेक्टर स्तर के पदाधिकारियों के तबादले में गड़बड़ी की शिकायत पुलिस एसोसिशन ने की है। पुलिस मुख्यालय ने जूनियर पुलिस अफसरों के तबादले के लिए चार कटैगरी बनायी है। ए, बी, सी और डी कटैगरी में जिलों व पुलिस ईकाईयों को रखा गया है। 30 अगस्त को केंद्रीय चयन पर्षद की बैठक के बाद 12 इंस्पेक्टरों का तबादला एसीबी में किया गया था। एसीबी में जिन पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया था, उनकी तैनाती विशेष शाखा, जेएपीटीसी पदमा, पुलिस अकादमी हजारीबाग व रेल जमशेदपुर में रही है। ये पुलिस ईकाईयां सी कटैगरी में आती हैं। जबकि एसीबी भी सी ही कटैगरी में है। नियम के मुताबिक, ए या बी कटैगरी के जिलों से सी या डी कटैगरी के जिलों में तबादला होता है। वहीं सी या डी कटैगरी के जिलों में तैनात रहे अफसरों को ए या बी कटैगरी के जिलों में पदस्थापित किया जाता है। पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री अक्षय राम ने लिखा है कि तबादले पर पुनर्विचार किया जाए। साथ ही एसीबी में यदि पुलिस पदाधिकारियों की पोस्टिंग करनी है तो ए या बी कटैगरी के जिलों में पोस्टेड अधिकारियों को मौका दिया जाए। सी कटैगरी से सी कटैगरी में पोस्टिंग देने से पुलिस कर्मियों के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

**पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों में तीन साल काम करने के बाद इच्छित जिले में होती है पोस्टिंग**

पुलिस मुख्यालय को लिखे पत्र में एसोसिएशन ने पुलिस हस्तक अधिनियम का हवाला दिया है। नियम है कि तीन साल या उससे अधिक अवधि तक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में तैनाती के बाद इंस्पेक्टर या उससे नीचे के रैंक के अफसरों को इच्छित जिले में तैनात किया जाता है। लेकिन पुलिस मुख्यालय ने ऐसा नहीं कर सभी को एसीबी में तैनात कर दिया। वहीं नियम के मुताबिक, किसी भी श्रेणी मे चार साल से किसी पुलिसकर्मी का पदस्थापन नहीं होगा। साथ ही डी कटैगरी में चार साल पूरा करने पर संबंधित पुलिसकर्मी की प्राथमिकता ए कटैगरी में पोस्टिंग की होती है।

**यू समझिए जिलों व पुलिस ईकाईयों की कटैगरी**

ए - बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, धनबाद, जमशेदपुर, रांची व सीबीआई रांची में प्रतिनियुक्ति
बी- कोडरमा, देवघर, सरायकेला, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, एटीएस, जेपीए, टीटीएस,, पुलिस मुख्यालय
सी- चतरा, गिरिडीह, सीआईडी, विशेष शाखा, एसीबी, आईटीएस, एसआईबी व रेल पुलिस
डी- पलामू, गढ़वा, लातेहार, गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, चाईबासा, खूंटी, जगुआर, जेएपीटीसी पदमा, जंगलवार फेयर स्कूल नेतरहाट।

### आदिवासी महिला लाभार्थियों को सुकर जोड़े का किया गया वितरण

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा संकाय में संचालित आईसीएआर-फूट एंड माउथ डिजीज (एफएमडी) नेटवर्क यूनिट के सौजन्य से रांची जिले के नामकुम प्रखंड के रुडुंग कोचा गांव में सूकर वितरण कार्यक्रम चलाया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डीन वेटनरी एवं निदेशक प्रशासन डॉ. सुशील प्रसाद द्वारा गांव की 10 आदिवासी महिला लाभार्थियों को उन्नत प्रजाति के 10 जोड़े सूकर वितरित किया गया। डॉ. सुशील प्रसाद ने प्राप्तकर्त्ता को बताया कि सूकर पालन प्रबंधन में सूकरों के भोजन, स्वास्थ्य, बीमारी की रोकथाम और विपणन का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है, तभी यह लाभदायक उद्यम बनेगा। डीन पीजी एवं परियोजना अन्वेंषक (एफएमडी नेटवर्क यूनिट) डॉ एमके गुप्ता ने किसानों से सूकरों को सर्वोत्तम संभव तरीके से पालने के लिए जोर दिया, ताकि किसान अपनी कमाई बढ़ा सकें, क्योंकि सूकर पालन से किसानों को उत्कृष्ट लाभ मिलता है।

# रांची टाइल्स एसोसिएशन के कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हाजी चौक रिंग रोड सिमलिया में रांची टाइल्स एसोसिएशन के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। मौके पर संगठन के अध्यक्ष राहुल कुमार शर्मा ने कहा कि दो माह पूर्व रांची में टाइल्स का होलसेल का कारोबार करने वाले व्यवसाईयों को एक छत के नीचे लाने का प्रयास किया गया है। इसके लिए रांची टाइल्स एसोसिएशन का गठन किया गया है। एसोसिएशन में अभी 18 सदस्य है। आने वाले समय में अन्य लोगों को भी एसोसिएशन से जोड़ा जाएगा। इस एसोसिएशन का गठन करने का उद्देश्य है कि सदस्यों की समस्याओं का निदान मिलकर लिए जाए। टाइल्स की कीमत और इसकी गुणवत्ता के मामले में ग्राहकों को सुविधा मिले। न एसोसिएशन में अध्यक्ष राहुल कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष तुसार पटेल, सचिव चेतन पटेल, कोषाध्यक्ष जिगर पटेल, विनय अग्रवाल, सोहित अग्रवाल, भावेश पटेल, राकेश पटेल, विजय पटेल, जयदीप पटेल, रितेश पटेल, राकेश रोशन, मितेश पटेल, सागर पटेल, धुर्व पटेल, मनसुख पटेल, रजनी पटेल, संजय कुमार शामिल है। उद्घाटन समारोह में राकेश चौधरी, प्रमोद अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, धनंजय अग्रवाल, साईं मनीष, सुभाष अग्रवाल, बिट्टू अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।


## जिला पशुपालन कार्यालय, राँची

**आवश्यक सूचना**

राँची जिलान्तर्गत वैसे सभी 'पेट शॉप' एवं 'डॉग ब्रीडिंग सेंटर' जो राज्य जीव–जन्तु कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, राँची से बिना निबंधन कराए अपनी संस्था का संचालन कर रहे हैं या वैसे संस्थान जो पूर्व से निबंधित थे एवं वर्त्तमान में बिना नवीनीकरण के ही संस्था का संचालन कर रहे हैं, वे विज्ञापन प्रकाशित होने के एक माह के अन्दर अपनी संस्था का पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु आवेदन राज्य जीव–जन्तु कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, हेसाग, राँची में जमा करें। अन्यथा नियमानुसार पशु क्रूरता निवारण अधिनियम तद्विषयक नियम के विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जाएगी।
**नोट :– विशेष जानकारी के लिए मो० नं० – 9431169779 या 18003097711 पर संपर्क करें।**

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
–सह–सदस्य सचिव
पशु क्रूरता निवारण समिति, राँची

PR 306344 (Animal Husbandry) 23-24 (D)



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–38 / 2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 21.09.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 22.09.2023 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.09.2023 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू.) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू.) | अग्रधन की राशि (रू.) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-2528 (Ground Floor) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,88,400.00 | 750.00 | 8,000.00 | One Month |
| 2 | Renovation of "C" Type Qtr. No.-189 at Hinoo, Ranchi | 6,62,300.00 | 1250.00 | 14,000.00 | Two Months |
| 3 | Repair of "A" Type Qtr. No.-261 (G. Fl.) in Sect0r-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2,78,900.00 | 750.00 | 6000.00 | One Month |
| 4 | Repair of "AN" Type Qtr. No.-295 (G. Fl) in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,00,000.00 | 750.00 | 6000.00 | One Month |
| 5 | Construction of Septic Tank, Paver Block & APP Work at Executive Engineer Office PHED Yantric Division, HEC, Dhurwa, Ranchi | 7,00,900.00 | 1250.00 | 14,100.00 | Two Months |
| 6 | Renovation of Parking Shed and Toilet , Bathroom for "E" Type Qtr.No.278 in Sector-2 Dhurwa,Ranchi (Jharkhand) | 8,61,700.00 | 1250.00 | 18,000.00 | Two Months |
| 7 | Renovation of B Type Qtr. No.-1720 (F.F) at Sector-2, HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,99,700.00 | 750.00 | 8000.00 | One Month |
| 8 | E/R of F Type Qtr. No.-6 in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 7,32,000.00 | 1250.00 | 15,000.00 | Two Months |
| 9 | Renovation of "A" Type Qtr. No.-259 in Sector-4 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2,97,500.00 | 750.00 | 6000.00 | One Month |
| 10 | Renovation of Main Building, Construction of Septic Tank, Soak Pit, Boundary Wall and Miscellaneous Work of Servant Qtr. In the Campus of 'F' Type Qtr. No.-19 in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 16,40,500.00 | 5000.00 | 33000.00 | Three Months |
| 11 | Renovation of 'AN' Type Qtr. No.-304 (G.Fl.) at Sector-3, HEC, Dhurwa, Ranchi | 2,96,400.00 | 750.00 | 6000.00 | One Month |
| 12 | Renovation of "A" Type Qtr. No.-155 (G.Fl.) at Sector-4, HEC, Dhurwa, Ranchi | 2,99,200.00 | 750.00 | 6000.00 | One Month |
| 13 | Renovation of Waqf Bioard Office Room No.-155, 158, 159, 160, 161 Ground Floor at Engineering Hostel, Dhurwa, Ranchi | 3,66,700.00 | 750.00 | 8000.00 | One Month |
| 14 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-1110 (2nd Floor) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,66,200.00 | 750.00 | 8000.00 | One Month |
| 15 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-145 (Ground Floor) in Sector-1 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,80,700.00 | 750.00 | 8000.00 | One Month |
| 16 | Renovation of "CD" Type Qtr. No.-808 in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 4,96,800.00 | 750.00 | 10,000,00 | One Month |
| 17 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-1219 (G.Fl.) in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,99,500.00 | 750.00 | 8000.00 | One Month |
| 18 | Renovation of B Type Qtr. No.-252 (S.F) at Sector-3, HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,98,800.00 | 750.00 | 8000.00 | One Month |
| 19 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-1733 (S.Fl.) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,99,700.00 | 750.00 | 8000.00 | One Month |
| 20 | Renovation of Office of State Disable Commissioner Room No.-132, 133, 134, 135 and Disable Help Centre at Engineering Hostel No.-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 7,75,800.00 | 1250.00 | 16,000.00 | Two Months |
| 21 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-2275 (Ground Floor) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,97,900.00 | 750.00 | 8,000.00 | One Month |
| 22 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-1874 (Ground Floor) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,92,700.00 | 750.00 | 8,000.00 | One Month |
| 23 | E/R to Room No.-201, 202, 203, 204 & 205 (Department of Industries) at 2nd Floor of JSBCCL Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 6,07,400.00 | 1250.00 | 12500.00 | Two Months |
| 24 | Renovation of Room No.-114 (Finance Department) at 1st Floor, Room No.-223 & 224 (Road Construction Department) at 2nd Floor of Project Building and Supply of Different Materials at Hon'ble CM Cell at HEC, Dhurwa, Ranchi | 8,51,000.00 | 1250.00 | 18,000.00 | Two Months |
| 25 | Renovation of C-Type Quarter No.-2/24 at Sachiwalay Colony at Hinoo, Ranchi | 5,69,500.00 | 1250.00 | 12,000.00 | Two Months |
| 26 | Construction of Structural Platform for Shifting of Air Handling Unit (A.H.U) of A.C for Hon'ble C.M Chamber, Anteroom, Cabinet Room and Old Meeting Hall to Back Side of Project Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 23,60,100.00 | 5000.00 | 48,000.00 | Four Months |
| 27 | Aluminium partition work at Ultrasound room, Repair of false ceiling,Changing of damage granite tiles main corridor, repairing of aluminium doors and painting of ground floor area including main corridor on the occasion of visit of Hon'ble chief minister of Jharkhand at CT scan block of Radiology, Department of RIMS,Ranchi for the year 2023-24 | 8,20,500.00 | 1250.00 | 16,500 | Two Months |
| 28 | Construction of Boundary wall near BSC Nursing Hostel of RIMS Ranchi for the year 2023-24 | 99,500.00 | 500.00 | 2000.00 | One Month |
| 29 | Construction of Boundary Wall (North Side) Back Side Ladies Police Barrack in the Campus of Project Bhawan at H.E.C. Dhurwa, Ranchi | 13,59,500.00 | 2500.00 | 27,500.00 | Three Months |
| 30 | Renovation of Room No- 08,09, (Department of Cabinet Secretariat and Vigilance) & 10 (Department of Information Technology and e- Governance) at Ground Floor of Conference Building at HEC, Dhurwa,Ranchi | 6,15,300.00 | 1250.00 | 12,500.00 | Two Months |
| 31 | Renovation of Existing Hatchery Staff Room, overhead Tank in The Campus of Doranda Fishery Farm Ranchi(Jharkhand) | 23,08,400.00 | 5000.00 | 46,500.00 | Four Months |

नोट :निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 306302 Building(23-24)D

## राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक

**रांची।** उपायुक्त की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जलवायु परिवर्तन के कारण मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभावों के संबंध में चर्चा की गई। कार्यक्रम के तहत सामान्य जागरुकता बढ़ाने, स्वास्थ्य पेशेवरों और समुदायों का क्षमता निर्माण, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के कार्यान्वयन, जलवायु संवेदनशील रोगों की निगरानी और उपाय आदि पर ध्यान केंद्रित करने वाली विभिन्न गतिविधियां की जाती हैं। बैठक में जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव व इसके उन्मूलन के लिए विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। इसमें विभिन्न विभागों की सहभागिता और आपसी समन्वय से कार्य करने पर चर्चा करते हुए जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य को लेकर कई निर्देश दिए गए।

# हेमंत सोरेन सरकार से विकास की उम्मीद बेमानी : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/गिरिडीह**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को सरिया में बगोदर विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रष्ट, निकम्मी विकास विरोधी सरकार से झारखंड के विकास की उम्मीद बेमानी है। उन्होंने कहा कि राज्य में 10 हजार करोड़ के घोटाले उजागर हुए हैं। लोहा, कोयला, पत्थर की लूट हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में गरीबों, आदिवासियों की जमीन को मुख्यमंत्री और उनके परिवार ने नाम बदल बदल कर लूटा है। लूट की जांच ईडी, सीबीआई कर रही है। कई बड़े ऑफिसर गिरफ्तार हो चुके हैं लेकिन मुख्यमंत्री ईडी के दफ्तर जाने से घबरा रहे। सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगा रहे मुझे बचाइए लेकिन ये मोदी सरकार है, जिसने लाल किले से न खाएंगे न खाने देंगे की कसम खाई है। मुख्यमंत्री कहीं दौड़ लगा लें बचेंगे नहीं। मरांडी ने कहा कि किसी भी ऑफिस में आज बिना पैसे का कोई काम नहीं होता। मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी पैसे देने पड़ते हैं। राशन कार्ड में बहु का नाम भी बिना पैसे का नही चढ़ता। छोटे काम के लिए भी हजारों में घूस देने पड़ रहे। हेमंत सरकार सड़कों का मरम्मत भी नहीं करवा रही। विद्यालयों में शिक्षक नहीं, अस्पतालों में डॉक्टर्स नहीं, दवाई नहीं, गरीबों को एंबुलेंस नहीं। हेमंत सरकार केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए अनाज को भी लूटवा रही। उन्होंने कहा कि झारखंड भाजपा सरकार की देन है। अटल बिहारी वाजपेयी ने राज्य को बनाया। उनकी सरकार ने राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव-गांव तक सड़कें पहुंचाई। सर्व शिक्षा अभियान से गांव के युवक युवतियों को पारा शिक्षक नियुक्त किया। पुल-पुलियों का जाल बिछाया। पिछले 9 वर्षों से मोदी सरकार ने झारखंड में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए। पांच मेडिकल कॉलेज, देवघर में एम्स, हवाई अड्डा, बड़े-बड़े हाईवे का निर्माण कराया। मरांडी ने 2024 में केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा को जिताने और राज्य में भी भाजपा की मजबूत सरकार बनाने के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया।

## आदिवासी आर्थिक वैकल्पिक अर्थव्यवस्था पर आज से तीन दिवसीय सेमिनार

**रांची।** आदिवासी दिवस के क्रम में तीन दिवसीय आदिवासी आर्थिक वैकल्पिक अर्थव्यवस्था की परिकल्पना विषय पर सेमिनार 7 से 9 सितंबर तक होगी। इसका आयोजन डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में होगा। यह जानकारी बुधवार को हुई प्रेसवार्ता में संस्थान के निदेशक रणेंद्र कुमार ने दी। इस सेमिनार में देश भर से अर्थशास्त्री शामिल होंगे। पहले दिन उद्घाटन सत्र में दिल्ली से डॉ जया मेहता, विनोवा भावे यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर डॉ रमेश शरण शामिल होंगे। सेमिनार के पहले सत्र में जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर डॉ अरुण कुमार, पुणे से अशोक कोठारी, डॉ संजय बसु मल्लिक, कोलकाता से डॉ राजेश भट्टाचार्य सहित कई जाने माने अर्थशास्त्री शामिल होंगे। सेमिनार नौ सितंबर तक सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक चलेगा।

# झारखंड के हर जिले में पदयात्रा निकालेंगे कांग्रेसी कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा का गुरुवार को एक वर्ष पूरे होने वाले हैं। पिछले साल 2022 में 7 सितंबर के दिन राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की थी। इस यात्रा की पहली वर्षगांठ को लेकर झारखंड कांग्रेस के नेता खासे उत्साहित हैं। इस दिन को पूरे धूमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत रांची में शहीद स्मारक से धरती आबा बिरसा मुंडा समाधि स्थल तक पदयात्रा निकाली जाएगी। इस पदयात्रा में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम भी शामिल होंगे।

**कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई बैठकः** भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ के कार्यक्रम की तैयारियों के लिए महानगर रांची की ओर से प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बैठक अयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक दीपिका पांडेय सिंह सहित कई नेता शामिल हुए।

**जगह-जगह होगा भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजनः** कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि देश में नफरत का माहौल बनाने की जो कोशिश कुछ लोगों के खिलाफ की जा रही है। उसके खिलाफ राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा कर यह संदेश दिया कि प्रेम और भाईचारे के राह पर चलकर ही देश प्रगति कर सकता है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को राज्यभर में भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली जाएगी। सभी जिलों में जिलाध्यक्षों, विधायक और मंत्रियों को इसके आयोजन की जिम्मेवारी दी गयी है।

**प्रदेश प्रभारी भी लेंगे पदयात्रा में हिस्साः** आलमगीर आलम ने कहा कि रांची में आयोजित होने वाली पदयात्रा में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय भी भाग लेंगे।

## झारखंड में डेंगू और चिकनगुनिया का कहर

# मांग के मुताबिक नहीं मिल रहे प्लेटलेट्स, बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




झारखंड में डेंगू और चिकनगुनिया कहर बरपा रहा है। पूरे राज्य में इस साल अब तक डेंगू के 584 और चिकनगुनिया के 223 मरीज चिन्हित किए गए हैं। एक दर्जन से ज्यादा जिले डेंगू और कम से कम 10 जिले चिकनगुनिया की चपेट में हैं।

**जमशेदपुर में डेंगू मरीजों की संख्या अधिकः** जमशेदपुर में डेंगू के मरीजों की संख्या सर्वाधिक 475 है, जबकि रांची दूसरे स्थान पर है। यहां एक मरीज की मौत हो चुकी है। रांची में डेंगू के 56 और चिकनगुनिया के 72 मरीज चिन्हित किए गए हैं। यह आंकड़ा मैक एलाइजा टेस्ट का है। इनमें से 75 से 80 मरीज ऐसे हैं जिनकी एंटीजन टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। इलाज करा रहे मरीजों के लिए प्लेटलेट्स की कमी हो गई है। रांची के रातू रोड, बरियातू, इंद्रपुरी, कुम्हार टोली, मधुकम, चुटिया और वर्द्धमान कंपाउंड में डेंगू के कई ऐसे मरीज हैं, जो घर में ही इलाज करा रहे हैं।

**रिम्स में 77 डेंगू पीड़ित मरीजों का चल रहा इलाजः** वहीं स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार रांची में जनवरी से अगस्त तक 786 लोगों की डेंगू और चिकनगुनिया की जांच की गई है। वहीं, दो ऐसे मरीज हैं जिन्हें डेंगू और चिकनगुनिया दोनों हैं। रिम्स में 77 डेंगू पीड़ितों का इलाज चल रहा है। सरकारी के साथ-साथ निजी लैब में हो रही जांच में डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं।

**रांची में प्लेटलेट्स की बढ़ी मांगः** राज्य के वेक्टर बोर्न डिजीज के एसपीओ डॉ बीके सिंह ने बताया कि झारखंड में डेंगू के सबसे अधिक मरीज पूर्वी सिंहभूम में हैं। डेंगू और चिकगुनिया के बढ़ते मामले को देखते हुए राजधानी रांची में प्लेटलेट्स की मांग भी बढ़ गई है। हर दिन लगभग 10 यूनिट प्लेटलेट्स की जरूरत रांची में है।

**18 ब्लड बैंकों में से 11 में प्लेटलेट्स नहींः** आंकड़ों के मुताबिक जुलाई में जहां प्लेटलेट्स की जरूरत 96 यूनिट थी, वह अगस्त से लेकर अब तक 252 यूनिट हो गई है। रांची के 18 ब्लड बैंकों में 11 में एक यूनिट भी प्लेटलेट्स उपलब्ध नहीं हैं। वहीं सात निजी ब्लड बैंकों में 66 यूनिट प्लेटलेट्स उपलब्ध हैं। हालांकि यहां भी समय पर प्लेटलेट्स मिल जाएगा, इसकी गारंटी नहीं है।

**हर दिन रिम्स में पहुंच रहे 120 से अधिक डेंगू के मरीजः** इस संबंध में रिम्स के फिजिशियन डॉ सीबी शर्मा ने बताया कि रिम्स की ओपीडी में हर दिन 120 से ज्यादा मरीज डेंगू या इसके समान लक्षण लेकर पहुंच रहे हैं। जांच लिखने पर भी जांच कराने से कतराते हैं। 2-3 दिन में रिपोर्ट के साथ रिव्यू के लिए बुलाने पर भी नहीं आते हैं। ओपीडी में ऐसे रोगी भी पहुंच रहे हैं, जिन्हें सात दिन से अधिक समय से बुखार है। वहीं, यहां भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है।

**रांची के अस्पतालों में की मरीजों के लिए अलग व्यवस्थाः** मच्छर जनित बीमारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राजधानी रांची के सरकारी अस्पतालों में विशेष व्यवस्था की गई है। रिम्स और सदर अस्पताल में डेंगू पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। रिम्स में जहां 50 बेड की व्यवस्था है, वहीं सदर अस्पताल में 36 बेड की व्यवस्था की गई है।

## आरपीएल के प्लेयर्स रजिस्ट्रेशन के लिए ऐप लांच

**रांची।** रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक रांची प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन में प्लेयर्स के रजिस्ट्रेशन को लेकर में बुधवार को ऐप लांच किया गया। पहले दिन 200 से अधिक प्लेयर्स ने अपना नाम रजिस्टर्ड करवाया। रांची प्रीमियर लीग को लेकर झारखंड और रांची में कैनवास बॉल के प्लेयर्स के बीच उत्साह देखा जा रहा है। वो खुश हैं, क्योंकि उनको इतना अच्छा प्लेटफार्म मिल रहा है। प्लेयर्स को आईपीएल के तर्ज पर रांची में खेलने का मौका मिल रहा, जहां उनके नाम का ऑक्शन होगा और वह अलग-अलग टीम का हिस्सा बन सकेंगे। प्लेयर्स को एक सप्ताह के अंदर ऐप के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

# धुर्वा में सात को दही हांडी मटका फोड़ प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्रीकृष्ण विकास परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने कहा कि सात सितम्बर को धुर्वा नर्सरी पार्क कुरुक्षेत्र मैदान में आयोजित दही हांडी मटका फोड़ प्रतियोगिता और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यादव ने बुधवार को बताया कि दही हांडी मटका फोड़ प्रतियोगिता का अधिकतम ऊंचाई 25 फीट होगा। उन्होंने बताया कि धुर्वा में पहली बार दही हांडी प्रतियोगिता कार्यक्रम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु होगा। इसमें मथुरा वृंदावन और द्वारिका के तीन टीमें भाग लेंगी। सभी ग्रुप में 12-12 युवा गोविंदाओं की टोली रहेगी। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता टीम के सभी गोविंदाओं को धन सामग्री पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। दही हांडी प्रतियोगिता के बाद आठ बजे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पूजा के अवसर पर रामायण मंडली की ओर से कीर्तन भजन किया जाएगा तथा रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद पूजा स्थल पर आरती मंगल किया जाएगा।

## झारखंड में बिजली संकट पर राजनीति तेज

# सत्ताधारी नेताओं ने केन्द्र सरकार को कोसा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड में पिछले कई दिनों से गंभीर बिजली संकट व्याप्त है। राज्य के दूरदराज के जिलों की बात छोड़िए, राजधानी रांची के अलग-अलग इलाकों में लोड शेडिंग की जा रही है। यहां तक की कई इलाकों में तो आधी रात में भी घंटों बिजली ना रहना आम हो गया है। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री और ऊर्जा विभाग के प्रभारी मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य में बिजली संकट के लिए केंद्र की सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय पूल से हमें पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। मांग के अनुपात में 500-600 मेगावाट कम बिजली आपूर्ति की वजह से लोड शेडिंग की जा रही है। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि उनकी सरकार को केंद्र सरकार के भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। वहीं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने राज्य के लोगों को निर्बाध बिजली देने में सरकार को अक्षम बताया। उन्होंने कहा कि क्या 2019 में ये लोग भाजपा के भरोसे बड़े-बड़े दावे कर राज्य की सत्ता में आये थे।

**राज्य में 500-600 मेगावाट कम बिजली की आपूर्तिः** राज्य में औसतन 2700 मेगावाट बिजली की जरूरत होती है। लेकिन इन दिनों कुल मिलाकर 2100-2200 मेगावाट बिजली की ही उपलब्धता संभव हो पा रही है। ऐसे में बिजली की मांग और आपूर्ति में अंतर की वजह से लोड शेडिंग की जा रही है। राजधानी के साथ-साथ अन्य जिलों में भी निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

## बड़ा तालाब से नई मशीन के जरिए गाद हटाने का काम शुरू हुआ

रांची। रांची नगर निगम की ओर से अब तालाब, नदी और जलाशयों से गाद हटाने का काम मशीन के जरिए होगा। निगम प्रशासक अमित कुमार ने बुधवार को बड़ा तालाब में नए एम्फीबियस एक्सकेवेटर मशीन को हरी झंडी दिखाकर गाद हटाने का काम शुरू कराया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि निगम की ओर से यह पहली मशीन खरीदी गई है। जिसके जरिए जरूरत होने पर तालाब, जलाशय और नदियों से गाद सुगमता से हटाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि करीब 3.15 करोड़ रुपए की लागत वाले आधुनिक एक्सकेवेटर में कई खासियत हैं।


## सलाह बीएयू में दो सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# किसान प्रकृतिक खेती के स्थान दें : डॉ. सुशील

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



बीएयू में आईसीएआर-राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (नाहेप) के सौजन्य से प्राकृतिक खेती की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाएं विषय पर दो सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि डीन वेटनरी एवं निदेशक प्रशासन डॉ. सुशील प्रसाद ने किया। अपने संबोधन में डॉ. प्रसाद ने वर्तमान कृषि परिवेश में प्राकृतिक खेती के फायदे और नुकसान के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्राकृतिक खेती की विभिन्न प्रायोगिक स्थलों पर इसकी प्रथाओं का अच्छी तरह से परीक्षण करने की आवश्यकता पर जोर दिया। मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने कृषि प्रदूषकों के बारे में बात करते हुए वर्तमान कृषि प्रथा में उच्च उपज वाली फसल किस्मों की पोषण संबंधी जरुरत को पूरा करने और बढ़ती आबादी की भोजन की आवश्यकताओं को पूरा करने में प्राकृतिक खेती प्रथाओं की व्यवहार्यता पर भी सवाल उठाए। अपने संबोधन में डीन पीजी डॉ. एमके गुप्ता ने वर्तमान समय की मांग को देखते हुए केवल 10-15 प्रतिशत खेती योग्य भूमि क्षेत्र को प्राकृतिक खेतों में परिवर्तित करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के विषय का प्रवर्तन करते हुए डीएसडब्लू एवं विश्वविद्यालय प्राध्यापक (मृदा विज्ञान) डॉ. बीके अग्रवाल ने प्राकृतिक खेती की आवश्यकता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला। जैविक खेती और प्राकृतिक खेती के स्वरूप और दोनों के बीच अंतर के बारे में बताया। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर प्रधान अन्वेषक (नाहेप) एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशक डॉ. एमएस मल्लिक ने प्रशिक्षण में भाग ले रहे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग और बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के प्रतिभागियों का स्वागत किया और प्रशिक्षण कार्यक्रम में चर्चा किए जाने वाले विषयों से अवगत कराया। बीएयू परिसर स्थित कृषक भवन में आयोजित यह कार्यक्रम 16 सितंबर 2023 तक चलेगी। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद मृदा वैज्ञानिक डॉ. पी महापात्रा ने दी।



# बंशीधर मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम शुरू

## चार दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन मना ध्वजारोहण कार्यक्रम



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** पालगंज स्थित श्री बंशीधर मंदिर में 6 सितंबर को चार दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के दूसरे दिन वंशरोपण ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बता दें कि श्री बंशीधर मंदिर में पिछले 650 सालों से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव होते आ रहा है. बुधवार के सुबह मंदिर की साफ-सफाई कर ठाकुर जी का षोडशोपचार पूजन किया गया. इस क्रम में भगवान का भव्य शृंगार कर आरती उतारी गई. इसके पहले बीती रात पंडित शरत भक्त के मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापन कराकर पंचदेव पूजन, नवग्रह पूजन, षोडश मातृका पूजन व प्रधान देव श्री बंशीधर जी महाराज का पूजन संपन्न कराया. ध्वजा रोपण के साथ ही 72 घंटे का अखंड कीर्तन भजन प्रारंभ हो गया. कार्यक्रम में सेकड़ों लोग मौजूद रहे. पूजन में महंत शिशिर भक्त, निकुंज केतन भक्त, चरित्र केतन भक्त, पवन मंदिलवार, धीरज राम, ग्रीष्म भक्त आदि की सक्रिय भूमिका रही.

## पद्मावती जैन शिशु मंदिर में जन्माष्टमी पर्व पर कई प्रतियोगिता आयोजित



**चाईबासा।** पद्मावती जैन सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा पंचम से दशम तक के बच्चों के बीच बाल गोपाल की मूर्ति, मटका और झूला बनाने की प्रतियोगिता रखी गई. इसमें सभी भैया बहन ने भाग लेकर अपने कला प्रदर्शन किया. सभी भैया बहन ने एक से बढ़कर एक बाल गोपाल की मूर्ति, मटका और झूला बनाया. विद्यालय के प्रधानाचार्या गुरु मां सीमा पालित ने सभी प्रतिभागी बच्चों को साधुवाद दिया. कृष्ण मूर्ति प्रतियोगिता में प्रियंका विजेता, उप विजेता सृष्टि ठाकुर. कलश बनाने की प्रतियोगिता मेंआराध्या ठाकुर विजेता, उप विजेता आयुश यादव हुए. कृष्ण झूला बनाने की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मनीषा पोद्दार , प्रीति बोबोंगा, जाशबीन लागुरी रही. उप विजेता सम्प्रीति पालित, मालती लागुरी हुई. गुरु मां ने सभी विजेता और उपविजेता को साधुवाद दिया.

## पद्मावती जैन शिशु मंदिर में जन्माष्टमी पर्व पर कई प्रतियोगिता

**चाईबासा।** पद्मावती जैन सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा पंचम से दशम तक के बच्चों के बीच बाल गोपाल की मूर्ति, मटका और झूला बनाने की प्रतियोगिता रखी गई. इसमें सभी भैया बहन ने भाग लेकर अपने कला प्रदर्शन किया. सभी भैया बहन ने एक से बढ़कर एक बाल गोपाल की मूर्ति, मटका और झूला बनाया. विद्यालय के प्रधानाचार्या गुरु मां सीमा पालित ने सभी प्रतिभागी बच्चों को साधुवाद दिया. कृष्ण मूर्ति प्रतियोगिता में प्रियंका विजेता, उप विजेता सृष्टि ठाकुर. कलश बनाने की प्रतियोगिता मेंआराध्या ठाकुर विजेता, उप विजेता आयुश यादव हुए. कृष्ण झूला बनाने की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मनीषा पोद्दार , प्रीति बोबोंगा, जाशबीन लागुरी रही. उप विजेता सम्प्रीति पालित, मालती लागुरी हुई. गुरु मां ने सभी विजेता और उपविजेता को साधुवाद दिया.

## एसएसवीएम स्कूल में हुई श्रीकृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता



**गिरिडीह।** शहर के बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में 6 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर श्रीकृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिन्हा व प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया. मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि कान्हा का मनमोहक स्वरूप और अद्भुत छवि हर किसी की बरबस लुभाती है. बच्चों में किसी ने राधा का रूप धारण किया तो किसी ने कृष्ण का रूप धारण कर लोगों को आकर्षित किया. इस अवसर पर प्राथमिक खंड के कुल 103 बच्चे भगवान श्री कृष्णा व माता राधा रानी की वेशभूषा में आए थे. प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवांशी कपिस्वे, द्वितीय समायरा सिंह व तृतीय ईशान कुमार ने प्राप्त किया. सभी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य ने पुरस्कृत किया. कार्यक्रम में प्रमुख अनिता मिश्रा, बेबी सरकार, कल्पना कुमारी, मौटुसी दाँ, मोनालिसा, प्रिया विशाखा, नम्रता गुप्ता, राजेश नंदन, राजेंद्र लाल बरनवाल का योगदान रहा.

## संस्कार ज्ञानपीठ में राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन



**धनबाद।** संस्कार ज्ञानपीठ पीयूष विहार हरिना में बुधवार 6 सितंबर को राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बच्चो ने श्रीकृष्ण और राधा के परिधान में सज धज कर प्रतियोगिता में भाग लिया. साथ ही भक्तिमय धुनों पर नृत्य प्रस्तुत किया. मौके पर बच्चों ने श्री कृष्ण के नटखट स्वभाव का मंचन किया. बाल वाटिका वर्ग में प्रथम रेयांश, द्वितीय अयांश राज और तृतीय स्थान पर दीपांश कुमार रहे. प्राथमिक वर्ग में आर्या चौहान, सेजल कुमारी और तन्नु कुमारी क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय रहीं. निर्णायक की भूमिका में रानी सिंह, शिल्पा राय और संगीता चौहान थे. ईनाक्षी और रौनक सिंह का राधा कृष्ण का युगल प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा. सफल प्रतिभागियों को निदेशक (प्रबंधन) नीरजा राय और प्रचार्या रेशमी कुमारी ने पुरस्कृत किया. सभी प्रतिभागियों को ज्ञानपीठ के निदेशक डॉ.मुकेश कुमार राय ने बधाई दी. कार्यक्रम को सफल बनाने में एकता जायसवाल, गायत्री चौहान, रुचि रानी, प्रियंका कुमारी, मोमी सरकार एवं राहुल सिंह का सराहनीय योगदान रहा.

## बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन

**गिरिडीह।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया. इसमें नर्सरी से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया. नन्हे-मुन्ने बच्चे नटखट कृष्ण व बच्चियां राधा रानी की मनमोहक भूमिका में नजर आई. राधा-कृष्ण के साथ-साथ वासुदेव, देवकी, नंदबाबा, यशोदा, गोपियां, ग्वाल बाल, की वेषभूषा में छात्रों ने सबको मोहित ही नहीं किया बल्कि श्री कृष्ण के जीवन के विभिन्न प्रसंगों जैसे कारागार, कान्हा की अठखेलियां, ब्रज की होली, रासलीला, सुदामा मिलन, माखन चोरी का मनमोहक प्रदर्शन किया. प्रातः प्रार्थना स्थल पर खुशी, इशार परवीन व कीर्ति कुमारी ने मधुराष्टकम् की सुंदर प्रस्तुति दी. क्षेत्रीय निदेशक सह प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन-एच डॉ पी हाजरा ने अभिभावकों, छात्रों, शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चे अपनी संस्कृति



से जुड़े रहते हैं और उनके आदर्शों पर चलकर एक बेहतर नागरिक बनकर समाज का उत्थान करते हैं. कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिभावकों शिक्षकों व छात्रों का योगदान रहा.

## पेयजल विभाग के गोदाम से 25 पीस चापानल के हेड चोरी, 2 धराए

**बोकारो।** चास के आईटीआई मोड़ स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के गोदाम से 5 सितंबर की रात चोरों ने 25 पीस चापानल के हेड की चोरी हो गई थी. चापानल हेड वाहन पर लादकर चोर भाग निकले थे. इधर, चास थाना पुलिस ने चोरी में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार करते हुए चोरी का सामान और उपयोग में लाया गया वाहन को जब्त कर लिया. चास थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि घटना के बाद पुलिस की टीम चोरों की तलाश में लग गई थी. सूचना मिलते ही पुलिस गश्ती टीम ने चोरों के वाहन का पीछा किया और आईटीआई मोड़ फोर लेन सड़क पर घेराबंदी कर दो युवकों को पकड़ लिया. तीन बदमाश अंधेरे का लाभ लेकर भाग निकले. पकड़ा गया रंजन कुमार पंडित सेक्टर-6 झोपड़ी का रहने वाला है, जबकि बिट्टू कुमार चास के राणा प्रताप कॉलोनी का रहने वाला है. पुलिस ने बुधवार को दोनों को जेल भेज दिया. वहीं, फरार मिन्नी कुमार, आकाश कुमार और शुभम कुमार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. छापेमारी में चास थाना केअजय कुमार उपाध्याय, रवि शर्मा आदि शामिल थे.

### पोड़ाहाट स्टेडियम में खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

## खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रयासरत : विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** शहर के पोड़ाहाट स्टेडियम में बुधवार को खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव उपस्थित थे. प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक सुखराम उरांव व उपस्थित अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर व गोला फेंककर किया. प्रतियोगिता में चक्रधरपुर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए. जहां विद्यार्थियों ने खेलकूद के कई स्पधाओं में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया. मौके पर विधायक सुखराम उरांव ने संबोधित करते हुये कहा कि खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकर प्रयासरत है. झारखंड के खिलाड़ी देश-विदेश में झारखंड का नाम रौशन कर रहे हैं. इस अवसर पर मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी सह बीईईओ अविनाश राम ने खेलो झारखंड कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी. मौके पर विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं व बड़ी संख्य में छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

## तोपचांची में दो दिवसीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता




**धनबाद।** तोपचांची प्रखंड के मदैयडीह स्थित टेकलाल महतो स्टेडियम में खेलो झारखंड के तहत आयोजित प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का बुधवार 6 सितंबर को समापन हुआ. प्रतियोगिता में प्रखंड के 56 मिडिल स्कूल, 18 हाई स्कूल और 2 प्लस टू हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. प्रतियोगिता में 14 प्रकार के खेलों की प्रतिस्पधाएं आयोजित हुई. सभी प्रस्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र दिया गया. मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद मोदी व सहदेव महतो, पूनम कुमारी, मान सिंह, कनक कांति मेहता, ब्रजकिशोर चौबे, विवेक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे.

## पुटकी में पत्रकार के घर हजारों की चोरी

**धनबाद।** पुटकी थाना क्षेत्र के अरलगाड़िया बस्ती में 5 सितंबर मंगलवार की रात एक निजी चैंनल के पत्रकार सिथुन मोदक के घर चोरी हो गई. चोरों ने घर का दरवाजा गैस कटर की मदद से तोड़ डाला व एलईडी समेत अन्य सामग्री सहित हजारों की संपत्ति पर हाथ साफ किया. घर के लोगों ने ने बताया कि रात में लगभग 2 बजे चोर घर का ताला तोड़ कर घुसे व टीवी, बच्चों के खिलौने सहित लगभग 45,000 की संपत्ति ले गए. जानकारी मिलने पुटकी पुलिस पहुंची और मामले की तफ्तीश में जुट गई.

## जमशेदपुर : बसंत विहार अपार्टमेंट में गैस सिलेंडर फटा, झुलसकर महिला की मौत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कदमा थाना अंतर्गत रामनगर सामुदायिक भवन के पास स्थित बसंत विहार में बुधवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब बसंत विहार के तीसरे तल्ले में अचानक आग लग गई. इस दौरान अपार्टमेंट में रखे तीन गैस सिलेंडर बारी-बारी से विस्फोट कर गए. इससे आग फ्लैट में फैल गई. घटना की सूचना पाकर टाटा स्टील और झारखंड अग्निशमन विभाग से कुल पांच दमकल मौके पर पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई. इस घटना में फ्लैट में फसी 40 वर्षीय निशा गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि पति ओपी गुप्ता सदमे में चले गए. एक व्यक्ति भी घटना में झुलसकर घायल हो गया. ओपी गुप्ता को टीएमएच में भर्ती कराया गया है. फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है.

## चाकुलिया : हड़ताल के पांचवें दिन भी सेविका और सहायिकाएं डटी हैं धरना पर

**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड के 152 आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका और सहायिकाएं बुधवार को पांचवें दिन भी प्रखंड मुख्यालय के पास हड़ताल पर बैठ कर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं. हड़ताल पर बैठी सेविका और सहायिकाओं ने कहा कि बकाया मानदेय भुगतान करने, चावल, गैस सिलेंडर और सिलेंडर भरवाने की राशि उपलब्ध कराने, मोबाइल रिचार्ज करने की राशि देने, सभी को साइकिल देने और सेवा निवृत्ती का बेनिफिट देने समेत अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं. जबतक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, हड़ताल जारी रहेगी. मौके पर पुष्पा महतो, सालगे मुर्मू, सुमी सोरेन, नमिता मल्लिक , सुधा महतो, भारती महतो, निलीमा महतो, तारा रानी सोरेन, रेणुका पाल, कमला महतो, संध्यारानी पैरा,कारमी टुडू,सुकांती बारिक, भानुमति महतो, अंजली घोष, शिवानी हांसदा, झरना रानी सिंह, आरती महतो समेत अन्य उपस्थित हैं.

### बढ़ेंगी सुविधाएं | ओएनजीसी व सिटीजन फाउंडेशन की टीम ने लिया केंद्रों का जायजा

## गोमिया में 21 आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे मॉडल



नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड में 21 आंगनबाड़ी केंद्र नए मॉडल बनेंगे. इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है. ओएनजीसी व सिटीजन फाउंडेशन की टीम ने 4 से 6 सितंबर तक चिह्नित आंगनबाड़ी केंद्रों का जायजा लिया. आंगनबाड़ी केंद्र गंझूडीह में ओएनजीसी सीएसआर के सहायक प्रबंधक आईशा अनवर सहित अन्य पदाधिकारियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया. महिलाओं ने फूलों की माला व सखुआ पत्ता का मुकुट पहनाकर सदस्यों का स्वागत किया. टीम की सदस्य आईशा ने बताया कि मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाने की दिशा में ओएनजीसी व सिटीजन फाउंडेशन काम कर रहा है. केंद्रों को बेहतर बनाने के साथ ही वहां सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी. संचालन के लिए समय-समय पर ट्रेनिंग का आयोजन किया जाएगा. टीम ने गंझूडीह आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं को मॉडल केंद्र के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. मौके पर ओएनजीसी के संजय गौतम, राजेश कुमार, सिटीजन फाउंडेशन के नितेश मिश्रा, नितेश सिंह, दिवस समादार, सेविका सुमित्रा देवी, सहायिका राजकुमारी देवी, सहिया गीता देवी, प्रियंका कुमारी, अनिता, मनीता, नीतू, गीता, पूजा, उमा, अंबिया, गुड़िया, शालिनी, यशोदा, बसंती देवी सहित अन्य उपस्थित थे.

## शिक्षक दिवस पर सिंदरी कॉलेज में शिक्षक ने छात्रा से की छेड़खानी

### प्राचार्य और पुलिस को दी लिखित शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** सिंदरी कॉलेज में एक छात्रा ने इतिहास विभाग के शिक्षक प्रोफेसर सुरेन्द्र यादव पर छेड़खानी भरे अंदाज में टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए बुधवार 6 सितंबर को कॉलेज में जमकर हंगामा किया. छात्रा व उसके परिजनों के साथ कॉलेज पहुंचे भाजपा के नेता सहित नारी सेवा संघ की महिलाओं ने भी जमकर बवाल काटा. प्राचार्य के समक्ष आरोपी शिक्षक को धमकी देते हुए तत्काल शिक्षक को कॉलेज से हटाने की मांग की. छात्रा ने कॉलेज प्राचार्य कमलाकांत पाठक और सिंदरी पुलिस को लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है. प्राचार्य ने तत्काल महिला सेल व यौन उत्पीड़न निवारण समिति बनाकर इसकी जांच शुरू कर दी है. छात्रा ने लिखित शिकायत में बताया है कि शिक्षक दिवस के दिन इतिहास



स्नातक के पहले सेमेस्टर में दाखिला लेने के लिए वह इतिहास विभाग में गई थी. इस दौरान विभागीय प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार यादव ने छेड़खानी भरे अंदाज में टीका टिप्पणी की. प्रोफेसर सुरेंद्र यादव ने अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि एडमिशन के बदले प्यार की मिठाई चाहिए. इससे वह आहत है और बेइज्जती महसूस हो रही है. प्राचार्य कमलाकांत पाठक ने बताया कि मामला की जांच के लिए टीम गठित की गई है. गठित टीम में शामिल शिक्षिका अनुराधा दास, सुनिता जायसवाल, शर्मिष्ठा आचार्या, नीतू गौरव, शिवेश शंकर झा दोनों पक्षों की जांच करेंगे. जांच रिपोर्ट विश्वविद्यालय को सौंप दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा.

## बाइक चोरी को लेकर थाना में आवेदन

**बरही ।** मंगलवार को स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के समीप से काला सिल्वर रंग की हीरो होंडा ग्लैमर गाड़ी चोरी होने का मामला सामने आया है. मामले को लेकर भुक्तभोगी करियारपुर निवासी जितेंद्र रविदास ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बरही थाना में आवेदन दिया है. आवेदन के आधार पर भुक्तभोगी ने मंगलवार को अपना दुपहिया संख्या जेएच 02एच 8362 प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के समीप खड़ा कर शिक्षक दिवस के कार्यक्रम देखने नगर भवन गया था. कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत वह वाहन उक्त स्थल पर नही था, काफी छान बीन करने के बाद भी कुछ पता नही चल सका. भुक्तभोगी ने आवेदन में उचित कारवाई की मांग किया है. विदित हो कि इन दोनों क्षेत्र में बाइक चोर सक्रिय है, जो आए दिन इस प्रकार के घटनाओं का अंजाम दे रहे है.

## तिलैया डैम से एक व्यक्ति का शव बरामद

**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत खांडी गांव के समीप तिलैया डैम (बराकर नदी) से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ. शव मिलने की सूचना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी. शव का पहचान योगिडीह गांव निवासी दिनेश यादव (38 वर्षीय) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने पानी पर शव को उपलते हुए देखा. इसके बाद ग्रमीणों ने चंदवारा पुलिस को घटना की जानकारी दी.

## डीसी चंदन कुमार ने की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक, बोले

मिशन इंद्रधनुष

# पांच वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती महिलाओं का होगा टीकाकरण

- पहला चरण 07 अगस्त से 12 अगस्त
- दूसरा चरण 11 सितंबर से 16 सितंबर
- तीसरा चरण 9 अक्तूबर से 14 अक्टूबर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मिशन इंद्रधनुष के तहत बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक के दौरान वर्ल्ड हेल्थ ऑगेर्नाइजेशन से डॉ अमोल द्वारा पीपीटी के माध्यम से आईएमआई 5.0 मिशन इंद्रधनुष के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मिशन इंद्रधनुष के तहत शून्य से पांच साल तक के बच्चों को खसरा एवं रुबेला, निमोनिया, डिप्थेरिया, काली खांसी, टेटनस, जापानीज इन्सेफेलाइटिस, पोलियो समेत कई प्रकार की बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाते हैं। अभियान का पहला चरण 7 अगस्त से 12 अगस्त तक चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का संचालन डिजिटल प्लेटफॉर्म यूविन के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके लिए सहियाओं व सेविकाओं द्वारा हेड काउंट सर्वे, ड्यू लिस्ट तैयार करना, माइक्रोप्लान बनाने सहित अन्य कार्य किए जा रहे है। मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण के इस अभियान को 3 महीने तक चलाया जाना है। जिसमे पहला चरण 07 अगस्त से 12 अगस्त चलाया गया। इसके बाद दूसरा चरण 11 सितंबर से 16 सितंबर तक एवं तीसरा चरण 9 अक्तूबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के तहत बच्चों के नियमित टीकाकरण के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी होगा। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बच्चों के नियमित टीकाकरण व गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहां की समाज के विकास के लिए मिशन इंद्रधनुष का सफल होना बेहद जरूरी है। इसके लिए उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग की तरह कार्य करने एवं समाज कल्याण, शिक्षा, जनसंपर्क सहित अन्य संबंधित विभागों को आपस में समन्वय बनाकर व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं शत-प्रतिशत बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मिशन इंद्रधनुष के सफल संचालन के मद्देनजर उपायुक्त ने प्रखंड स्तर पर मिशन इंद्रधनुष के तहत कार्य करने वाले कर्मियों को अच्छी तरह से प्रशिक्षण देने एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को इसकी मानिटरिंग करते हुए सभी कर्मियों को किए जाने वाले कार्य की पूरी जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अभियान को सफल बनाने एवं शत-प्रतिशत बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने तकनीक का पूरा इस्तेमाल करते हुए डिजिटल मोड में कार्य करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने टीकाकरण संबंधित सभी जानकारी यूविन पोर्टल पर ससमय अपडेट करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने, लोगों को जागरूक करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए वही उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को विभिन्न विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को भी मिशन इंद्रधनुष एवं नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक करने व उन के माध्यम से उनके क्षेत्र में आम जनों तक जागरूकता फैलाने हेतु कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन, पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## हजारीबाग के एसपीजी के डायरेक्टर अरुण सिन्हा का निधन



**हजारीबाग।** स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) के डायरेक्टर अरुण कुमार सिन्हा का बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने गुरुग्राम के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। 61 वर्षीय अरुण कुमार सिन्हा पिछले कई दिनों अस्वस्थ थे। उन्हें हाल ही में सेवा विस्तार दिया गया था। अरुण कुमार सिन्हा 1987 बैच के केरल कैडर के आईपीएस थे। वे मूल रूप से हजारीबाग मालवीय मार्ग के निवासी थे। उनके पिता महेंद्र प्रसाद भारतीय सेना में थे। अरुण सिन्हा ने हिंदू स्कूल हजारीबाग से स्कूली शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग से जूलॉजी में बीएससी किया। वर्ष 1987 में वे भारतीय पुलिस सेवा में चयनित हुए और उनको केरल कैडर आवंटित हुआ। शुरूआत में केरल के दो-तीन जिलों में आरक्षी अधीक्षक एवं त्रिवेंद्रम और कोचि के पुलिस कमिश्नर रहे। उसके बाद डीआईजी आईजी के रूप में काम किया। वर्ष 2009 से 2014 तक बीएसएफ में आईजी के रूप में गुजरात फ्रंटियर में पदस्थापित रहे। फिर केरल वापस आये। 2016 तक एडीजी के रूप में काम किया।

# सहायक अध्यापकों ने मरांडी को सौंपा मांग पत्र

## शिक्षक दिवस पर लगाया काला बिल्ला



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के तमाम सहायक अध्यापक अपनी लंबित मांगों को लेकर शिक्षक दिवस के अवसर पर काला बिल्ला लगाकर विद्यालय में ड्यूटी करते नजर आए। वहीं प्रखंड सचिव सुकर ठाकुर ने विरोध जताते हुए कहा कि राज्य सरकार के बेरुखी रवैया के चलते एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा राज्य इकाई के निर्णयानुसार वेतनमान, इपीएफ ,शिक्षक कल्याण कोष ,अनुकंपा सहित अन्य मांगों के समर्थन में 5 सितंबर अर्थात शिक्षक दिवस पर काला बिल्ला लगाकर विद्यालय में कार्य कर रहे है ।वही झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का बरकट्ठा में संकल्प यात्रा के दौरान सहायक अध्यापकों ने अपनी मांग को लेकर पत्र सोपा, जिसमें उन्होंने बिहार की तर्ज पर समस्त सहायक अध्यापकों को वेतनमान यथाशीघ्र लागू करने की बात कही है। मौके पर बहादुर ठाकुर,मुकेश पाण्डेय, सहदेव नायक, त्रिलोकी साव, मधु लाल यादव तुलसी प्रजापति समेत दर्जनों की संख्या में संख्या में लोग उपस्थित थे।

# तीन सहायक शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** समाहरणालय सभागार हजारीबाग में 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रखंड के तीन शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र तथा शील्ड देकर उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक हजारीबाग ने सम्मानित किया । सम्मानित होने वाले शिक्षकों में मध्य विद्यालय कल्हाबाद के प्रधानाध्यापक शशि भूषण प्रसाद, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिजुआ के प्रधानाध्यापक बालेश्वर साव तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय माधोपुर के प्रधानाध्यापक यमुना बैठा शामिल रहे। पत्रकारों से बातचीत के क्रम में शशि भूषण प्रसाद ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा शिक्षा एवं छात्र के विकास हेतु अपने विद्यालय में प्रशंसनीय कार्य तथा अपने योग्यता एवं कर्तव्य निष्ठा से शिक्षा के विकास हेतु लगातार उल्लेखनीय कार्य के लिए यह सम्मान दिया गया है ।वहीं बालेश्वर साव ने जिले के उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को धन्यवाद देते हुए कहा कि सम्मान मिलने से उत्साहवर्धन होता है तथा और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

## सीएम पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों के बीच पशुओं का वितरण



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत स्थित सचिवालय परिसर में पशुपालन विभाग ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों में पशुओं (बकरा-बकरी) का वितरण किया. वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, जिप सदस्य प्रीति दीवान और पशुपालन पदाधिकारी डॉ शशी सिन्हा उपस्थित रहे. सुधीर मंगलेश ने कहा कि योजना का उद्देश्य पशुपालन गतिविधियों के जरिये महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है. इसी उद्देश्य को लेकर बकरा विकास योजना, सुकर विकास योजना, कुक्कुट विकास योजना, ब्रायलर कुकुट पालन व बतख-चूजा वितरण योजना संचालित किया जा रहा है. सुधीर मंगलेश ने लोगों को उक्त योजना का लाभ उठाने की अपील की. मौके पर मुखिया चुडकी देवी, उपमुखिया जयप्रकाश महतो, राम किशुन भोक्ता, तपेंद्र महतो, रोशन कुमार, जतनलाल महतो, शुभम कुमार, बबलू कुमार, उतम महतो आदि मौजूद रहे.

## वित्त रहित एवीएचएस के शिक्षकों ने नहीं मनाया शिक्षक दिवस,राजभवन के समक्ष दिया धरना



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत वित्त रहित विद्यालय आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह के शिक्षकों ने शिक्षक दिवस का विरोध किया । शिक्षकों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 5 सितंबर को राजभवन के समक्ष वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले राज्य भर के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों द्वारा आयोजित एकदिवसीय धरना / प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। जिसमें 1250 वित रहीत संस्थाओं के दस हजार शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी धरना प्रदर्शन में हिस्सा लिए। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुजीब अंसारी ने बताया कि धरना के बाद मोर्चा ने महामहिम को 9 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सोपा, जिसमें वित्त रहित स्कूल कॉलेज को सरकारी कारण करने ,तत्काल घाटा अनुदान देने ,सरकारी कर्मी का दर्जा देने के साथ कार्मिक विभाग से अविलंब कार्रवाई करने समेत अन्य मांगे शामिल है। धरना में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुजीब अंसारी ,शिक्षक उपेंद्र पांडेय, बिंतोष मोदी, मनीष कुमार, विष्णु कान्त पांडेय,रामकुमार मुर्मू समेत सभी शिक्षक मौजूद थे।

## गुरु से आशीर्वाद लेने हेली कार से हजारीबाग आया बेतिया का युवक

**हजारीबाग।** हजारीबाग में पहली बार हेली कार देख सब हैरान रह गए. दरअसल बिहार स्थित बेतिया के युवक मोहम्मद मेराज इस कार से शिक्षक दिवस पर हजारीबाग पहुंचे थे. उनकी कार के ऊपर हेलीकॉप्टर का डिजाइन बना हुआ था. यही लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा. हजारीबाग के हुरहुरू में वह अपने गुरु से आशीर्वाद लेने आया था. वह पहले रांची गया और वहां से बेतिया अपने घर लौटने के क्रम में गुरु के पांव छुए. मेराज ने कहा कि इससे अच्छा सौभाग्य और क्या मिलता कि शिक्षक दिवस के दिन वह गुरुजी के घर की तरफ से गुजर रहा है. हालांकि उसने गुरुजी का नाम नहीं बताया. जैसे ही उसकी कार हजारीबाग में घुसी लोगों की भीड़ देखने के लिए जुट गई. जिधर से कार गुजरती, उधर ही लोगों का हुजूम लग जाता और हेलीकॉप्टर आकृति की कार सभी के आकर्षण का केंद्र बन जा रही थी.

## रामगढ़ में चला सघन वाहन जांच अभियान



**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार मंगलवार की देर शाम को जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान विभिन्न माल ढुलाई वाहनों की ओवरलोडिंग एवं अन्य कागजातों की जांच की गई। जांच के क्रम में पांच माल ढुलाई वाहनों जेएच 09 एपी 6064, डब्लूबी19जी4434, जेएच12पी 7134, जेएच02एएक्स3606, जेएच02एफ6313 के कागजात पूरे नहीं होने एवं ओवरलोड पाए जाने के उपरांत वाहन मालिकों को कड़ी चेतावनी देने के साथ सुसंगत धाराओं के तहत कुल 2,38,250 रुपये का चालान किया गया। जांच अभियान में मोटर यान निरीक्षक विमल कुमार सिंह, प्रधान सहायक मनीष कुमार सिंह, सड़क सुरक्षा प्रबंध विक्की आनंद, सड़क अभियंता ऋषिकांत सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रमंडलीय रोजगार मेला सह ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम 11 सितंबर को



**हजारीबाग।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के हजारीबाग में प्रस्तावित प्रमंडलीय रोजगार मेला सह ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम 11 सितंबर को है. उसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने किया. निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने मुख्य कार्यक्रम स्थल विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्थित मैदान का निरीक्षण किया. फिर हेलीपैड के लिए निर्धारित पुलिस अकादमी का भी निरीक्षण किया गया. इस दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय से पूर्व काम प्रारंभ करने का निर्देश दिया.

## बरही के मलकोको में लगेगा रोजगार मेला

**बरही ।** आगामी रविवार को पंचायत भवन मलकोको में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है. उक्त जानकारी मलकोको मुखिया विजय कुमार यादव ने दी. उन्होंने पंचायत के सभी बेरोजगारों से उक्त मेला में शिरकत करने की अपील किया है. उन्होंने बताया कि मेला में दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के माध्यम से बेरोजगारों को निःशुल्क स्वरोजगार प्रशिक्षण हेतु चयनियत किए जायेंगे. सैनिक प्रशिक्षण आर्थियों को निशुल्क प्रशिक्षण के साथ-साथ आवास और भोजन भी उपलब्ध कराए जाएंगे. प्रशिक्षण हेतु विद्यार्थियों को रांची भेजा जाएगा. जहां प्रशिक्षणोपरंत सफल विद्यार्थियों को रोजगार भी उपलब्ध करवाए जायेंगे. मेला पूर्वाहन 10 बजे से प्रारंभ होगा. मुखिया ने सभी बेरोजगारों सहित बुद्धिजीवियों से उक्त मेला में उपस्थित होने का अपील किया है.

कार्रवाई शुरू

## वाटर टैक्स का भुगतान नहीं करनेवाले उपभोक्ता का कनेक्शन काटा

# आठ लोगों ने दो दिनों की ली मोहलत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग की नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित के आदेशानुसार नगर प्रबंधक फरहत अनिसी के नेतृत्व में वार्ड-27 के महेश सोनी और महावीर स्थान चौक में वाटर टैक्स का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है. निगम कार्यालय की ओर से सभी उपभोक्ताओं को पूर्व में बकाया जल कर का भुगतान करने के लिए नोटिस निर्गत किया था. नोटिस प्राप्ति के बाद भी उपभोक्ताओं ने वाटर टैक्स का भुगतान नहीं किया. ऐसे में राजेंद्र प्रसाद गुप्ता का वाटर कनेक्शन काट दिया गया. साथ ही आठ जल कर उपभोक्ताओं यशोदा देवी, ललिता देवी, रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, महावीर प्रसाद मिश्रा, यदुनाथ प्रसाद, विजय कुमार गुप्ता, रुक्मिणी देवी, बाल कृष्णा, अशोक कुमार गुप्ता और अनूप कुमार ने वाटर टैक्स के भुगतान के लिए दो दिनों की मोहलत मांगी. नगर प्रबंधक ने कहा कि अगर दो दिनों में वाटर टैक्स का भुगतान नहीं हुआ, तो उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे. मौके पर नगर निगम के सहायक धर्मेंद्र राय, पीएमयू विकास कुमार, रीतिका के शेखर एवं निगम व कंपनी के तहसीलदार उपस्थित थे.

## कोडरमा : जन्माष्टमी की धूम, मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** चेचई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुंहे बाल-गोपाल के बीच राधा-कृष्ण साज-सज्जा का कार्यक्रम रखा गया. इसमें छोटे-छोटे बच्चे-बच्चियो ने राधा-कृष्ण के पोषाक में रैंप वॉक व नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया. इसके बाद सीनियर कक्षा के छात्रों ने दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया. मौके पर कक्षा नवम व दशम के छात्रों ने मटका फोड़ा. सभी ने ह्लहाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल कीह्व संगीत पर डांस किया. मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि श्री कृष्ण और राधा की कहानियों से हम सभी को प्रेम व स्नेह का संदेश मिलता है. उनके कई अलग-अलग रूपों से हमारे अंदर एक नई ऊर्जा का संचार होता है. हमे उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए.

### बांसजोर में हुआ चिंतन शिविर का आयोजन, डीसी बोले

# बांसजोर प्रखंड को पूरे देश में अलग पहचान दिलानी है, सभी करें सहयोग




**नवीन मेल संवाददाता**

**बांसजोर।** उपायुक्त की अध्यक्षता में बुधवार को नीति आयोग के आकांक्षी प्रखण्ड बांसजोर में हुआ चिंतन शिविर का आयोजन किया गया।चिंतन शिविर का शुभारंभ उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं चिंतन शिविर में अंचलाधिकारी बांसजोर द्वारा स्वागत अभिभाषण देते हुए उपायुक्त समेत उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों का शिविर में आने हेतु आभार प्रकट किया गया।चिंतन शिविर में मुख्य रूप से ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटेजी बनाने पर चर्चा की गई। चिंतन शिविर में उपायुक्त द्वारा अभिभाषण देते हुए इस शिविर के उद्देश्य के बारे में बताया। इस कार्यक्रम के तहत उपायुक्त कहा कि भारत के 28 राज्यों और 8 केन्द्रशासित प्रदेशों में 500 अविकसित प्रखण्ड की पहचान करने के लिए एक अन्तर मन्त्रालयी समिति का गठन किया गया है। जिसमें झारखण्ड के 34 प्रखण्ड शामिल है, तथा जिसमें सिमडेगा का बांसजोर प्रखण्ड भी शामिल हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नीति आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विभिन्न कारकों के आधार पर पहचाने गए देश के सबसे पिछड़े प्रखण्डों का विकास मानकों को बढ़ावा देकर उन्हें एस्पिरेशनल ब्लॉक की श्रेणी से बाहर निकालना है। इनमें सिमडेगा जिला का बांसजोर प्रखंड भी आकांक्षी प्रखंड के रूप में शामिल है। उन्होंने कहा कि बांसजोर प्रखंड में संसाधन की कोई कमी नहीं है, हमें उस पर बेहतर कार्य करने की जरूरत है। प्रखंड का सर्वांगीण विकास कैसे हो, इस पर हमें मंथन करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने कहा कि बांसजोर प्रखंड का सर्वांगीण विकास के लिए नीति आयोग द्वारा 39 इंडिकेटर निर्धारित किए गए हैं। उनमें हमें बेहतर कार्य कर प्रखंड का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कराना है। हेल्थ एवं न्यूट्रिशन से 14 इंडिकेटर, एग्रीकल्चर से 5 इंडिकेटर, एग्रीकल्चर से 11 इंडिकेटर, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सोशल डेवलपमेंट से 4 इंडिकेटर पर कार्य करना है। इस प्रकार हम 39 इंडिकेटर पर बेहतर कार्य करके बांसजोर प्रखंड को पूरे राज्य व देशभर में एक अलग पहचान दिला सकते हैं। इस कार्य के लिए हमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग की काफी अपेक्षा है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को क्षेत्र के शत प्रतिशत लाभुकों तक पहुंचने में जनप्रतिनिधि महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए चिंतन शिविर में हम साथ मिलकर विभिन्न इंडिकेटर के आधार पर ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी तैयार करेंगे। उसके आधार पर बांसजोर प्रखंड का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कराई जा सके। चिंतन शिविर में जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## यात्रियों की सुरक्षा और नियमों की अनदेखी से समझौता नहीं: डीटीओ

**सिमडेगा।** डीटीओ ओमप्रकाश यादव के द्वारा बुधवार को बस स्टैंड सिमडेगा में यात्री बसों के कागजातों के जांच की और कागजात अधूरे पाए जाने वाले बसों के ऊपर जुमार्ना वसूला मौके पर डीटीओ ओम प्रकाश यादव ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और नियमों के पालन के लिए परिवहन विभाग प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कई बस संचालकों के द्वारा नियमों को ताक में रखकर बस चलाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि यात्री बसों के कागजात अपडेट नहीं रहने पर दुर्घटना या कोई भी अनहोनी होने पर पीड़ित व्यक्ति को बीमा का कोई लाभ नहीं मिल पाएगा इसके अलावा बस मलिक को भी कई तरह की परेशानी उठानी पड़ सकती है। उन्होंने कहा की यात्राओं की सुरक्षा और खुद की जिम्मेवारी को समझते हुए बस संचालक आवश्यक दस्तावेज को अप टू डेट रखें। डीटीओ ने कहा कि सभी बस में स्पीड लिमिटिंग डिवाइस, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र और रिफ्लेक्टिंग टेप का होना जरूरी है। उन्होंने सभी बस संचालकों से कागजात और सभी मानक अप टू डेट करने के बाद ही बस संचालन करने की अपील की है। इसके अलावा बस चलाने वाले चालक का ड्राइविंग लाइसेंस, एजेंट एवं कंडक्टर का लाइसेंस भी बनवाने का निर्देश डीटीओ ने दिया है।

## वीरू में जन्माष्टमी को लेकर कलश यात्रा, आज से भजन कीर्तन शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीरू ग्राम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पूजन और श्री कृष्ण जन्माष्टमी का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव को लेकर 24 घंटे का अखंड श्री हरी कीर्तन का आयोजन किया जाता है ।भाजपा नेता और आयोजन समिति के सदस्य तुलसी कुमार साहू ने बताया कि इस आयोजन में यजमान के रूप में वीरू के राजा साहब दुर्गा विजय सिंह देव और पुरोहित के रूप में श्री प्रदीप मिश्रा पुजारी के रूप में मंटू मिश्रा सम्मिलित हुए बुधवार की सुबह 6:00 बजे कलश यात्रा निकाला गया सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु माताएं बहने उपस्थित थे आज शाम 8:00 बजे अधिवास का कार्यक्रम किया जाएगा और आज सुबह 8:00 बजे श्री हरि नाम प्रारंभ के साथ 24 घंटे का श्री हरि कीर्तन प्रारंभ होगा और दिनांक 8 सितंबर 2023 को सुबह 8:00 बजे नाम समापन होगा सुबह 8 से 10 बजे नागर भ्रमण दाधीभांजन का कार्यक्रम होगा और उसके उपरांत 10 से 12 बजे हवन पूजन एवं पूणार्हुति होगा। उसके बाद 1:00 बजे से महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं माता बहनों से आग्रह है कि इस अखंड हरी कीर्तन में सम्मिलित होकर महाप्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम को सफल बनाएं और पुण्य के भागी बने ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिनेश्वर होता, सत्यजीत प्रसाद ,तुलसी कुमार साहू ,मुकेश प्रसाद ,घनश्याम दास ,सीताराम दास, बजरंग गुप्ता ,गंगाधर लोहार ,आदित्य केसरी ,गोपाल केसरी ,सुमंत बीसी ,सत्यनारायण प्रसाद, निलेश प्रसाद, भीम प्रसाद ,सतीश प्रसाद ,श्रद्धानंद मिश्रा आदि श्रद्धालु उपस्थित थे

## बांसजोर के तरगा फुलझर गांव पहुंचे पूर्व मंत्री एनोस एक्का, सुनी लोगों की समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**बांसजोर।** प्रखंड के तरगा फुलझर गांव में बुधवार को पूर्व मंत्री एनोस एक्का झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए लोगों की विभिन्न समस्याओ से अवगत हुए। ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री के समक्ष बताया कि गांव में आज भी मूलभूत सुविधाओं की कमी है बिजली की समस्या की वजह से लोग लंबे समय से दंश झेल रहे हैं। बार-बार क्षेत्र में हाथियों का आगमन होने की वजह से लोगों के मकानों को तोड़ने के साथ ही लोगों के अनाज फसल आदि चीजों को भी नुकसान कर रहा लेकिन वन विभाग की ओर से सार्थक पहल नहीं हो पाई है। इसके अलावा गांव में कई लोगों का राशन कार्ड प्रधानमंत्री आवास वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, सहित सरकार की कई योजनाओं से आज भी लोग वंचित है। मौके पर पूर्व मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी समस्याओं को सुनने के लिए ही महेश गांव पर आया हूं क्योंकि जो राष्ट्रीय पार्टी हैं वह सिर्फ धर्म के नाम पर लोगों को लड़ा कर अपनी राजनीति से करें लेकिन क्षेत्र पार्टी के रूप में झारखंड पार्टी माटी से जुड़कर आपकी समस्याओं को दूर करेगी। आज क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों के लापरवाही की वजह से विकास नहीं हो पाया है। लेकिन अब वह दूर नहीं जब इस क्षेत्र की जनता झारखंड पार्टी के हाथ में इस क्षेत्र की बागडोर देंगे और इस क्षेत्र का पूरा विकास जो अधूरा कार्य छूटा हुआ था उसे पूरा किया जाएगा। मौके पर युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने ग्रामीणों को कहा आप की समस्या जो भी है उसे आप हमारे तक पहुंचाने का काम करें आप इस समस्याओं को हम अपनी समस्या समझते हुए दूर करेंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष पंकज एक्का, युवा प्रखंड अध्यक्ष राजेश महतो ,जिला समिति सदस्य निकोलसन कोंगाडी अनिल कुल्लू ,मदन सिंह, बिल्सन सिंह डमरूधर सिंह ,रसाल खलखो आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम सभा में हक-अधिकार की दी गई जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के पीयोसोकरा जोजो टोली चबूतरा में ग्राम सभा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य विषय गांव का पाहन चयन करना और ग्राम सभा सशक्तिकरण पर जोर देना। बैठक में लीड्स संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए लीड्स के गतिविधि कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया की लीड्स संस्था जलडेगा प्रखंड के छः पंचायत के 25 गांव के ग्रामीणों के जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य के स्तर पर बदलाव लाने के लिए काम कर रही है। इसके अलावा संस्था ग्राम सभा, विद्यालय प्रबंधन समिति, माता समिति, महिला स्वयं सहायता समिति और किसानों के संगठनों को मजबूत करने और हक अधिकार प्राप्ति के लिए सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रही है। बैठक में आलोक कुमार ने ग्राम सभा के शक्तियों पर प्रकाश डाला और नियमित ग्राम सभा बैठक करने के लिए प्रेरित किया। ग्राम सभा के आठ स्थाई समिति के कार्य और दायित्व को भी विस्तार से बताकर रजिस्टर लेखन की जानकारी दी गई। इस दौरान लीड्स संस्था के फील्ड स्टाफ कुलदीप सुरीन सहित ग्राम सभा के पूसा तूरी, जोर्ज बागे, विलियम समद, जिनिदन कंडुलना, जस्टिन बागे, करमा बागे, जोहान सुरीन, बेनेदिक जोजो, लालचंद मांझी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुएं में गिरकर युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**जलडेगा।** प्रखंड के ओडगा बाजार टोली में एक व्यक्ति की कुआं में गिरने से मौत हो गई, जानकारी के अनुसार लोया तिग्गा, पिता एतवाराईया तिग्गा, उम्र लगभग 50 वर्ष की सोमवार रात्रि कुआं में गिरने से मौत हो गई। सुबह जब परिजनों ने उठा तो घर में नहीं देखने पर खोजबीन की, इसी दौरान कुआं में लोया तिग्गा का शव कुंआ में तैरता हुआ देखा जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई, सुचना उपरांत पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में ले लिया ।इधर घटना पर मामला दर्ज कर घटना के सम्बन्ध में बारीकी से जांच में पुलिस जुट गई है। पुलिस ने बताया कि घटना रात्रि की है, मृतक शौच या अन्य किसी कार्य से कुआं पानी भरने गया हुआ था, इसी दौरान कुआ में गिरने से मौत हो गई। फिर भी पुलिस सभी पहलुओं पर जांच में जुट गई है। इधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया है।

## सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**सिमडेगा।** कुरडेग थाना क्षेत्र अंतर्गत पक्का बांध के पास मंगलवार की देर शाम सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को इलाज के लिएकुरडेग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया इधर सदर अस्पताल सिमडेगा लाने के साथी इलाज के क्रम में व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान खिंडा प्रतापपुर गांव निवासी रिजिन लकड़ा के रूप में हुई घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि वह कुड़े के नवापारा मेहमान गया था और वापस लौट रहा था इसी दौरान पक्का बांध के पास अनियंत्रित होकर अपने मोटरसाइकिल से दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो गया जिसे इलाज के लिए लाया गया और इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई इधर पुलिस ने सदर अस्पताल में शव को अपने कब्जे में लेने के पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को शव सौंप दिया।

## कोलेबिरा में कीटनाशक का सेवन कर एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत, छानबीन जारी

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोग्लोया रुगडीटोली गांव निवासी 42 वर्षीय प्रेमचंद डांग नामक व्यक्ति कीटनाशक का सेवन कर लिया इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई परिवार वालों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां पर इलाज के क्रम में डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात मृतक के शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि पारिवारिक विवाद की वजह से प्रेमचंद डंग ने नशे की हालत में कीटनाशक का सेवन कर लिया इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ी और इलाज के क्रम में मौत हो गई पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## डीसी की अध्यक्षता में जिला खेल संचालन समिति की बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला खेल संचालन समिति की बैठक की गई ।उपायुक्त द्वारा स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स, सिमडेगा में एथेलेटिक्स सेन्टर खोलने, ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत जोराम में प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम में तीरंदाजी बालक/बालिका का डे-बोर्डिंग सेन्टर खोलने एवं बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र खोलने का प्रस्ताव एवं स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स, सिमडेगा के रख-रखाव एवं संचालन संबंधी बने बायलॉज से संबंधित आवश्यक चर्चा की गई। उपायुक्त ने इण्डोर स्टेडियम, सिमडेगा संचालन शुरू करने एवं रख-रखाव सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार आदि उपस्थित थे।

## समृद्धि कार्यक्रम के तहत डीडीएम ने ग्रामीण महिलाओं के साथ की बैठक




**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** जलडेगा के कोलमडेगा आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को नाबार्ड के सहयोग से सहभागी विकास संस्था के तत्वाधान में समृद्धि कार्यक्रम के तहत महिला समूहों के कार्यकारिणी सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नाबार्ड के डीडीएम निलेश कुमार, सहभागी विकास संस्था के सचिव अवधेश कुमार, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक रंजन कुमार जायसवाल, को ऑपरेटिव बैंक से अमित उपस्थित थे। बैठक में डीडीएम ने महिलाओं को आय वृद्धि के साधन को बताया और बैंक से जरूरतों के हिसाब से केसीसी लेकर अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए कहा। डीडीएम ने कहा की वर्तमान समय में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार कई तरह के कार्यक्रम चला रही है। जिसका आप सबको लाभ लेना चाहिए। इस दौरान उन्होंने आजीविका संवर्धन हेतु केसीसी ऋण लेकर पशुपालन, कृषि और छोटे मोटे व्यवसाय करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सहभागी विकास संस्था के सचिव, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने भी संबोधित करते हुए महिलाओं की आजीविका संवर्धन पर जोर दिया।

## अवैध बालू उठाव पर सीओ ने की कार्रवाई

**सिमडेगा।** सीओ प्रताप मिंज ने छापेमारी अभियान चलाते हुए बुधवार को मधुबन स्थित पालामाड़ा नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव कर रहे एक ट्रैक्टर को जप्त किया ।जब्त करने के बाद ट्रैक्टर को सिमडेगा थाना को सुपुर्द करते हुए उनके ऊपर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर सीओ ने कहा कि लगातार सूचना मिल रही थी कि नदी से अवैध तरीके से बालू का उठाव करते हुए शहर में मनमाना दाम में बेचने का काम किया जा रहा है जिसके बाद टीम बनाते हुए वहां पर छापेमारी की गई जहां पर एक ट्रैक्टर नदी से बालू उठाते हुए पकड़े गए। उन्होंने कहा कि सरकार की एनजीटी की ओर से नदियों में बारिश की वजह से बालू का उठाव पूरी तरह से रोक है इसके बावजूद बार उठाव किया जा रहा है जिसके आधार पर कार्रवाई की गई।

## कोडरमा : झारखंड सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए हस्ताक्षर अभियान

**कोडरमा।** जन समस्याओं को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया. कोडरमा जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता और टीम जीरो झारखंड के केंद्रीय संयोजक अली हैदर (बंटी) ने हस्ताक्षर अभियान चलाया. मौके पर जयनगर मध्य के पूर्व जिला परिषद सदस्य पवन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र सिंह चंदेल, मिलन शाहबादी, विशाल सिंह, रविंद्र वर्मा, सोनू वर्मा, सुशील अग्रवाल, रवि जी, सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर अवनिन्द्र सिंह, क्षेत्र के बुद्धिजीवी, समाजसेवियों के साथ-साथ वार्ड नंबर 19 के सैकड़ो महिलाएं और पुरुष मौजूद थे. मुख्य मुद्दों को लेकर हस्ताक्षर अभियान पूरे जिले में चलाने को लेकर आम राय बनी.

**मानवता** | मारवाड़ी युवा मंच ने वृद्ध आश्रम में उपलब्ध कराया गीजर, आयरन व जरूरी सामान

# बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर है : शालिनी गुप्ता




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** मारवाड़ी युवा मंच के उपाध्यक्ष सह चंदा रोलर फ्लोर मिल्स के संचालक राहुल जैन ने पत्नी आर्ची जैन का जन्मदिन वृद्ध आश्रम में मनाया. झुमरी तिलैया के वृद्ध आश्रम में एक समारोह का आयोजन कर बुजुर्गों के साथ केक काटा गया. मारवाड़ी मंच ने बुजुर्गों के लिए गीजर, आयरन व दैनिक उपयोग की वस्तुओं को वार्डन श्वेता सिंह एवं काउंसलर स्वीटी गुप्ता को उपलब्ध कराया. इस मौके पर वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने कहा कि मंच जो सेवा उपलब्ध करवा रहा है, वह अद्वितीय है. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में झुमरी तिलैया नगर प्रशासक हर्षवर्धन उपस्थित थे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच के मानवता सेवा कार्य को भुलाया नहीं जा सकता. उन्होंने कहा कि आज के भौतिक सुख सुविधाओं के पीछे लोग भाग रहे हैं और ऐसे में बुजुर्गों को सम्मान देना और सेवा करना बड़ी बात है. उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं, उनका सम्मान हमारा कर्तव्य है. वरिष्ठ नागरिक हैं जो हमारे समाज के लिए सम्माननीय हैं. वृद्ध आश्रम में जो भी लोग रह रहे हैं, वह एक परिवार के समान है. उन्होंने कहा कि आज इस कार्यक्रम में शामिल होकर यह महसूस हो रहा है कि बुजुर्गों का आशीर्वाद हमें बराबर मिलता रहेगा. वहीं नगर प्रशासक हर्षवर्धन ने कहा कि बचपन से हमें बुजुर्गों का सम्मान करना सिखाया गया है. आज हर शहर में वृद्ध आश्रम खुलते जा रहे हैं. हम पैसों के पीछे भाग रहे हैं. बुजुर्गों का आसरा वृद्ध आश्रम हो गया है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा नहीं होता. बुजुर्ग समाज के लिए बड़ी उपलब्धि हैं और यहां रह रहे बुजुर्गों की जिंदगी को खुशहाल बनाना ही मुख्य उद्देश्य होना चाहिए. समाज को नकारात्मक नहीं सकारात्मक बनाने की जरूरत है. ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मारवाड़ी युवा मंच को उन्होंने धन्यवाद दिया. मंच के अध्यक्ष राज पच्चीसीया ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी किस ओर जा रही है, इसे समझने की जरूरत है. हमारे समाज में जिस संस्कृति को विदेश अपना रहा है, आज वह संस्कृति हमारे समाज से धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है. जो माता-पिता ने हमें हाथ थामकर चलना सिखाया, जब उनके पैर डगमगाने लगे, तब उन्हें सहारा देने के बजाय हमने उनसे किनारा कर ले रहे हैं. ऐसे में हमें सोचने की आवश्यकता है. वहीं वार्डन श्वेता सिंह ने कहा कि यहां रह रहे बुजुर्ग हमारे लिए पूजनीय हैं और अलग-अलग समुदाय के होने के बावजूद उनकी सेवा में कोई कमी नहीं है. उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की घर की याद नहीं आए, उनके लिए सारे सार्थक पहल जिला प्रशासन, सामाजिक और स्वयंसेव१ संगठन के जरिए किया जा रहा है. कहा कि यहां रह रहे बुजुर्गों का मानना है कि उनके बच्चे पाप किए हैं. राहुल जैन ने कहा कि किसी का जन्मदिन और सालगिरह हो तो इन बुजुर्गों के साथ अपने उत्सव को मनाइए और उनकी खुशी में भागीदार बनिए. मंच संचालन संजय जैन ने किया. वहीं मौके पर अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया. मारवाड़ी युवा मंच की ओर से बुजुर्गों को मिठाई और नमकीन बांटी गयी. मंच की ओर से कहा गया कि इन्हें जिस चीज की जरूरत होगी, उसे उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा.

## झुमरीतिलैया के सिटी मैनेजर 25 हजार घूस लेते गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** एसीबी की टीम ने बुधवार को झुमरतिलैया के सिटी मैनेजर प्रशांत भारतीय को 25 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। एसीबी की टीम सिटी मैनेजर को गिरफ्तार कर अपने साथ हजारीबाग ले गई। बताया जाता है कि विज्ञापन एजेंसी चलाने वाले राजीव लोचन सिंह ने घूस मांगे जाने की शिकायत एसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय हजारीबाग में की थी। उन्होंने कहा था कि वह गायत्री इंटरप्राइजेज के नाम से विज्ञापन एजेंसी का काम करते हैं। उनके एकरारनामा को पहले रद्द कर दिया गया था और फिर विज्ञापन का कार्य करने के लिए 50 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। उनसे सिटी मैनेजर प्रशांत भारतीय कोड वर्ड में घूस मांगा करते थे। उनकी शिकायत के बाद हजारीबाग एसीबी कार्यालय में पांच सितंबर 2023 को कांड संख्या 8/23 दर्ज किया गया। बुधवार को जैसे ही राजीव लोचन सिंह ने सिटी मैनेजर प्रशांत भारतीय को झुमरीतिलैया नगर परिषद के कार्यालय केबिन में घूस की रकम सौंपी, एसीबी की टीम ने सिटी मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान सिटी मैनेजर और एसीबी की टीम के बीच धक्का मुक्की भी हुई। बाद में सिटी मैनेजर को गिरफ्तार कर हजारीबाग ले जाया गया।


**जिंदगी एक साइकिल की तरह है। इसका बैलेंस बनाए रखने के लिए चलते रहना जरूरी है। - अज्ञात**

# पशुपालकों पर ध्यान दे सरकार

*झारखंड* में जहां एक ओर बारिश नहीं होने से हाहाकार है,वहीं लंपी वायरस के कहर ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। अभी तक एक हजार से ज्यादा मवेशियों की मौत हो चुकी है। राज्य के चतरा, गढ़वा, पलामू, लातेहार, साहिबगंज, गोड्डा, दुमका, गुमला, रामगढ़, हजारीबाग में पिछले एक हफ्ते में बड़ी संख्या में पशुओं की मौत हो गई है। अचानक बड़ी संख्या में मवेशियों की मौत से हड़कंप है। सूखे के बाद अब पशुओं में फैली इस बीमारी से किसानों और पशुपालकों के बीच हाहाकार है। पशुपालन विभाग ने चतरा, गोड्डा, साहेबगंज, गुमला और लोहरदगा समेत अन्य जिलों में बीमार पशुओं में इससे मिलते-जुलते लक्षण पाये गये हैं। इसके बाद सभी जिलों में पशुओं के लिए टीकाकरण का अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन शिकायत मिल रही है कि पर्याप्त संख्या में टीकों की उपलब्धता नहीं है। ऐसी स्थिति में पशुपालकों के आंगन में सन्नाटा पसरा हुआ है। पशु गरीबों के बैंक होते हैं। राज्य में जहां खेती पर ग्रहण लग चुका है,वैसी स्थिति में पशुओं की मौत ने उनकी दुनियां उजाड़ दी है। सरकार को अविलंब इस बीमारी की रोकथाम की दिशा में कारगर कदम उठाने की जरूरत है। हालांकि इस वायरस के खतरे को देखते हुए विभाग के उच्चाधिकारियों ने सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी और नोडल पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। पदाधिकारियों को कहा गया है कि इस तरह की बीमारी से संक्रमित पशु अगर उनके जिले में पाये जायें, तो नमूने को कोल्ड चेन में रख कर शीघ्र संस्थान को भेजें। इस बाबत बीमारी पर रोक-थाम के अभियान के मद्देनजर पशुपालन अधिकारियों की छुट्टी पर रोक लगा दी गई है। उन्हें निर्देश दिया गया कि अति आवश्यक परिस्थिति में ही अवकाश के लिए आवेदन दें। पशुपालकों की मानें तो इस बीमारी के लक्षण उभरने के एक से डेढ़ हफ्ते के भीतर पशुओं की मौत हो जा रही है। जिलों में लम्पी वायरस और इसके चलते मवेशियों में आ रही बीमारियों की रोकथाम से बचाव के लिए पशुपालकों को जागरूक करने का अभियान भी विभाग ने शुरू करने का निर्णय लिया गया है। लेकिन सच्चाई यह है कि वह कहीं जमीन पर नजर नहीं आ रही है। डाक्टरों की मानें तो यह बीमारी लम्पी एक विषाणु जनित संक्रामक बीमारी है। यह मुख्यतः गोवंश को संक्रमित करता है। यह रोग मुख्य रूप से संक्रमित मक्खियों, मच्छरों और चमोकन के काटने से होता है। बीमार पशु के नाक, मुख के स्राव एवं घावों से, बीमार दुधारू गाय, भैंस के थन में घाव हो जाने के कारण दूध पीने वाले बाछा- बछियों में यह बीमारी फैल जाती है। इस स्थिति में गोपालकों को चाहिए कि पशु के रहने वाली जगह को साफ रखें। साथ ही मच्छरों से बचाव के लिए धुआं का सहारा लें। सावधानी बरतने से बहुत हद तक इस बीमारी से पशुओं को बचाया जा सकता है।

**राज्य के चतरा, गढ़वा, पलामू, लातेहार, साहिबगंज, गोड्डा, दुमका, गुमला, रामगढ़, हजारीबाग में पिछले एक हफ्ते में बड़ी संख्या में पशुओं की मौत हो गई है। अचानक बड़ी संख्या में मवेशियों की मौत से हड़कंप है। सूखे के बाद अब पशुओं में फैली इस बीमारी से किसानों और पशुपालकों के बीच हाहाकार है।**

# 'भारत' को 'इंडिया' से मुक्ति मिले, क्या दिक्कत?





डॉ. रमेश ठाकुर

*'भारत'* शब्द वैसे हमारी संस्कृति, देशी रीति-रिवाजों और पुरानी परंपराओं की आत्मा है, तभी उसे भारत माता कह कर पुकारते आए हैं। गुजरा वक्त इसी शब्द से गुलजार रहा था। लेकिन जब अंग्रेजों की घुसपैठ हुई, तो उन्होंने अपने मुआफिक नया नाम 'इंडिया' गढ़ दिया जिसे भारतीयों को ना चाहते हुए भी अपनाना पड़ा। 200 सालों तक देश उनका बंधक रहा, इस बीच ये नाम भी प्रचलित होता गया। क्योंकि इंडिया की उत्पत्ति इंडस यानी सिंधु शब्द से है जो यूनानियों द्वारा चौथी सदी ईसा पूर्व से प्रचलन में रही। इंडिया नाम पुरानी अंग्रेजी में 9वीं सदी में और आधुनिक अंग्रेजी में 17वीं सदी से मिलता है। चाहे प्राचीन भारत की बात हो, या आधुनिक समय की, दोनों विधाओं के परिसंगम में हमारी परंपराओं और घरेलू संस्कृतियों में इंडिया शब्द का कोई वास्ता नहीं? पर, शायद अब भारत के माथे पर जबरन गोदा गया इंडिया नाम सदैव के लिए लुप्त होने की कगार पर है जिसकी अधिकृत शुरूआत देश की राष्ट्रपति द्वारा चुपके से मंगलवार को उस समय हुई, जब उनके कार्यालय से जी-20 कार्यक्रम को लेकर नामचीन हस्तियों को निमंत्रण भेजे गए। निमंत्रण पत्र में उनके पद से 'इंडिया' शब्द हटा हुआ दिखा। अकसर, भारत के राष्ट्रपति के पद के आगे 'द प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' लिखा होता था। पर, मंगलवार से उस स्थान पर 'द प्रेसिडेंट ऑफ भारत' शब्द गुदा हुआ दिखाई देगा। जाहिर है इसके बाद सियासी हंगामा कटता और हंगामा कटते हुए देर नहीं लगी? हिंदुस्तान के तकरीबन सभी सियासी दल केंद्र सरकार विशेषकर प्रधानमंत्री पर हमलावर हो गए हैं। सभी एक सुर में बोलने लगे कि प्रधानमंत्री संविधान से भी छेड़छाड़ करने लगे हैं। कांग्रेस नेता जयराम की टिप्पणी आई, बोले इंडिया शब्द से आपत्ति क्यों है प्रधानमंत्री को? क्या इसलिए कि जब से विपक्षी दलों ने सामूहिक रूप से अपने संयुक्त गठबंधन का नाम इंडिया रख लिया है। जबकि, इससे पूर्व अपने नौ वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ने अपने करीब 150 योजनाओं के नाम इंडिया शब्द से ही रखे। चाहे खेलो इंडिया हो या स्टार्टअप इंडिया? विपक्ष इसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने के मूड में है। समूचा विपक्ष विशेष सत्र में इसे मजबूती से उठाएगी। लेकिन, सरकार ने सत्र आने से पहले ही ऐसा धमाका कर दिया जिससे विपक्ष में भगदड़ मच गई। उनमें अभी तक शोर सिर्फ 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर था। लेकिन एक और बड़ा बम फोड़ डाला। मोदी-शाह की जोड़ी एक बात ठीक से जानती है कि एक साथ इतने मसले उठा दो, जिससे विपक्ष कंफ्यूज हो जाए, कि कौन सा उठाए, कौन सा नहीं? बहरहाल, 'इंडिया' को 'भारत' कर देना, ये संवैधानिक रूप से सभी सियासी दलों के साथ मंत्रणा करने वाला मुद्दा है। हालांकि अभी भी संदेह के कुछ बादल मंडरा रहे हैं। मात्र राजनीतिक गलियारों में ही चर्चाएं हैं। स्थिति अभी भी साफ नहीं है कि वास्तव में ऐसा होगा, या संविधान से इंडिया शब्द को हमेशा के लिए हटाया जायेगा। केंद्र सरकार द्वारा बुलाए जा रहे विशेष सत्र में क्या इस मसले पर चर्चा होगी? मसौदा पेश होगा या फिर कोई बिल लाया जायेगा? वैसे, मुद्दा ज्यादा पेचीदा नहीं है कि आसानी से सुलझाया न जाय? पर, बात वहीं आकर अटक जाती है कि क्या इस पर केंद्र सरकार विपक्ष को विश्वास में लेगी, या पूर्व की भांति इस बार भी सब को दरकिनार करके अपने निर्णय पर आगे बढ़ेगी। विपक्षी दल ज्यादातर इसी बात से नाखुश हैं कि सरकार किसी बड़े निर्णय में उन्हें शामिल नहीं करती, अपने मन मुताबिक फैसले ले लेती है। भारत-इंडिया की लड़ाई के इतर अगर बात करें, तो केंद्र में मोदी सरकार के बीते साढ़े नौ वर्ष के कार्यकाल में बहुत कुछ बदला-उलटा गया। देखा जाए तो कहीं-कहीं जरूरी भी था। मुगल, शाहजहां व अकबर जैसे तमाम पूर्व शासकों के वक्त के इतिहास को बदला गया। उनके द्वारा रखे गये नामों को हटाने का कार्य बीते कई वर्षों से बदस्तूर जारी है। जैसे, पुरानी इमारतें, रेलवे स्टेशनों आदि का नया नामकरण हुआ। इसके अलावा अंग्रेजों के वक्त से चले आ रहे करीब 1500 पुराने कानूनों को खत्म किया है। अंग्रेजों की बनाई संसद को भी स्वदेशी नये भवन में हस्तांतरित कर दिया गया है। इंडिया नाम पड़ने की थ्योरी से तो सभी वाकिफ हैं, लेकिन भारत कैसे पड़ा। इसकी मुकम्मल जानकारियों का बहुत अभाव रहा है। हालांकि, भारत शब्द के पीछे तर्क कोई एक नहीं, बल्कि बहुतेरे हैं। पर, हिंदुओं के महान पौराणिक ग्रंथ 'स्कन्द पुराण' के अध्याय संख्या-37 के मुताबिक ऋषभदेव नाभिराज के पुत्र का नाम भारत था, जो बड़े बलशाली और शूरवीर थे, उन्हीं के नाम से हमारे देश का नाम भरत पड़ा। इसका उल्लेख कई जगहों पर मिल जाएगा कि भारतवर्ष का नाम ऋषभदेव के पुत्र भरत के नाम पर हुआ। हिंदुस्तान शब्द की भी अपनी एक अद्भुत कहानी है। ज्यादातर लोग यही समझते हैं कि हिंदुस्तान हिंदुओं की बहुतायत के चलते पड़ा। जबकि, ऐसा है नहीं? हिन्दू और हिन्द दोनों फारसी शब्द हैं जो इंडो-आर्यन संस्कृत सिंधु से आए हैं। आचमेनिड सम्राट डेरियस प्रथम ने लगभग 516 ईसा पूर्व में सिंधु घाटी पर विजय प्राप्त की थी, जिसके बाद ये शब्द सिंधु घाटी के लिए इस्तेमाल किया गया। इंडिया शब्द को हटाने को लेकर सियासत सुगबुगाहट ही नहीं, बल्कि गर्माहट भी बढ़ गई है। चर्चाएं ऐसी हैं कि हो सकता है बुला ग;२ संसद के विशेष सत्र में केंद्र सरकार संविधान से 'इंडिया' शब्द को हटाने कोई बिल आए। प्रस्ताव की तैयारियां की हलचल दिखने भी लगी है। अभी कुछ दिन पहले ही तो आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी कहा था कि सदियों से हमारे देश का नाम भारत रहा है? यही रहना चाहिए। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से बाकायदा अपील की है कि इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल हो। फिलहाल इस मसले को लेकर राजनीति जबरदस्त शुरू हो गई है। पर, ज्यादातर देशवासी इस पक्ष में हैं कि देश को भारत ही बोला जाए। यूरोपीय देशों की भांति अगर इस मसले को लेकर केंद्र सरकार जनमत संग्रह करवाए, तो परिणाम निश्चित रूप से उनके पक्ष में होंगे। बावजूद इसके मसला भयंकर रूप से पेचीदा है, विपक्ष इतनी आसानी से इंडिया को भारत शायद ही होने दे। आगामी संसद के विशेष सत्र पर बहुत कुछ निर्भर करता है कि उसमें क्या वास्तव में इसको लेकर बिल केंद्र सरकार लाएगी। अगर लाएगी तो क्या उन्हें सफलता मिलेगी। फिलहाल ये मुद्दा संसद सत्र तक गर्म रहेगा, ये तय है। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**केंद्र सरकार द्वारा बुलाए जा रहे विशेष सत्र में क्या इस मसले पर चर्चा होगी? मसौदा पेश होगा या फिर कोई बिल लाया जायेगा? वैसे, मुद्दा ज्यादा पेचीदा नहीं है कि आसानी से सुलझाया न जाय?**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा शिवगण नंदी जी की

*धर्म* शास्त्रों में उल्लेख है कि जब शिव अवतार नंदी का रावण ने अपमान किया तो नंदी ने उसके सर्वनाश को घोषणा कर दी थी। रावण संहिता के अनुसार कुबेर पर विजय प्राप्त कर जब रावण लौट रहा था तो वह थोड़ी देर कैलाश पर्वत पर रुका था। वहाँ शिव के पार्षद नंदी के कुरूप स्वरूप को देखकर रावण ने उसका उपहास किया। नंदी ने क्रोध में आकर रावण को यह श्राप दिया कि मेरे जिस पशु स्वरूप को देखकर तू इतना हँस रहा है। उसी पशु स्वरूप के जीव तेरे विनाश का कारण बनेंगे। नंदी का एक रूप सबको आनंदित करने वाला बी है। सबको आनंदित करने के कारण ही भगवान शिव के इस अवतार का नाम नंदी पड़ा।

**शास्त्रों में इसका उल्लेख इस प्रकार है-त्वायाहं नन्दितो यस्मान्दीनान्म सुरेश्वर। तस्मात त्वां देवमानन्दं नमामि जगदीश्वरम।। -शिवपुराण शतरुद्रसंहिता :** अर्थात नंदी के दिव्य स्वरूप को देख शिलाद मुनि ने कहा तुमने प्रगट होकर मुझे आनंदित किया है। अतः मैं आनंदमय जगदीश्वर को प्रणाम करता हूं। नासिक शहर के प्रसिद्ध पंचवटी स्थल में गोदावरी तट के पास एक ऐसा शिवमंदिर है जिसमें नंदी नहीं है। अपनी तरह का यह एक अकेला शिवमंदिर है। पुराणों में कहा गया है कि कपालेश्वर महादेव मंदिर नामक इस स्थल पर किसी समय में भगवान शिवजी ने निवास किया था। यहाँ नंदी के अभाव की कहानी भी बड़ी रोचक है। यह उस समय की बात है जब ब्रह्मदेव के पाँच मुख थे। चार मुख वेदोच्चारण करते थे, और पाँचवाँ निंदा करता था। उस निंदा से संतप्त शिवजी ने उस मुख को काट डाला। इस घटना के कारण शिव जी को ब्रह्महत्या का पाप लग गया। उस पाप से मुक्ति पाने के लिए शिवजी ब्रह्मांड में हर जगह घूमे लेकिन उन्हें मुक्ति का उपाय नहीं मिला।

*(क्रमशः)*

# कारगर सिद्ध हो रहा नवभारत साक्षरता मिशन



योगेश कुमार सोनी

*इस* समय भारत में एक सितंबर से नवभारत साक्षरता मिशन पर काम चल रहा है। नवभारत साक्षरता मिशन सप्ताह का समापन आठ सितंबर को होगा। इसका उद्देश्य उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाना है। साथ ही सप्ताह भर इस अभियान में देश के हर नागरिक में उसके कर्तव्य व भागीदारी की भावना पैदा करना है। यह विजन इस योजना को लोकप्रिय बना रहा है और हमें भारत को पूर्ण साक्षर बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। साक्षरता सप्ताह में गतिविधियों का एक परिदृश्य शामिल होगा। 8 सितंबर, 2023 को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जायेगा। दूसरा मुख्य उद्देश्य 'उल्लास' मोबाइल ऐप पर शिक्षार्थियों और स्वयंसेवकों के लिए पंजीकरण की संख्या में वृद्धि करना है। दरअसल इस तरह के मिशन या आयोजन लोगों को शिक्षा के प्रति गंभीर करते हैं। शिक्षा को मात्र स्कूल या कॉलेज की पढ़ाई से नहीं आंका जा सकता। अच्छी नौकरी व बेहतर जीवन के लिए अतिरिक्त कोर्स करने पड़ते हैं जिसके लिए आम व मध्यम परिवार का बच्चा जागरूक व सक्षम नहीं होता। इस विषय में मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी में यह बताया गया है कि इस अभियान में सरकारी, प्राइवेट स्कूल, सीबीएसई से संबंधित स्कूल, नवोदय विद्यालय समिति, केंद्रीय विद्यालय समिति, राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षण परिषद के तहत शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, विश्वविद्यालय या एआईसीटीई के तहत एचईआई डिग्री कॉलेज व तकनीकी संस्थान के छात्र, स्काउट्स एंड गाइड्स, एनसीसी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायतें आदि भी भाग ले रहे हैं। इस अभियान में उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा बैठकें आयोजित की जा रही हैं जिससे इसमें आर्कषण बना हुआ है। वहीं पंचायत राज संस्थानों को शामिल करते हुए ग्राम पंचायतों में बैठकें तथा साक्षरता कार्यक्रम के बारे में बैनर और तख्तियों के साथ छात्रों और शिक्षकों द्वारा रैलियां, साइकिल रैलियां, प्रभात फेरियां, नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया जा रहा है। इन सब चीजों से स्पष्ट हो जाता है कि शिक्षा को हर स्तर पर गंभीरता से लिया जा रहा है। हालांकि ऐसे आयोजन व कार्यक्रम पहले भी चलाये जाते रहे हैं लेकिन लेकिन पहले जनता व विद्यार्थी इतनी रुचि नही दिखाते थे। चूंकि आज से लगभग दो दशक पहले आर्थिक चुनौतियां ज्यादा घेरती थीं जिसका परिणाम यह होता था कि लोग इस क्षेत्र से मन चुराते थे लेकिन समय के चलते लोगों को यह समझ आया कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा हथियार व रास्ता है जिससे किसी भी जंग को जीता जा सकता है। सरकार का इस क्षेत्र में काम करने का उद्देश्य है कि पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा युवा भारत देश में हैं जिनको तैयार केवल शिक्षा के बल पर ही किया जा सकता है। बीते दिनों हम चीन को पछाड़ जनसंख्या के आधार पर नंबर एक पर आ चुके हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि कंपीटिशन के इस दौर में हर क्षेत्र में चुनौती बहुत अधिक बढ़ चुकी है। सरकारी हो या प्राइवेट, मात्र एक पद के लिए लाखों आवेदन आ जाते हैं लेकिन मात्र इस बात से निराश होकर हम होकर हम शिक्षा की ओर न बढ़े तो यह पूर्ण रूप से अपने ही नहीं अपनी आने वाली कई पीढ़ियों के साथ बहुत बड़ी बेईमानी होगी। इसके अलावा इस मिशन में पौधरोपण अभियान, पर्यावरण संबंधी जागरुकता के बारे में विचार-विमर्श और चर्चा, हितधारकों द्वारा स्वच्छता अभियान भी शामिल हैं। दरअसल हम हाईटेक होने के चक्कर में पर्यावरण से इतने दूर हो चुके हैं हम अपने जीवन में हर रोज खुद जहर घोलने का काम कर रहे हैं। महानगरों में कई कॉलोनी तो ऐसी हैं कि वहां लाखों लोगों की जनसंख्या पर एक भी पेड़ नही है। चूंकि शहरों में जमीन इतनी महंगी है कि यहां लोग एक-एक इंच जमीन को कब्जाना चाहते हैं तो इस आधार पर यह समझ लीजिए कि यहां लोग पेड़-पौधे के लिए कहां से जगह बनायेंगे।

**शिक्षा को मात्र स्कूल या कॉलेज की पढ़ाई से नहीं आंका जा सकता। अच्छी नौकरी व बेहतर जीवन के लिए अतिरिक्त कोर्स करने पड़ते हैं जिसके लिए आम व मध्यम परिवार का बच्चा जागरूक व सक्षम नहीं होता।**

**साक्षरता**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

**विश्वास वह शक्ति है जिससे उजड़ी हुई दुनिया में प्रकाश लाया जा सकता है।**

# तीसरी मर्तबा प्रधानमंत्री बनेंगे मोदी!



नारायण कैरो

'अब जबकि लोकसभा चुनाव महज कुछ माह के दहलीज पर खड़ा है, ऐसे में वर्तमान केंद्र सरकार के कार्यों की समीक्षा होनी चाहिए। आतंकवाद, नक्सलवाद, भ्रष्टाचार, सरकार की शाख से लेकर देश की विदेशों में छवि, सेना का मनोबल, मजबूत कश्मीर नीति, राजनीतिक अस्थिरता का विराम, के साथ अब अर्थव्यवस्था की छलांग से देश मजबूती से उभरा है। अब तक सत्ता विरोधी लहर कहीं से गुंजी नहीं है, ऐसे में 2024 में नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी मर्तबा प्रधानमंत्री बन सकते हैं। नरेंद्र मोदी ने सकारात्मक राजनीति का संदेश देने का प्रयास किया है। इसे निष्पक्ष होकर स्वीकार करना चाहिए। देश अगर सही दिशा में बढ़े, भले ही किसी के राजनीतिक नेतृत्व से क्यों ना हो और देश को मजबूती मिलें तो सभी को वैचारिक दूरी त्यागनी चाहिए। असहमतियों को कुछ समय के लिए शून्य के हवाले कर देना चाहिए और उस नेतृत्व को मजबूती देना चाहिए। चाहे उसका नेतृत्व नरेंद्र मोदी करें या राहुल गांधी! अगर देश आगे बढ़ रहा हो, दुनिया भारत के सलाम करें, देश भर में लगातार आतंकी हमले के पर्याय बन चुके भारत में मोदी युग मे अचानक 10 सालों में कहीं भी कश्मीर छोड़कर आतंकी हमला नहीं हुआ। जहां पहले होटलों में घुसकर आतंकवादी हमले करके निकल जाते थें अब सीमापार भी नहीं कर पाते आतंकी! ये सुरक्षा चक्र तो देशवासियों को मोदी ने तो दिया ना। क्या फर्क पड़ता है उसका नेतृत्व नरेंद्र मोदी करें या राहुल गांधी! अगर देश सही रास्ते में अग्रसर है तो निष्पक्ष होकर स्वीकार करने में क्या नुकसान है? भले ही नेतृत्व कोई भी करें,अगर इस दृष्टि से राजनीति को देखी जाए तो निश्चित बड़े बदलाव के मार्ग प्रशस्त होंगें। वर्तमान पूर्ण बहुमत सरकार का नेतृत्व कर रहे नरेंद्र मोदी के लिए 2024 में केंद्र के सत्ता में लौटना कोई भारी मुश्किल दिखाई नहीं देता। मोदी के देश का नेतृत्व मिलने से एक तथ्य तो बिल्कुल नये सिरे से देश के मानस पटल पर उभरकर सामने आया है कि, अगर कोई अन्य व्यक्ति या कोई गैर संघी धारणा की सरकार केंद्र में 2014 में बन जाती और प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी सत्ता के शीर्ष पर नहीं पहुंचते तो ये भी सुनिश्चित था देश को इसके असल रूप और कुछ मुखौटों में छिपे आस्तीन के सांपों से देश अवगत नहीं हो पाता। देश के भीतर देश विरोधी धड़ा तैयारी के साथ बीते 75 सालों से कुंडली मारे बैठा था। कम से कम ऐसे लोगों का असली चेहरा तो देश के सामने आया ना! क्या ये कम बड़ी उपलब्धि है राष्ट्र के लिए? देश भर में 12 हजार के करीब विदेश एनजीओ सेवा के नाम पर देश को दीमक के तरह खोखला कर रहे थें जिसकी सुधि लेने वाला बीते सरकारों में कोई नहीं था आज उनका गोरख धंधा बन्द कर दिया मोदी ने! ऐसे एनजीओ को केंद्र सरकार ने बंद करवा दिया। राष्ट्रहित के लिए ये दीर्घदर्शी कदम हैं। इसे सत्ता के राजनीति करने वाले नजरअंदाज कर सकते हैं देश नहीं। प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक शैली ही ऐसी विलक्षण है जो विपक्षी नेताओं को राजनीति करने के लिए कोई मुद्दा छोड़ते ही नहीं। आम चुनाव कुछ माह के भीतर है लेकिन विपक्षी नेताओं के पास नरेन्द्र मोदी के खिलाफ एक भी ठोस मुद्दा नहीं है। राहुल गांधी द्वारा 2019 में राफेल व अभी 2024 में अडानी प्रकरण पर चुनावी वैतरनी पार करने की कोशिश नाकाफी है व आधारहीन है। मोदी की साफ छवि को झूठ के बल पर धूमिल नहीं की जा सकती। विपक्ष भले ही वर्तमान सरकार का आलोचना करे लेकिन उनके दलीलों में राजनीतिक नफा नुकसान की बू आती है जबकि सच्चे अर्थों में वर्तमान सरकार के कार्यकाल को जब कोई मूल्यांकन करने के लिए बैठेगा तो निःसंदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऐतिहासिक कार्यकालों में गिना जायेगा अपने वक्तब्यों में उन्होंने कई मर्तबा कहा है, सत्ता और राजनीति आनी जानी है उसके लिए देशहित को कभी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए और देश प्रथम की बात करके मोदी ने साबित कर दिया उनके कथनी और करनी में समानता है दूसरों के तरह फर्क नहीं है।

**देश के भीतर देश विरोधी धड़ा तैयारी के साथ बीते 75 सालों से कुंडली मारे बैठा था। कम से कम ऐसे लोगों का असली चेहरा तो देश के सामने आया ना! क्या ये कम बड़ी उपलब्धि है राष्ट्र के लिए?**

**राजनीति**


स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# ‘कृष्ण लीला में निहित जीवन दर्शन’

देवकीनंदन, यशोदानन्दन, द्वारिकाधीश, आनन्दसागर, दयानिधि कृष्ण के स्वरुप का वर्णन एवं गुणगान असंभव है। कृष्ण तो वो विलक्षण व्यक्तित्व है जिसकी कल्पना स्वप्न से भी परे है। पुरषोत्तम, मुरलीमनोहर, श्याम सुन्दर के किस रूप का वंदन करें, बाल्यरूप, सखारूप, प्रेमी स्वरुप, पुत्र रूप, ज्ञान के प्रवर्तक प्रत्येक रूप एक अनोखी लीला है, जिसकी गूढ़ता समझ पाना तो प्राणिमात्र के लिए संभव ही नहीं है। हम लोग सदैव जीवन में विषमताओं से घबराते है, पर मधुसूदन का जीवन तो विषमताओं के कालचक्र से ही घिरा रहा। उन्होंने तो जन्म से ही विषमताओं से ही साक्षात्कार किया। केशव पशु प्रेमी भी थे इसलिए उन्होंने अपने कृष्ण जन्म में गौ माता की खूब सेवा की। प्रकृति प्रेमी स्वरुप में उन्होंने गोवर्धन पर्वत का आश्रय लिया। संगीत प्रेमी मुरलीमनोहर ने मुरली की तान से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। माखनचोर मुरलीमनोहर का प्रत्येक रूप मोहनीय है। भक्तवत्सल श्यामसुंदर भगवन को आप जिस स्वरुप में ध्याओगे वे उसी रूप में आपके समक्ष प्रत्यक्ष हो जाएंगे। कृष्ण तो एक ऐसा दिव्य प्रकाशपुँज है जो सदैव मानव जीवन को कष्टों और विघ्नों से तारने के लिए तारणहार रूप में अवतरित हुआ। कृष्ण के जीवन में नारी शक्ति एवं उनके प्रति सम्मान विशेष दिखाई देता है इसलिए तो वे सदैव राधा के साथ अपनी पूर्णता प्रदर्शित करते है और राधे-राधे के उद्घोष से प्रफुल्लित हो उठते है। वासुदेव ने सदैव मुक्ति का मार्ग ही प्रशस्त किया। कृष्णरज को जिसने प्राप्त कर शिरोधार्य कर लिया वह तो तारणहार के द्वारा भवसागर से तर गया। हमें नन्द गोपाल से मिलने के लिए केवल श्रद्धा के पथ पर अनवरत चलना होगा। कमलनयन की आराधना और भक्ति के रस में जो आनंदविभोर हो उठता है



वह सांसारिक बंधन से कहीं ऊपर उठ जाता है। श्रद्धा और प्रेम की डुबकी से ही श्री कृष्ण के दर्शन संभव है। कृष्ण का अवतरण तो देवत्व की सुगंध से सृष्टि को सम्मोहित करने के लिए हुआ था। कृष्ण ने तो ममता को अनमोल सुख देने के लिए अनूठी लीलाएँ रची। कृष्ण भक्ति की ज्योत से यदि भक्त अपने जीवन को प्रकाशवान कर ले तो उसका जीवन अनंत काल तक आलौकित हो जाएगा। कृष्ण ने तो दुनिया को केवल एक ही भाषा सिखाई है और वह है प्रेम। कृष्ण के लिए प्रेम ही सर्वस्व है। प्रेम के बंधन में बँधकर ही वह गोपियों के साथ घंटों तक रासलीला करते थे। मातृत्व प्रेम के लिए ही वह माखन चुराया करते थे। गोविन्द गोपाल की अटखेलियों का वह रूप माँ की ममता को संतुष्टि प्रदान करता था। देवकीनंदन ने जन्म से ही अपनी सुरक्षा की व्यवस्था कर डाली। यशोदानन्दन और नन्दलाल बनकर संतान सुख प्रदान किया। अनूठी मनमोहक लीलाएँ कर एक ऐसे बालक का सृजन किया जो प्रत्येक युग में हर माँ के लिए कल्पना का सर्वश्रेष्ठ रूप है। कृष्ण की प्रत्येक छवि सम्मोहित करने वाली है, पर मुरलीधर माखनचोर की लीलाओं पर तो हर कोई अनायास ही मोहित हो जाता है। कन्हैय्या और गोपाल की बाल लीलाओं ने तो सारे संसार को आनंद से भर दिया। कन्हैय्या की भक्ति में तो मुक्ति छुपी है। यदि जीवन में कृष्ण की भक्ति का सूर्य देदीप्यमान हो जाए तो मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग स्वतः ही खुल जाएगा। कृष्ण तो सदैव प्रसन्नता एवं आनंद को अपने भीतर जीवंत रखते थे। संघर्ष से परिपूर्ण तो उनका पूरा जीवनकाल ही था। प्रेम और भक्ति का मिश्रित परिणाम तो श्री कृष्ण ही है। बंधन में बँधा हुआ स्वरुप नर है और जो बंधन से मुक्त हो गया वह तो नारायण स्वरुप है। कृष्ण की प्रत्येक लीला कर्म के अस्तित्व को उजागर करती है। कृष्ण अवतरण के इस प्रमुख उत्सव जन्माष्टमी पर हम श्री कृष्ण के जीवन का चिंतन और मनन करेंगे और भक्तवत्सल भगवान की लीलाओं से आनंद एवं अनूठी शिक्षाएँ ग्रहण करने का प्रयास करेंगे।

❖ **डॉ. रीना रवि मालपानी (कवयित्री एवं लेखिका)**

# कागज सा माद्दा



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा ‘उरतृप्त’,**
**मो. नं. 73 8657 8657**
**(प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)**

कल मेरे आत्मा के कमरे में कोई अनजान घुस आया। जबरन मेरी खटिया खड़ी कर बिस्तर गोल करने लगा। मैं आस-पड़ोस के लोगों से बचाने के लिए गुहार लगा रहा था। फिर समझ आया पड़ोसी तो बिन बुलाए तमाशा देखने आते हैं। मैं तो फिर भी सहायता माँग रहा हूँ। जिन लोगों में तमाशा देखने की आदत पड़ जाती है, उनमें बचाने का पुरुषत्व नपुंसकता में बदल जाती है। मेरी गुहारें दम तोड़ चुकी थीं। मेरी गुहारों से फेरीवाले वाला बेहतर प्रतीत हो रहा था। फेरीवाले के फेर में पड़ने वाले मेरी गुहार में हार का भागीदार नहीं बनना चाहते थे। सब समय के फेर का चक्कर है। मेरे अकेलेपन की बोली लगाई जा रही थी और मैं कसाई के हाथों बिकाऊ बकरी की तरह मिमिया रहा था। मैंने अपनी स्वच्छंदता का गला तानाशाह के हाथों दबाने के लिए दे रखा था। चुनने वाले जब चुने हुए लोगों के हाथों अपने ही किए पर चुनवा दिए जाते हैं, तब दोष चुनाव करवाने वाले का कतई नहीं होता। जब ओजस्वी वाणी के वीणा वाले तार अपनों के हाथों टूट जाएँ तो उन तारों के बने फंदे में झूलने से हिचकना नहीं चाहिए। यही तुम्हारी नियति है। अपने ही हाथों आँखें फोड़ने वाले गैर आँखों की चालबाजी पर सवाल नहीं किया करते। गैर की बातों में आकर बैर करने वाले किसी की खैर नहीं मनाते। खैर खैरात में नहीं मिलता। हिंदू के मंदिर और मुस्लिम के मस्जिद जब वोट बैंक बन जाएँ तो उनमें इबादत की जगह कवायद बसती है। इन कवायदों में पड़ने वाले अपने कौम के नाम पर दूसरों को कोमा में भेजने के मौके तलाशते रहते हैं। जब तुम्हारी नैतिक बातें दोगली हों तो वे दीवारों पर गोबर की उपली से भी गयी गुजरी होती हैं। बोलने वालों के शहरों में गूँगों की भीड़ ठीक उसी तरह होती है जिस तरह गंजों के शहर में कंघी बेचने वाले। कमाल तो यह है कि बेमतलब की बातों से मतलब की बातें दबा दी जाती हैं। जिंदगी मतलबी और मौत बेइमानी लगती है। न्याय के चक्कर में कचहरी में कचरा और कोर्ट में मिस्टर लेट हो जाते हैं। मिस्टर लेट होने से अच्छा है चार लोगों को जागरूक करने वाला मिस्टर पेंप्लेट ही बन जाओ। आजकल तो कागज के टुकड़े जीते-जागतों से अधिक माद्दा रखते हैं। काश कागज सा माद्दा हम सबमें होता।

# भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें क्या सीख देता है?

जन्माष्टमी पर्व को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व पूरी दुनिया में पूर्ण आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। जन्माष्टमी को भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में बसे भारतीय भी पूरी आस्था व उल्लास से मनाते हैं।

भारत आस्था का अनूठा संगम है और इसी आस्था पर जीवित है विश्व का सबसे प्राचीनतम धर्म। भगवान विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण का हिन्दू धर्म में एक अलग स्थान है। जातक कथाओं और महाभारत के अनुसार मथुरा के कारागार में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म माँ देवकी के गर्भ से उस समय हुआ था जब चारों तरफ पाप, अन्याय और आतंक का प्रकोप था, धर्म जैसे खत्म सा हो गया था। धर्म को पुनः स्थापित करने के लिए ही द्वापर युग में कान्हा का जन्म हुआ था। आज भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी इसी उद्देश्य से मनाई जाती है। भारत के प्रत्येक हिस्से में जन्माष्टमी बड़े ही धूम-धाम से मनाई जाती है। खासकर उत्तर भारत में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एक विशेष पर्व है। वृन्दावन की गलियाँ हो या फिर सुदूर गाँव की चौपाल या फिर शहर का भव्य मंदिर, जन्माष्टमी पर हर भक्त झूम उठता है। जितना जरूरी जन्माष्टमी को मनाना है उससे कहीं ज्यादा जरूरी इसके पीछे छुपे उद्देश्य को जानना भी है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पूरे भारत वर्ष में विशेष महत्व है। यह हिन्दुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। ऐसा माना जाता है कि सृष्टि के पालनहार श्री हरि विष्णु ने धर्म की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण के रूप में आठवां अवतार लिया था। देश के सभी राज्य अलग-अलग तरीके से इस महापर्व को मनाते हैं। इस दिन क्या बच्चे क्या बूढ़े सभी अपने आराध्य के जन्म की खुशी में दिनभर व्रत रखते हैं और कृष्ण की महिमा का गुणगान करते हैं। दिनभर घरों और मंदिरों में भजन चलते रहते हैं। मंदिरों में जबरदस्त तरीके से संजाया जाता है और स्कूलों में श्रीकृष्ण लीला का मंचन होता है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का विशेष महत्त्व है। भाद्रपद महीने की अष्टमी तिथि पर पूर्णावतार योगिराज श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। इसी दिन उमा-महेश्वर व्रत भी किया जाता है। इस दिन श्रीकृष्ण का व्रत करने से पुण्य वृद्धि होती है। जन्माष्टमी पर व्रत के साथ भगवान की पूजा और दान करने से सभी प्रकार की परेशानियां दूर हो जाती है। अमीर-गरीब सभी लोग यथाशक्ति-यथासंभव उपचारों से योगेश्वर कृष्ण का जन्मोत्सव मनाएं। जब तक उत्सव सम्पन्न न हो जाए तब तक भोजन कदापि न करें। जो वैष्णव कृष्णाष्टमी के दिन भोजन करता है, वह निश्चय ही नराधम है।

**जन्माष्टमी कब और क्यों मनाई जाती है**

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का दिन बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। जन्माष्टमी पर्व भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है, जो रक्षाबंधन के बाद भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। श्रीकृष्ण देवकी और वासुदेव के 8वें पुत्र थे। मथुरा नगरी का राजा कंस था, जो कि बहुत अत्याचारी था। उसके अत्याचार दिन-प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे थे। एक समय आकाशवाणी हुई कि उसकी बहन देवकी का 8वां पुत्र उसका वध करेगा। यह सुनकर कंस ने अपनी बहन देवकी को उसके पति वासुदेव सहित काल-कोठारी में डाल दिया। कंस ने देवकी के कृष्ण से पहले के 7 बच्चों को मार डाला। जब देवकी ने श्रीकृष्ण को जन्म दिया, तब भगवान विष्णु ने वासुदेव को आदेश दिया कि वे श्रीकृष्ण को गोकुल में यशोदा माता और नंद बाबा के पास पहुंचा आएं, जहां वह अपने मामा कंस से सुरक्षित रह सकेगा। श्रीकृष्ण का पालन-पोषण यशोदा माता और नंद बाबा की देखरेख में हुआ। बस, उनके जन्म की खुशी में तभी से प्रतिवर्ष जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है।



**तरह-तरह की विधाएं :** आपको यह जानकार आश्चर्य होगा कि भारत में लोग अलग-अलग तरह से जन्माष्टमी मानते है। वर्तमान समय में जन्माष्टमी को दो दिन मनाया जाता है, पहले दिन साधू-संत जन्माष्टमी मानते है। मंदिरों में साधु-संत झूम-झूम कर कृष्ण की अराधना करते है। इस दिन साधुओं का जमावड़ा मंदिरों में सहज हैं उसके अगले दिन दैनिक दिनचर्या वाले लोग जन्माष्टमी मानते है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन मौके पर भगवान कान्हा की मोहक छवि देखने के लिए सुदूर इलाकों से श्रद्धालु आज के दिन मथुरा पहुंचते हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर पूरी मथुरा और वहां पहुंचे श्रद्धालु कृष्णमय हो जाते है। मंदिरों को खास तौर पर सजाया जाता है। मथुरा और आस-पास के इलाको में जन्माष्टमी में स्त्री के साथ-साथ पुरुष भी बारह बजे तक व्रत रखते हैं। इस दिन मंदिरों में झांकियां सजाई जाती है और भगवान कृष्ण को झूला झुलाया जाता है। और रासलीला का आयोजन होता है। द्वारकाधीश, बिहारीजी एवं अन्य सभी मन्दिरों में इसका भव्य आयोजन होता हैं, जिनमें भारी भीड़ होती है। भगवान के श्रीविग्रह पर हल्दी, दही, घी, तेल, गुलाबजल, मक्खन, केसर, कपूर आदि चढ़ा ब्रजवासी उसका परस्पर लेपन और छिड़काव करते हैं तथा छप्पन भोग का महाभोग लगाते है। वाद्ययंत्रों से मंगल ध्वनि बजाई जाती है। जगदगुरु श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव निःसंदेह सम्पूर्ण विश्व के लिए आनंद-मंगल का संदेश देता है। सम्पूर्ण ब्रजमंडल, नन्द के आनंद भयो-जय कन्हैय्या लाल की जैसे जयघोषो व बधाइयों से गुंजायमान होता है। पुलिस लाइन्स, सेना के मुख्यालयों पर भी मनमोहक कार्यक्रम का आयोजन होता है। अतः आइये आपसी द्वेष और मनमुटाव को मिटा कर कन्धा से कन्धा मिला कर इस खूबसूरत पर्व को मनाएं और अपनी आस्था को बरकरार रखे क्यूंकि हमारा धर्म यही सीखता है कि हम सुख-दुःख में हम एक दूसरे साथ दे।

**ऐसे मनाएं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी :** इस दिन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा और भक्ति के लिए उपवास करें। अपने घर की विशेष सजावट करें। घर के अंदर सुन्दर पालने में बालरूप श्रीकृष्ण की मूर्ति स्थापित करें। रात्रि बारह बजे श्रीकृष्ण की पूजन के पश्चात प्रसाद का वितरण करें। विद्वानों, माता-पिता और गुरुजनों के चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लें। इसके साथ ही यह ध्यान रखें कि परिवार में कोई भी किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन बिल्कुल न करे। इस दिन के लिए आप अपने घर को संजा सकते हैं। हम पेश कर रहे हैं ऐसे कई आफर्स जहां से आप जन्माष्टमी को शानदार तरीके से मना सकते हैं।

**दही-हांडी/मटकी फोड़ प्रतियोगिता :** जन्माष्टमी के दिन देश में अनेक जगह दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। दही-हांडी प्रतियोगिता में सभी जगह के बाल-गोविंदा भाग लेते हैं। छाछ-दही आदि से भरी एक मटकी रस्सी की सहायता से आसमान में लटका दी जाती है और बाल-गोविंदाओं द्वारा मटकी फोड़ने का प्रयास किया जाता है। दही-हांडी प्रतियोगिता में विजेता टीम को उचित इनाम दिए जाते हैं। जो विजेता टीम मटकी फोड़ने में सफल हो जाती है वह इनाम का हकदार होती है।

**वाल स्टीकर्स :** भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े स्टीकर आप अपने घरों की दीवालों पर लगा सकते हैं। इससे आपको घर में झांकी बनाने में मदद मिलेगी।

**बच्चों के लिए ड्रेस :** अगर आपके घर में छोटे बच्चे हैं तो आप उन्हें कान्हा का लुक दे सकते हैं। ऑनलाइन कई तरह की ड्रेस मिल रही हैं जो कि आपको बच्चों को कान्हा के रूप में परिवर्तित कर देंगे। इन ड्रेस को पहनकर सबको लगेगा कि आपका बच्चा कान्हा का अवतार हो गया है।

**भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति :** मार्केट में कई तरह की मूर्ति बाजार में आ रही है। इन मूर्तियों के बिना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी अधूरी है। आप इनको खरीदकर अपने घर की शोभा में चार चांद लगा सकते हैं।

❖ **डॉ अनीष व्यास**

# आंखों की ये परेशानियां बताती हैं बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल के लक्षण

हम आपको कोलेस्ट्रॉल की बढ़ती मात्रा से आंखों में होने वाली समस्या, लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं। क्योंकि शरीर में ज्यादा मात्रा में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर यह आंखों की सेहत पर बुरा असर डालता है। ऐसे में आप अपनी लाइफस्टाइन में यह बदलाव कर इस समस्या से निजात पा सकते हैं। कोलेस्ट्रॉल एक प्रकार का वसा है, जो हमारे शरीर के लिए जरूरी होता है। लेकिन ज्यादा मात्रा में कोलेस्ट्रॉल हमारे शरीर के लिए हानिकारक होता है। बता दें कि यह खून में पाया जाता है। लेकिन जब यह हमारे शरीर में अधिक मात्रा में होता है, तो यह आंखों में भी जमा हो सकता है। जिसके कारण हमारी आंखों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कोलेस्ट्रॉल की बढ़ती मात्रा से आंखों में होने वाली समस्या, लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**खाद्य संप्रेषण :** उच्च कोलेस्ट्रॉल युक्त आहार खाने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ सकती है। जब अधिक मात्रा में जंक फूड, प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ, गहरी तली हुई चीजों का सेवन किया जाता है। तो इससे शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाती है।

**अनहेल्दी खानपान :** असमय और अनहेल्दी खाना, तंबाकू का सेवन, शराब का अधिक सेवन करना भी आपके शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को बढ़ाता है।

**अनहेल्दी लाइफस्टाइल :** अधिकतर समय बैठे रहना, एक्सरसाइज आदि ना करना, ओवरवर्क आदि भी कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को बढ़ा सकता है।

**उम्र :** बढ़ती उम्र के साथ भी लोगों के शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ती है। जिससे आंखों में भी यह समस्या होती है।

**जलन और खिचाव होना :** जब आंखों में कोलेस्ट्रॉल जमा होता है, तो यह आंखों के चारों तरफ रक्तसंचार को प्रभावित करता है। जिससे आंखों में जलन और खिंचाव की समस्या भी हो सकती है।

**आंखों के निचले हिस्से में जिल्ला :** आंखों में कोलेस्ट्रॉल की बढ़ती मात्रा के चलते आंखों के निचले हिस्से में जिल्ला हो सकता है।

**नेत्रदाह :** ज्यादा मात्रा में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से रक्तसंचार में कमी हो सकती है। जिससे आंखों में सूजन आदि की समस्या भी हो सकती है। कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने पर आंखों के आसपास गांठे बनने लगती हैं। बता दें कि यह गांठे फैट होता है। जो मुख्य रूप से आंखों की पुतली के पास होता है। जिससे फिर धुंधलापन भी महसूस होने लगता है।

**फाइबर :** फाइबर से भरपूर डाइट लेने से कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में किया जा सकता है। इसलिए आप अपनी डाइट में अनाज, दालें, सब्जियां, फल आदि जरूर शामिल करें।

**सेमीस्टेडी तेलों :** ज्यादा तला भुना खाना हमारी सेहत के लिए अच्छा नहीं होता है। ऐसे में आपको अच्छी क्वालिटी का तेल इस्तेमाल में लाना चाहिए। आप कानोला तेल, जैतून का तेल और मस्टर्ड तेल का भी उपयोग कर सकती हैं।

**फल और सब्जियां :** अपनी डाइट में फल और सब्जियां जरूर शामिल करें। बता दें कि फलों और सब्जियों में भरपूर मात्रा में मिनरल्स, विटामिन और एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाया जाता है, जो आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

**ड्राई फ्रूट्स :** ड्राई फ्रूट्स और नट्स भी कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए फायदेमंद होते हैं। इसलिए आपको अलसी, चिया बीज, अखरोट, काजू आदि का सेवन करना चाहिए।

**फिश और ओमेगा-3 फैटी एसिड :** मछली आंखों की रोशनी के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद मानी जाती है। साथ ही यह कोलेस्ट्रॉल को भी कंट्रोल करने में मदद करती है। क्योंकि मछली में भरपूर मात्रा में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है।

## सूडोकु नवताल- 6815

✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6814 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**07 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.31 बजे से |
| चंद्र | वृष में | तुला | 08.42 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 10.57 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 13.13 बजे से |
| गुरु | मेष में | मकर | 15.18 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 17.04 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.37 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 20.08 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 21.48 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 23.46 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | कर्क | 01.59 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 04.15 बजे से |

**गुरुवार** 2023 वर्ष का 250 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अष्टमी 16.15 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 10.25 बजे को समाप्त। **योग** वज्र 22.02 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 16.15 बजे तदनन्तर तैतिल 04.48 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 21.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 15’ **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871729 **जूलियन दिन** 2460194.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सफर **तारीख** 21 **विशेष** रोहिणी व्रत, दही हांडी, संत ज्ञानेश्वर जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7877



**बाएँ से दाएँ**

1. परिचय, जानना-2,4
5. वायु रोग-2
7. उत्साह, जिज्ञासा
9. कांटा, शूल
10. पिता, साधू-2
11. योद्धा जाति, राजपूत-3
14. थकान-4
16. मिसाल के तौर पर-4
20. ध्वजा, पताका-3
22. सीमा, बार्डर-2
23. बुरी आदत-2
24. समस्या, मुद्दा-3
27. जोर, दम, ताकत-2
28. दिखावटीपन, आडंबर, -3,3

**ऊपर से नीचे**

1. सीतापति, रामचंद्र-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. धोखेबाज, दगाबाज-4
4. नलका, टोंटी-2
6. पुत्र, लड़का-3
8. कमरा, रूम-2
12. तीनों काल-3
13. पार्थिव शरीर, लाश-2
15. कजरा, अंजन-3
17. सच्चाई, सच-2
18. सेंधमार-5
19. पुचकारना, हाथ फेरना-4
20. धोखा, दगा-3
21. जरा, थोड़ा-2
25. सभी, संपूर्ण-2
26. राजेश खन्ना व मुमताज की बेहतरीन फिल्म-2

**शब्द पहेली -7876 का हल**



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**वृष राशि :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**मिथुन राशि :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**कर्क राशि :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**सिंह राशि :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या राशि :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा।

**तुला राशि :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक राशि :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**धनु राशि :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**मकर राशि :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**कुंभ राशि :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मीन राशि :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

**ओस्तापेंको को हराकर 19 साल की गॉफ पहली बार सेमीफाइनल में**

# विलियम्स के बाद सेमिफाइनल में पहुंचने वाली गॉफ पहली अमेरिकी किशोरी बनीं

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**



अमेरिका की 19 वर्षीय कोको गॉफ ने विगत मंगलवार को यहां यूएस ओपन में 20वीं वरीयता प्राप्त येलेना ओस्तापेंको को हराकर पहली बार महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए ओस्तापेंको को 6-0,6-2 से हराया, जिससे विगत मंगलवार को उनकी जीत का सिलसिला 10 मैचों तक पहुंच गया। 2001 में सेरेना विलियम्स के बाद गॉफ यहां सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अमेरिकी किशोरी बन गईं। यह दो फॉर्म में चल रही खिलाड़ियों के बीच की लड़ाई थी। ओस्तापेंको ने चौथे राउंड में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। गॉफ ने अब 35 दिनों में 17 में से 16 मैच जीते हैं। गॉफ ने बेहतरीन शुरूआत करते हुए पहला सेट महज 20 मिनट में अपने नाम कर लिया। हालांकि ओस्तापेंको ने दूसरे सेट में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन इसकी शुरूआत अच्छी नहीं रही क्योंकि गॉफ ने पहले गेम में ही उनकी सर्विस तोड़ दी। लेकिन लातवियाई, जो यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए लगातार तीन सेट के चार मैच जीतने वाली इतिहास की तीसरी महिला बनीं, ने कुछ अच्छे विनर्स लगाए। उसने तुरंत वापसी की और पहली बार सर्विस पर अपनी पकड़ बनाए रखी, और 3-2 पर ब्रेक प्वाइंट का मौका भी हासिल किया। गॉफ ने अपनी सर्विस बरकरार रखी, फिर ओस्तापेंको की सर्विस को फिर से तोड़ा क्योंकि नंबर 20 सीड ने फिर से अपने शॉट्स स्प्रे करना शुरू कर दिया। गॉफ ने अपने अंतिम सर्विस गेम में 0-30 से पिछड़ने के बाद कुशलतापूर्वक वापसी की और एक अविश्वसनीय फोरहैंड विनर लगाकर 17-शॉट की रैली को समाप्त कर पहली बार यूएस ओपन सेमीफाइनलिस्ट बन गई। गॉफ ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मैं बहुत खुश हूं।पिछले साल मैं क्वार्टर फाइनल में हार गयी थी। मैं खुश हूं और अगले मैच पर वापस लौटने के लिए तैयार हूं।"

### यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविच

**न्यूयॉर्क।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच मंगलवार की रात अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर न्यूयॉर्क में चल रहे यूएस ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इसी के साथ वह 47वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम इवेंट सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। जोकोविच ने गर्म परिस्थितियों में फ्रिट्ज को 6-1, 6-4, 6-4 से हराया, जिससे फ्रिट्ज के खिलाफ उनके आमने-सामने के रिकॉर्ड में 8-0 का सुधार हुआ और यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल में उनकी जीत का सिलसिला 13-0 तक बढ़ गया। बता दें कि दुनिया के नौवें रैंक के खिलाड़ी फ्रिट्ज बिना कोई सेट गंवाए अपने पहले यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल में पहुंचे थे। हालाँकि, जोकोविच ने छह बार उनकी सर्विस तोड़ी और 25 वर्षीय खिलाड़ी के पहले सर्विस के 55% प्रतिशत का फायदा उठाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। दूसरे वरीय, जिन्होंने पिछले महीने सिनसिनाटी में रिकॉर्ड-विस्तारित 39वां एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता था।

# श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर को मैच फिक्सिंग मामले में किया गिरफ्तार

**एजेंसी। कोलंबो**



श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सचित्रा सेनानायके को खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) के सामने पेश होने के बाद मैच फिक्सिंग के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे बाद में दिन में अदालत में पेश किया जाएगा। पिछले महीने, कोलंबो मजिस्ट्रेट ने 38 वर्षीय खिलाड़ी पर तीन महीने के लिए विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था। यह पूर्व क्रिकेटर के खिलाफ आपराधिक आरोप तय करने के लिए अटॉर्नी जनरल (एजी) द्वारा एसआईयू को दिए गए निर्देश पर था। आरोपों के मुताबिक, सेनानायके ने कथित तौर पर 2020 में लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के पहले संस्करण में मैच फिक्स करने के लिए दुबई से फोन पर दो क्रिकेटरों से संपर्क किया था। पूर्व क्रिकेटर, जिन्होंने श्रीलंका के लिए 73 सफेद गेंद मैचों में 78 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए थे, ने सभी आरोपों से इनकार किया है और दावा किया है कि वे झूठे और निराधार थे। सेनानायके द्वारा 2021 में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ कोलंबो मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर अग्रिम जमानत को खारिज कर दिया गया था।

# भारत और पाकिस्तान 10 सितंबर को कोलंबो में फिर होंगे आमने-सामने



### सुपर 4 शेड्यूल में होने वाले मैचों की तिथि

6 सितंबरः पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश, गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर
9 सितंबरः श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो,
10 सितंबरः पाकिस्तान बनाम भारत, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो
12 सितंबरः भारत बनाम श्रीलंका, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो
14 सितंबरः पाकिस्तान बनाम श्रीलंका, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो
15 सितंबरः भारत बनाम बांग्लादेश, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो

**एजेंसी। कोलंबो**

मौजूदा एशिया कप के सुपर 4 चरण आज से शुरू हो रहे हैं, जिसमें चार टीमें महाद्वीपीय टूनार्मेंट के अगले चरण के लिए आमने-सामने हैं। मंगलवार को अफगानिस्तान पर रोमांचक जीत के बाद, सह-मेजबान श्रीलंका ने टटूर्नामेंट के सुपर 4 चरण में जोरदार तरीके से प्रवेश किया। चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और भारत पहले ही ग्रुप ए से सुपर 4 चरण के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं, और अब ग्रुप बी से श्रीलंका और बांग्लादेश दो टीमें हैं जिन्होंने अन्य दो स्थान हासिल किए हैं। चार टीमें अब सुपर 4 चरण के दौरान तीन और मैच खेलेंगी ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि 17 सितंबर को कोलंबो में होने वाले एकमात्र फाइनल में कौन सी दो टीमें पहुंचेंगी। सुपर 4 चरण की शुरूआत के लिए पाकिस्तान लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। इसके बाद बांग्लादेश 9 सितंबर को आर. प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका से भिड़ेगा।

चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच टूर्नामेंट का दूसरा मैच 10 सितंबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में होगा, इससे पहले रोहित शर्मा की टीम दो दिन बाद 12 सितंबर को श्रीलंका से खेलने के लिए उसी स्थान पर लौटेगी। इसके बाद श्रीलंका 13 सितंबर को कोलंबो में एक महत्वपूर्ण मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगा। सुपर 4 चरण का आखिरी मैच 15 सितंबर को भारत और बांग्लादेश के बीच होगा।


कुल छह सुपर फोर मैचों में से एक लाहौर में होगा जबकि बाकी पांच कोलंबो में होंगे। सुपर 4 चरण के अंत में दो अग्रणी टीमें रविवार, 17 सितंबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में फाइनल में भिड़ेंगी।

### मिचेल सेंटनर 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के तीसरे गेंदबाज बने

**नॉटिंघम।** स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर मिशेल सेंटनर ने मंगलवार रात टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट पूरे कर लिए हैं और ऐसा करने वाले वह न्यूजीलैंड के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के चौथे टी20 मैच के दौरान इस मुकाम पर पहुंचे। मैच में सैंटनर ने चार ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो, डेविड मलान और मोईन अली के विकेट लिए। सेंटनर के नाम 90 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अब 22.06 की औसत से 100 विकेट हैं, जिसमें 7.08 की इकॉनमी रेट और 4/11 की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े हैं। ईश सोढ़ी (126 विकेट) के बाद तीसरे स्थान पर हैं। कुल मिलाकर, वह टी20ई में 100 विकेट के आंकड़े तक पहुंचने वाले केवल आठवें गेंदबाज हैं। साउथी (144 विकेट), बांग्लादेश के शाकिब अल हसन (140 विकेट) और श्रीलंकाई दिग्गज लसिथ मलिंगा (107 विकेट) टी20ई में शीर्ष विकेट लेने वालों में से हैं।

# एशिया कप : नजम सेठी ने फिर बोला भारत पर हमला

**एजेंसी ।ब नई दिल्ली**



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष नजम सेठी ने भारत-पाकिस्तान सुपर-4 मैच को खराब मौसम के बावजूद शिफ्ट न करने के फैसले के लिए एक बार फिर एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) पर निशाना साधा। बुधवार को पुष्टि की गई एशिया कप सुपर 4 स्थानों के अनुसार, छह में से पांच मैच कोलंबो में होने वाले हैं। मौसम अपडेट के मुताबिक 20 सितंबर तक कोलंबो में बारिश होगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सेठी ने लिखा, बीसीसीआई/एसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को सूचित किया कि उन्होंने बारिश के पूर्वानुमान के कारण अगले भारत-पाक मैच को कोलंबो से हंबनटोटा में शिफ्ट करने का फैसला किया है। हालांकि, एक घंटे के भीतर उन्होंने अपना मन बदल दिया और आयोजन स्थल के रूप में कोलंबो की घोषणा की। क्या हो रहा है? क्या भारत खेलने और पाकिस्तान से हारने से डर रहा है? हाल ही में पल्लेकेल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मुकाबला शनिवार को लगातार बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। सेठी ने दोनों शहरों में विपरीत मौसम की स्थिति को दर्शाने वाली तस्वीरें भी साझा की, जिसमें बताया गया कि कोलंबो में रविवार को बारिश की 89% संभावना है जबकि हंबनटोटा में केवल 12% संभावना है। इससे पहले, पूर्व पीसीबी प्रमुख ने श्रीलंका में बारिश के मौसम को जानने के बाद भी यूएई के बजाय श्रीलंका में एशिया कप 2023 कराने को लेकर बीसीसीआई और एसीसी पर आरोप लगाया था।

### सात्विक-चिराग के शुरूआती दौर में हार के साथ ही भारतीय चुनौती समाप्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के पुरुष युगल चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को चीन ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के शुरूआती दौर में बुधवार को चीन के चांगझू में इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और मौलाना बागस की जोड़ी से तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व में दूसरे नंबर की भारतीय जोड़ी दुनिया की 13वें नंबर की जोड़ी से एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में 17-21, 21-11, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिक्की रेड्डी और रोहन कपूर की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी भी पहले दौर में चेन तांग जी और तोह ई वेई की मलेशियाई जोड़ी से 15-21, 16-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इस साल की शुरूआत में स्विस ओपन सुपर 300, कोरिया ओपन और इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 में सफलता के बाद एशियाई खेलों से ठीक पहले शुरूआती दौर में हार सात्विक और चिराग के लिए बहुत बड़ी निराशा होगी।

# अर्जेंटीना के फुटबॉल बॉस चाहते हैं कि मेसी अगले फीफा विश्व कप में खेलें

**एजेंसी। ब्यूनस आयर्स**



देश के शीर्ष फुटबॉल अधिकारी ने कहा है कि लियोनल मेसी 2026 विश्व कप तक अर्जेंटीना के लिए खेलना जारी रख सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष क्लाउडियो तापिया के अनुसार, मेसी ने पहले फुटबॉल के शोपीस टूनार्मेंट के अगले संस्करण तक अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को आगे बढ़ाने की संभावना से इनकार कर दिया था, लेकिन उन्हें अपना मन बदलने के लिए राजी किया जा सकता है। तापिया ने ब्यूनस आयर्स में स्पोर्ट्स लीडर्स समिट के दौरान कहा, वह हमेशा अधिक का लक्ष्य रखता है। वह कभी हार नहीं मानता और हमेशा आपको आश्चर्यचकित करता है। यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैंने सोचा है। मैं ऐसा कैसे नहीं कर सकता? मैं चाहूंगा कि वह वहां रहे। अपने मौजूदा फॉर्म में, मेसी आसानी से 2026 विश्व कप में खेल सकते हैं। मेसी, जिन्होंने पिछले साल कतर में एल्बीसेलेस्टे को तीसरी विश्व कप ट्रॉफी दिलाई थी, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में टूर्नामेंट समाप्त होने पर 39 वर्ष के हो जाएंगे। लेकिन बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व फॉरवर्ड ने गिरावट के कोई संकेत नहीं दिखाए हैं। जुलाई के मध्य में एक फ्री एजेंट के रूप में इंटर मियामी में शामिल होने के बाद से, 36 वर्षीय ने कई मैचों में 11 गोल किए हैं और पांच सहायता प्रदान की हैं। उन्होंने पिछले महीने फ्लोरिडा की टीम को लीग कप खिताब दिलाया - जो कि क्लब की पहली ट्रॉफी थी - और ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में अभी भी 14वें स्थान पर रहने के बावजूद उन्हें मेजर लीग सॉकर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने का एक बाहरी मौका दिया है।

### आईसीसी विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व कप 2023 के लिए बुधवार को 15 खिलाड़ियों की अस्थायी टीम की घोषणा की है। टीम में मार्नस लाबुशेन का जगह नहीं मिली है, जबकि चोटिल खिलाड़ी पैट कमिंस, स्टीवन स्मिथ, मिशेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल को शामिल किया गया है। वहीं, सीन एबॉट ने विश्व कप टीम में पहली बार जगह बनाई है। जोश इंगलिस को बैकअप विकेटकीपर और अतिरिक्त बल्लेबाजी विकल्प के रूप में शामिल किया गया है। टीम में 28 सितंबर तक संशोधन किया जा सकता है जिसके बाद आईसीसी की मंजूरी की आवश्यकता होगी। इस महीने की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका और भारत दौरों के लिए चुने गए मूल 18-खिलाड़ियों के समूह में से एलिस, आरोन हार्डी और तनवीर संघा तीन ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें अंतिम टीम में जगह नहीं मिली है।

# भारतीय पुरुष टीम को एशियाई टीटी चैंपियनशिप में मिला कांस्य पदक



**एजेंसी। प्योंगचांग (दक्षिण कोरिया)**

भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने बुधवार को चीनी ताइपे से सेमीफाइनल में हार के साथ एशियाई चैंपियनशिप में अपना अभियान समाप्त करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। अचंत शरत कमल, हरमीत देसाई और जी सत्यन की तीसरी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम को चीनी ताइपे से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा और उनका अभियान तीसरे स्थान पर समाप्त हुआ। पहले मुकाबले में शीर्ष पैडलर शरत, चुआंग चिह-युआन से 6-11, 6-11, 9-11 से हार गए। जबकि सत्यन को लिन युन-जू के हाथों 5-11, 6-11, 10-12 से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे मुकाबले में हरमीत ने भारत को बढ़त दिलाने के लिए संघर्ष किया लेकिन काओ चेंग-जुई से 6-11, 7-11, 11-7, 9-11 से हार गए। अन्य मैच में मनिका बत्रा, अहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की महिला टीम बुधवार को पांचवें स्थान के मुकाबले में थाईलैंड से 0-3 से हारकर छठे स्थान पर रही। पांचवें स्थान के मुकाबले में थाईलैंड जाने से पहले भारतीय महिलाओं ने 5-8 स्थान के मैच में सिंगापुर को 3-2 से हराया था। महिला टीम सोमवार को अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जापान से 0-3 से हार गई थी।

**बेहतर प्रदर्शन** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने ईशान के बारे में कहा-

# बाएं हाथ के बल्लेबाज को मौका कम मिलते हैं लेकिन दबाव रहता है

**एजेंसी। नई दिल्ली**



**17 सितंबर को एशिया कप खत्म होने के बाद भारत 22-27 सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन वनडे मैच खेलेगा**

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा है कि क्यों विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में चयन के हकदार थे। उन्होंने कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज को कभी भी ज्यादा मौके नहीं मिले और जब मिलते हैं तो उन पर दबाव होता है।

केएल राहुल और ऋषभ पंत चोटों के कारण इस साल टीम से बाहर रहे। इस बीच ईशान किशन को बेहतर प्रदर्शन और टीम के लिए तीनों प्रारूपों में खेलने के दम पर 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले विश्व कप के लिए भारत की टीम में जगह मिली है। पिछले साल चटगांव में बांग्लादेश के खिलाफ शानदार दोहरा शतक (210 रन) बनाने के बाद, किशन ने श्रीलंका के पल्लेकेल में एशिया कप लीग मैच में पाकिस्तान के खिलाफ पांचवें नंबर पर 82 रन बनाकर अपनी जगह पक्की की। यह देखना दिलचस्प होगा कि ईशान किशन और अब फिट राहुल में से कौन विश्व कप के लिए टीम इंडिया की पहली पसंद बनेगा। आकाश चोपड़ा ने कहा, ईशान किशन को ज्यादा मौके नहीं मिलते, लेकिन जब मिलते हैं तो उन पर दबाव होता है। उन्होंने दोहरा शतक लगाया है और उसके बाद भी हमें उन्हें ज्यादा मौके मिलते नहीं दिख रहे हैं, ये बात सच है क्योंकि दोहरे शतक के बाद उन्हें अगली सीरीज में ही शामिल नहीं किया गया था। ईशान इस टीम में कहां बल्लेबाजी करेंगे, यह एक अलग मुद्दा है, जो विभिन्न परिस्थितियों पर निर्भर करता है। लेकिन, उन्होंने वनडे प्रारूप की नब्ज को समझ लिया है। 17 सितंबर को एशिया कप खत्म होने के बाद भारत 22-27 सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन वनडे मैच खेलेगा। इसके बाद टीम 30 सितंबर और 3 अक्टूबर को इंग्लैंड और नीदरलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी। 1983 और 2011 का चैंपियन भारत, 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरूआत करेगा। चोपड़ा ने आगे बताया कि विश्व कप मोड में आते ही भारतीय टीम अपनी मानसिकता कैसे बनाएगी। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट में कहीं न कहीं ऐसा माहौल बनता है जहां आप एक-दूसरे का ख्याल रखना शुरू करते हैं और विश्वास होता है कि हम यह करेंगे, हम जीतेंगे।



## राष्ट्रपति भवन में हुआ जन्म, लंदन की हासिल की डिग्री

# बाल काटकर खड़ी कर दी 300 करोड़ की कंपनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बाल काटने वाले नाई के पेशे को अक्सर लोग अक्सर छोटा काम मान लेते हैं। कम कमाई वाले इस काम को एक खास वर्ग के साथ जोड़कर देखा जाता रहा है, लेकिन समय के साथ चीजें बदलती चली गई। आज बाल काटने का काम फैशन से जुड़ गया है। बाल काटकर लोग लाखों की कमाई कर रहे हैं। जहां पहले कुर्सी पर छोटे से शीशे के सामने कुछ पैसों में आप बाल कटवाते थे, आज बड़े-बड़े सैलून हैं। एसी सैलून , लग्जरी सुविधाओं के साथ अब आप आराम से बाल कटवाते हैं। अब बाल काटने का काम फैशन से जुड़ गया है। नाई के इस काम को ट्रेंडी और स्टाइलिश बनाने में इस एक शख्स का बड़ा रोल रहा है। इसने बाल काटने के काम को लेकर लोगों के मन में जो भावना थी, उसे बदल दिया। जाने-माने हेयर स्टाइलिश जावेद हबीब ने इस बात को साबित कर दिया कि लोग नाई का काम करके भी करोड़ों की कमाई कर सकते हैं। जावेद हबीब, बॉलीवुड सेलेब्रिटीज के फेवरेट हेयर स्टालिस्ट में से एक हैं। ब्यूटी इंडस्ट्री में भी उनका काफी नाम है। देश-दुनिया में जावेद हबीब के सैलून है। बाल काटने के अपने कारोबार से वो करोड़ों की कमाई करते हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं जावेद हबीब के बाद विदेश की डिग्री है। उन्होंने लंदन के मॉरिस इंटरनेशनल स्कूल से अपनी पढ़ाई पूरी की है। बाद में उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से फ्रेंच में डिग्री हासिल की। जावेद होटल मैनेंजमेंट करना चाहते थे, लेकिन किस्मत उन्हें वापस अपनी पुश्तैनी काम की ओर खींच लाई। जावेद हबीब के दादा नजीर अहमद लॉर्ड माउंटबेटन समेत ब्रिटिश सरकार के बड़े अधिकारियों के पर्सनल हेयर ड्रेसर थे। देश की आजादी के बाद वो प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के पर्सनल हेयरड्रेसर बन गए। पिता के बाद उनके बेटे और जावेद हबीब के पिता हबीब अहमद नेहरू के पर्सनल हेयर ड्रेसर बने। नेहरू के अलावा वो राजमाता गायत्री देवी और देश के कई राष्ट्रपति के ड्रेसर रहे। उनका परिवार राष्ट्रपति भवन में ही रहता था। जावेद हबीब का जन्म भी राष्ट्रपति भवन के ब्लॉक 12 के हाउस नंबर 32 में हुआ। जावेद नाई का काम नहीं करना चाहते थे। लंदन में पढ़ाई के दौरान उन्होंने मैकडोनाल्ड का आउटलेट देखा। वहीं से उनके दिमाग में अपना काम शुरू करने का आइडिया आया। उन्होंने सोचा जब लोग बर्गर बेचकर कमा सकते हैं तो हेयर ड्रेसिंग को लोगों की जरूरत है। फिर क्या था, जावेद ने अपने पिता से हेयरड्रेसिंग की बारीकियां सीखीं। पिता के कहने पर उन्होंने लंदन में हेयर डिजाइनिंग स्कूल से प्रोफेशनल कोर्स किया और फिर उन्होंने बाल काटने को बिजनेस रूप देना शुरू किया।



## अमेरिका से कभी आगे नहीं निकल पाएगी चीन की इकॉनमी

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी से पहले चीन की इकॉनमी कुलांचे मार रही थी। दो दशक से भी अधिक समय से चीन दुनिया की फैक्ट्री बना हुआ था। पूरी दुनिया चीन के सामान से पटी पड़ी थी। माना जा रहा था कि अगले दशक की शुरूआत में ही अमेरिका को पछाड़कर चीन दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी बन जाएगा। लेकिन एक झटके में सबकुछ बिखर गया। चीन की इकॉनमी हर मोर्चे पर संघर्ष कर रही है। एक्सपोर्ट गिर गया है, सर्विस पीएमआई आठ महीने के लो पर पहुंच गया, रियल एस्टेट का भट्टा बैठा हुआ है, बेरोजगारी चरम पर है, खपत दिन ब दिन कम होती जा रही है, विदेशी कंपनियों और निवेशकों ने मुंह मोड़ना शुरू कर दिया है। हालत यह हो गई है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग को मुंह छिपाना पड़ रहा है। हाल में वह ब्रिक्स सम्मेलन में इकॉनमी पर बोलने से कन्नी काट गए और अब जी-20 देशों की मीटिंग में भी नहीं आ रहे हैं। ब्लूमबर्ग इकनॉमिक्स के मुताबिक चीन को अमेरिका से आगे निकलने के लिए अब 2040 के दशक के मध्य तक इंतजार करना होगा।

# अल्टीग्रीन ड्राइव रेंज अभियान में सिंगल चार्ज में जमशेदपुर से पहुंची रांची

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पायनियर ब्रांड अल्टीग्रीन ने अपने अल्टीग्रीन ड्राइव रेंज अभियान में अपने हाइटेक इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के असाधारण क्षमता और विश्वसनीयता का प्रदर्शन किया। एक अद्वितीय यात्रा की शुरूआत मंगलवार को सुबह 8 बजे जमशेदपुर से फ्लैग आफ के साथ हुई। जमशेदपुर की भीड़भरी सड़कों से लेकर तमार की शांत पगड़ियों से जारी यह सफर दोपहर 12 बजे रांची प्रेस क्लब में संपन्न हुई। अभियान में 450 किलोग्राम भार और एक बैटरी चार्ज पर 127 किलोमीटर की दूरी तय की गई। अल्टीग्रीन रेंज ड्राइव अभियान का उद्देश्य अल्टीग्रीन के इलेक्ट्रिक वाहनों की हर चुनौतीपूर्ण परिस्थिति और सड़कों पर उसकी असाधारण क्षमताओं और दक्षता का प्रदर्शन करना है। ड्राइव अभियान का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र के बदलते वक्त के साथ उन्हें नए आकार देने के साथ समर्पण का प्रमाण भी है। अभियान में अल्टीग्रीन ने अपने हाई डेक वाहन और लो डेक वाहन की असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन किया, जिसने निर्धारित दूरी को अत्यधिक रेंज के साथ कवर किया। लो डेक ग्रीन वाहन ने प्रभावशाली बैटरी चार्ज बरकरार रखते हुए 127 किलोमीटर दूरी तय की। हाई डेक ऑरेंज वाहन ने समान दूरी तय करने के बाद बैटरी चार्ज का दावा किया। इस अवसर, अल्टीग्रीन के डायरेक्टर सेल्स,सर्विस और मार्केटिंग डायरेक्टर देबाशीष मित्रा ने कहा कि भारत के 56 शहरों में 3000 से अधिक वाहनों के साथ अल्टीग्रीन, इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में एक अग्रणी के रूप में स्थापित हुआ है। आज कंपनी ने की एक अलग पहचान आज इस इंडस्ट्री में है जिसमें 31 डीलर पॉइंट और 120+ सेवा केंद्रों का एक मजबूत नेटवर्क है। यह ग्राहकों की संतुष्टि और सेक्टर में बेहतर प्रदर्शन के साथ प्रोडक्ट के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अल्टीग्रीन के एनईईवी एक पायनियर इलेक्ट्रिक व्हीकल ने 28 अलग क्षेत्रों में अपना स्थान बनाया है। इसमें किराने, दूध की डिलीवरी से लेकर, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, रेफ्रिजेशन, फॉर्मास्यूटिकल्स और फर्नीचर ट्रांसफोर्ट तक में इसका उपयोग किया जा रहा है।



# रियलमी ने 11 सीरीज 5जी और रियलमी बड्स एयर 5 सीरीज किया पेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने बुधवार को अपनी हीरो नंबर सीरीज और एआईओटी सेगमेंट में चार अत्याधुनिक उत्पादों- रियलमी 11 5जी, रियलमी 11एक्स 5जी, रियलमी बड्स एयर 5 और रियलमी बड्स एयर 5 प्रो के लॉन्च की घोषणा की। इन अत्याधुनिक डिवाइसेज में उन्नत विशेषताओं और सहज डिजाइन का शानदार मिश्रण है, जो आपके अनुभव को और ज्यादा बेहतर बनाने के लिए बनायी गई हैं। लॉन्च के अवसर रियलमी के प्रवक्ता ने बताया, रियलमी इनोवेशन में सबसे आगे रहता है, और यूजर्स को अत्याधुनिक तकनीक व विशेषताएं प्रदान करता है, जिनसे उन्हें शानदार यूजर अनुभव मिलता है।

हम रियलमी 11 सीरीज 5जी और अपनी एआईओटी सीरीज में रियलमी बड्स एयर 5 सीरीज पेश करके बहुत उत्साहित हैं, जो इनोवेशन और उत्कृष्टता की ओर हमारी प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। ये चार बेहतरीन उत्पाद स्मार्टफोन और एआईओटी उद्योग में नए मानक स्थापित कर देंगे। इन डिवाइसेज में लीप-फॉरवर्ड विशेषताएं और इनोवेटिव डिजाइन है, जो आपके अनुभव को नये आयाम में ले जाएंगे। इसके अलावा अपनी 5वीं वर्षगांठ के साथ हमने अपने ब्रांड को लीप अप पर केंद्रित किया है, और अगले पांच वर्षों के लिए नो लीप नो लॉन्च की उत्पाद नीति बनायी है। अगले पांच सालों में हम विश्व में युवाओं का पसंदीदा टेक्नोलॉजी ब्रांड बनने और इमेजिंग टेक्नोलॉजी, परफॉर्मेंस, एवं औद्योगिक डिजाइन ठोस प्रगति करने पर केंद्रित रहेंगे। रियलमी के इस अभूतपूर्व सफर में साथ देने के लिए आप सबका धन्यवाद।




## बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली बनाने के लिए 3,760 करोड़ रुपए को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली बनाने के लिए 3,760 करोड़ रुपए की व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज केंद्रीय कैबिनेट ने बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के विकास के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण के लिए एक योजना को मंजूरी दी है। इस योजना में 2030-31 तक 4,000 मेगावाट की बीईएसएस परियोजनाओं के विकास की परिकल्पना की गई है, जिसमें बजटीय सहायता के रूप में पूंजीगत लागत का 40% तक वित्तीय सहायता के रूप में दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कोष वर्ष 2030-31 तक पांच किस्तों में जारी किया जाएगा। इससे 4,000 मेगावाट घंटे का ऊर्जा भंडार तैयार करने में मदद मिलेगी। ठाकुर ने कहा कि व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण से 9,500 करोड़ रुपए का निवेश होने की उम्मीद है।

## एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग ने पीएम मोदी के साथ की मीटिंग

# दुनिया की कई टेक कंपनियों में एआई चिप के लिए मची होड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एआई चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एनवीडियो कॉर्प पिछले कई महीनों से सुर्खियां बटोर रही है। माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी दुनिया की बड़ी-बड़ी टेक कंपनियों में एनवीडिया से ज्यादा से ज्यादा चिप लेने की होड़ मची है। सऊदी अरब और यूएई भी कंपनी से हजारों चिप खरीद रहे हैं। चीन की कंपनियां टेंसेट और अलीबाबा भी एनवीडिया के दरवाजे पर खड़ी हैं। इससे पता चलता है कि एनवीडिया के चिप की दुनिया में कितनी डिमांड है। चैटबॉट और दूसरे टूल्स के बढ़ते चलन के कारण आने वाले दिनों में इसमें और तेजी आने की उम्मीद है। इस सबके बीच कंपनी के सीईओ जेनसन हुआंग में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मोदी ने हुआंग के साथ मीटिंग के बाद ट्वीट किया, 'एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग के साथ मीटिंग शानदार रही। हमने एआई की दुनिया में भारत की संभावनाओं के बारे में विस्तार से बात की। भारत ने इस सेक्टर में जो कदम उठाए हैं, हुआंग ने उनकी तारीफ की और वह भारत के प्रतिभावान युवाओं को लेकर काफी उत्साहित हैं।' कंपनी ने भी एक ट्वीट में भारत को ग्लोबर टेक्नोलॉजी सुपरपावर बताया। कंपनी ने कहा कि हुआंग की पीएम मोदी के साथ मीटिंग हमारे और ग्लोबल टेक्नोलॉजी सुपरपावर के बीच बढ़ती पार्टनरशिप को दशार्ती है। एनवीडिया की स्थापना जेनसन हुआंग ने की थी। हुआंग का जन्म 1963 में ताइवान में हुआ था। उनका बचपन ताइवान और थाईलैंड में गुजरा। साल 1973 में उनके माता-पिता ने उन्हें अमेरिका में अपने रिश्तेदारों के पास भेज दिया।



## विदेश

## अमेरिका में घुसपैठ के लिए चीन का नया दांव

# नया टूरिस्ट बनाकर भेज रहा जासूस

**एजेंसी। काठमांडू**

चीन बाहरी तौर पर अमेरिका, भारत और आस्ट्रेलिया के साथ संबंधों को सुधारने के दावे करता हो लेकिन हकीकत दुनिया से छुपी नहीं है। अपनी महत्वकांक्षाएं पूरी करने के चीन कोई भी चाल चलने से गुरेज नहीं करता है। अपने दुश्मन देशों में जासूसी को अंजाम देने के लिए वह बड़ी से बड़ी बाधाओं को पार कर सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल (हरख) की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ऐसा ही कुछ चीन इन दिनों अमेरिका में कर रहा है। चीन ने हाल के वर्षों में अपने नागरिकों को पर्यटकों के रूप में अमेरिका भेजा है ताकि उनके जरिए अमेरिकी सेना के मिलिट्री बेस और अन्य संवेदनशील जगहों पर जासूसी करवाई जा सके। ये रिपोर्ट ऐसे समय पर आई है, जब अमेरिका और चीन के रिफ्ते काफी तनावपूर्ण चल रहे हैं। हरख की रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने लंबे समय से चीनी पर्यटकों के जरिए अमेरिका में जासूसी की है। सीनियर अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से छापी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन ने पर्यटकों के रूप में भेजे गए जासूसों के जरिए एक या दो बार नहीं, बल्कि हाल के वर्षों में 100 से ज्यादा बार जासूसी को अंजाम दिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले साल रक्षा मंत्रालय, एफबीआई और अन्य खुफिया एजेंसियों की बैठक हुई जिसमें जासूसी के इस तरह के मामलों पर रोक लगाने को लेकर चर्चा की गई।बैठक में बताया गया कि चीनी पर्यटकों ने कई बार बिना जांच के अमेरिकी मिलिट्री बेस में एंट्री की है। चीनी पर्यटक न्यू मैक्सिको में यूएस मिसाइल रेंज में घुस गए। यहां तक कि एक बार वे स्कूबा डाइविंग के बहाने फ्लोरिडा में मौजूद रॉकेट लॉन्च साइट तक में घुसपैठ कर आए।



## पाकिस्तान में 4 युवकों को ईशनिंदा के मामले में मौत की सजा सुनाई

**काबुल।** पाकिस्तान की एक अदालत ने सोशल मीडिया पर ईशनिंदा करने के लिए चार युवकों को मौत की सजा सुनाई। देश की शीर्ष जांच एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश (रावलपिंडी) एहसान महमूद मलिक ने फेसबुक पर ईशनिंदा सामग्री पोस्ट करने के लिए सोमवार को चारों को मौत की सजा सुनाई। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि उनमें से प्रत्येक को कुरान के खिलाफ ईशनिंदा करने के लिए 28 साल की जेल की सजा भी दी गई है। हालांकि, पांचवें संदिग्ध उस्मान लियाकत को सात साल की कैद की सजा सुनाई गई। एफआईए ने कहा, अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश ने लगभग 20 वर्ष के युवकों मुहम्मद अमीन, वजीर गुल, फैजान रजाक और मुहम्मद रिजावान को फेसबुक पर पैगंबर के खिलाफ ईशनिंदा सामग्री पोस्ट करने के लिए मौत की सजा सुनाई।ह्न अदालत ने कहा, दोषियों ने सोशल मीडिया पर कुरान के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां साझा की थीं।

## टीटीपी आतंकियों ने पाकिस्तानी गांवों पर किया कब्जा

# तालिबान-पाकिस्तान की सेना में जोरदार गोलीबारी, सीमा बंद

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

तालिबानी आतंकियों के अफगानिस्तान में सत्ता में आने के बाद जश्न मनाने वाले पाकिस्तान पर टीटीपी का भीषण हमला हुआ है। तहरीक-ए- तालिबान पाकिस्तान या टीटीपी के आतंकियों ने दावा किया है कि उन्होंने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके में घुसकर चित्राल जिले के कई इलाकों पर कब्जा कर लिया है। इस बीच पाकिस्तानी सेना ने दावा किया है कि टीटीपी का दावा झूठा है। दोनों तरफ के दावों के बीच पाकिस्तान और तालिबानी आतंकियों के बीच तोरखम सीमा पर जोरदार गोलीबारी हुई है और भारी तनाव को देखते हुए तोरखम सीमा को बंद कर दिया गया है। द खोरासान डायरी के मुताबिक टीटीपी के प्रवक्ता और एक प्रमुख कमांडर ने दावा किया है कि उसके लड़ाकुओं ने बहुत बड़ी तादाद में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के चित्राल जिले में प्रवेश किया है। यह इलाका अफगानिस्तान के कुनार, नूरिस्तान और बादख्शान प्रांत से सटा हुआ है। टीटीपी कमांडर ने दावा किया, 'टीटीपी ने चित्राल जिले में एक अभियान शुरू किया है और कई गांवों पर हमने कब्जा कर लिया है। यह अभियान आज सुबह 4 बजे शुरू हुआ। हम इस अभियान की तस्वीर भी जारी करेंगे लेकिन अभी वहां इंटरनेट की स्पीड बहुत खराब है।' इस बीच पाकिस्तानी सेना ने दावा किया है कि अफगानिस्तान की ओर से फायरिंग की जा रही है और टीटीपी के आतंकी चित्राल सीमा पर देखे गए हैं।



## विवादित | नेपाल की ब्लॉक भोटे कोशी नदी पर अवैध निर्माण कर रहा चीन

# खतरा पहुंचायेगा हजारों रिहायशी बस्तियों को

**एजेंसी। वाशिंगटन**

चीन द्वारा हाल ही में जारी एक विवादास्पद मानचित्र ने अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में विवाद पैदा कर दिया है। चीन के 'लोकप्रिय मानचित्र' के रूप में संदर्भित इस मानचित्र ने विशाल क्षेत्रों पर अपने मुखर दावों के कारण ध्यान आकर्षित किया है। विशेष रूप से, चीन ने अरुणाचल प्रदेश में 90,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक भूमि और अक्साई चीन में अतिरिक्त 30,000 वर्ग किलोमीटर विवादित क्षेत्र को शामिल कर लिया है, जिससे चल रहे विवाद और बढ़ गए हैं। जिस चीज ने आग में घी डालने का काम किया है वह है चीन का दक्षिण चीन सागर और ताइवान को अपने राष्ट्र के अभिन्न अंग के रूप में शामिल करना। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र के रूप में पहचाने जाने वाले प्रमुख अंग्रेजी दैनिक 'द ग्लोबल टाइम्स' ने बताया, "चीन ने विगत सोमवार को वर्ष 2023 के लिए अपने बहुचर्चित मानचित्र का अनावरण किया। यह मानचित्र अब प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। चीन की कार्टोग्राफिक पद्धति का उपयोग करके निर्मित, यह अन्य वैश्विक देशों द्वारा नियोजित मानचित्रण तकनीकों को भी एकीकृत करता है। विवाद का एक महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि, इसके जारी होने पर, नेपाल ने चीन के मानचित्र के अस्तित्व से इंकार कर दिया, जिसमें तीन साल पहले लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को चित्रित किया गया था। फिलहाल, नेपाल ने आधिकारिक तौर पर इस स्थिति पर कोई औपचारिक राजनयिक या राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। चीन के अतिक्रमण का जारी रहना उसकी मंशा पर सवाल उठाता है। सीमा विशेषज्ञ बुद्धिनारायण श्रेष्ठ के अनुसार, अतिक्रमण के संबंध में नेपाल की उत्तरी सीमा की भौगोलिक स्थिति की गंभीरता के बारे में किसी भी एजेंसी से व्यापक जानकारी का अभाव है। तुलनात्मक रूप से चीन द्वारा भूमि अतिक्रमण का मुद्दा अपेक्षाकृत छोटा लगता है। हालाँकि, नेपाल के नए मानचित्र के अस्तित्व से चीन का इंकार एक चिंताजनक प्रवृत्ति को उजागर करता है। विशेषज्ञ सुझाव देते हैं, यह हमारी ओर से एक कूटनीतिक कमजोरी को उजागर करता है। चीन का इनकार नेपाल द्वारा उन्हें आधिकारिक तौर पर नए मानचित्र का अंग्रेजी संस्करण प्रदान करने में विफलता से उपजा है। 1961 के सीमांकन से संकेत मिलता है कि चीन के साथ सीमा मुख्य रूप से पहाड़ों और ग्लेशियरों द्वारा अलग की गई है। प्राकृतिक रूप से पूर्व से पश्चिम तक विभाजित नेपाल में चीन के साथ 43 सीमा पार और चौकियां हैं।



## अगर चीन चाहता है तो आकर बिगाड़ दे जी 20 सम्मेलन : एनएसए सुलिवन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि यह चीन को तय करना है कि वह नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में किस तरह की भूमिका निभाना चाहता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर बीजिंग इसमें आना चाहता है और बिगाड़ने वाले" की भूमिका निभाना चाहता है, तो यह विकल्प उसके लिए उपलब्ध है। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन मंगलवार को व्हाइट हाउस संवाददाता सम्मेलन में जी20 शिखर सम्मेलन पर भारत-चीन सीमा तनाव के प्रभाव को लेकर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, जहां तक भारत और चीन के बीच तनाव का (जी20) शिखर सम्मेलन को प्रभावित करने का सवाल है तो यह वास्तव में चीन पर निर्भर है। अगर चीन इसमें आना चाहता है और बिगाड़ने वाले की भूमिका निभाना चाहता है तो निश्चित रूप से यह विकल्प उनके लिए उपलब्ध है।

# द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने का बड़ा मौका



**एजेंसी। ब्रिटेन**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली आ रहे हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच 20.42 अरब डॉलर का व्यापार होता है। यूरोपीय संघ से अलग- होने के बाद ब्रिटेन भारत के साथ व्यापारिक सांझेदारी मजबूत करने के प्रयास में जुटा है। वह भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता चाहता है। इस पर दोनों देशों के बीच 12 दौर की वार्ता हो चुकी है। प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते में कुल 26 अध्याय हैं, इनमें से अधिकांश पर बातचीत हो चुकी है। ऑटोमोबाइल सैक्टर में ब्रिटेन शुल्क कटौती चाहता है। भारत कपड़ा, चमड़ा और दूसरे श्रम आधारित क्षेत्रों में शून्य टैरिफ पर जोर दे रहा है। यह माना जा रहा है कि शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय वार्ता में दोनों देशों के नेता इस पर बातचीत को अंतिम रूप देने की कोशिश करेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों भी 9 और 10 सितम्बर को नई दिल्ली में होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वह कई मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ : बोलेरो पिकअप वाहन नदी में गिरी ,चार की मौत

**रायपुर / दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पुलगांव बाईपास स्थित शिवनाथ नदी के पुराने पुल से अंजोरा से दुर्ग लौट रही बोलेरो पिकअप वाहन मंगलवार देर रात नदी में जा गिरी। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। सभी ढाबा से खाना खाकर लौट रहे थे।मृतकों में एक पुरुष, एक महिला तथा दो लड़कियां शामिल हैं। एसडीआरएफ की टीम ने बुधवार सुबह वाहन को नदी से बाहर निकाल लिया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने लद्दाख पर्वतीय विकास परिषद चुनाव की अधिसूचना रद्द की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लद्दाख पर्वतीय विकास परिषद चुनाव की अधिसूचना को रद्द कर दिया है। लद्दाख प्रशासन ने नेशनल कॉन्फ्रेंस को 'हल' चुनाव चिह्न देने से मना किया था। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने लद्दाख प्रशासन से सात दिन में नई अधिसूचना जारी करने को कहा है। यह चुनाव 10 सितंबर को होना था। पांच अगस्त को अधिसूचना जारी हुई थी। इस अधिसूचना को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट ने भी गलत बताया था। हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

### एनआईए ने उप्र में माओवादियों के आठ ठिकानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** माओवादी विचारधारा को शहरी इलाके में फैलाने और देश की चुनी हुई सरकार के खिलाफ साजिश रचने के इनपुट को आधार बनाकर एनआईए ने उत्तर प्रदेश के पांच जिलों के आठ ठिकानों पर छापेमारी कर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई के दौरान तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया लेकिन बाद में छोड़ दिया और दोबारा पूछताछ के लिए भी बुलाया है। इसके साथ ही एनआईए ने बड़े पैमाने पर सुबूत भी इकट्ठा किए हैं।

### असम में सड़क दुर्घटना में 7 की मौत

गुवाहाटी। असम के तिनसुकिया जिले में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा मंगलवार रात जिले के काकोपत्थर इलाके के पास बोर्डिरक तिनियाली में हुआ।

### जी-20 सम्मेलन के लिए पीएम मोदी ने अपने दृष्टिकोण को किया साझा

# मानव जीवन को बेहतर बनाना हमारा लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए विश्व नेताओं के नई दिल्ली पहुंचने से पहले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं से ग्रस्त विश्व में भारत की भूमिका, विश्वसनीय वैश्विक संस्थानों की आवश्यकता और वित्तीय रूप से गैर-जिम्मेदार नीतियों से होने वाले खतरों के बारे में अपने दृष्टिकोण को साझा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' हमारी भारतीय संस्कृति के इन दो शब्दों में एक गहरा दार्शनिक विचार समाहित है। इसका अर्थ है, 'पूरी दुनिया एक परिवार है'। यह एक ऐसा सर्वव्यापी दृष्टिकोण है जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन ना हो। जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान, यह विचार मानव-केंद्रित प्रगति के आह्वान के रूप में प्रकट हुआ है। हम वन फैमिली के रूप में, मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं। हम वन अर्थ के रूप में विकास के लिए एक-दूसरे के सहयोगी बन रहे हैं। और वन फ्यूचर के लिए हम एक साझा उज्जवल भविष्य की ओर एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था इससे पहले की दुनिया से बहुत अलग है। कई अन्य बातों के अलावा, तीन महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। पहला, इस बात का एहसास बढ़ रहा है कि दुनिया के जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर मानव-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने की आवश्यकता है। दूसरा, दुनिया ग्लोबल सप्लाई चेन में सुदृढ़ता और विश्वसनीयता के




महत्व को पहचान रही है। तीसरा, वैश्विक संस्थानों में सुधार के माध्यम से बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने का सामूहिक आह्वान सामने है। जी-20 की हमारी अध्यक्षता ने इन बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है।दिसंबर 2022 में जब हमने इंडोनेशिया से अध्यक्षता का भार संभाला था, तब मैंने यह लिखा था कि जी-20 को मानसिकता में आमूल-चूल परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए। विकासशील देशों, ग्लोबल साउथ के देशों और अफ्रीकी देशों की हाशिए पर पड़ी आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए इसकी विशेष आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ भारत ने वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट का भी आयोजन किया था। इस समिट में 125 देश भागीदार बने। यह भारत की अध्यक्षता के तहत की गई सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक रही। यह ग्लोबल साउथ के देशों से उनके विचार, उनके अनुभव जानने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। इसके अलावा, हमारी अध्यक्षता के तहत न केवल अफ्रीकी देशों की अबतक की सबसे बड़ी भागीदारी देखी गई है, बल्कि जी-20 के एक स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकन यूनियन को शामिल करने पर भी जोर दिया गया है।हमारी दुनिया परस्पर जुड़ी हुई है, इसका मतलब यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी चुनौतियां भी आपस में जुड़ी हुई हैं। यह 2030 एजेंडा के मध्य काल का वर्ष है और कई लोग चिंता जता रहे हैं कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के मुद्दे पर प्रगति पटरी से उतर गई है। एसडीजी के मोर्चे पर तेजी लाने से संबंधित जी-20 2023 का एक्शन प्लान भविष्य की दिशा निर्धारित करेगा। इससे एसडीजी को हासिल करने का रास्ता तैयार होगा। भारत में, प्राचीन काल से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर आगे बढ़ना हमारा एक आदर्श रहा है और हम आधुनिक समय में भी क्लाइमेट एक्शन में अपना योगदान दे रहे हैं।

ग्लोबल साउथ के कई देश विकास के विभिन्न चरणों में हैं और इस दौरान क्लाइमेट एक्शन का ध्यान रखा जाना चाहिए। क्लाइमेट एक्शन की आकांक्षा के साथ हमें ये भी देखना होगा कि क्लाइमेट फाइनेंस और ट्रांसफर ऑफ टेक्नॉलजी का भी ख्याल रखा जाए। हमारा मानना है कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए पाबंदियों वाले रवैये को बदलना चाहिए। क्या नहीं किया जाना चाहिए से हटकर क्या किया जा सकता है, वाली सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। हमें एक रचनात्मक कार्यसंस्कृति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

एक टिकाऊ और सुदृढ़ ब्लू इकॉनमी के लिए चेन्नई एचएलपी हमारे महासागरों को स्वस्थ रखने में जुटी है। ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर के साथ, हमारी अध्यक्षता में स्वच्छ एवं ग्रीन हाइड्रोजन से संबंधित एक ग्लोबल इकोसिस्टम तैयार होगा। वर्ष 2015 में, हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस का शुभारंभ किया था। अब, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस के माध्यम से हम दुनिया को एनर्जी ट्रांजिशन के योग्य बनाने में सहयोग करेंगे। इससे सर्कुलर इकॉनमी का फायदा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगा। क्लाइमेट एक्शन को लोकतांत्रिक स्वरूप देना, इस आंदोलन को गति प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है। जिस प्रकार लोग अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर रोजमर्रा के निर्णय लेते हैं, उसी प्रकार वे इस धरती की सेहत पर होने वाले असर को ध्यान में रखकर अपनी जीवनशैली तय कर सकते हैं। जैसे योग वैश्विक जन आंदोलन बन गया है, उसी तरह हम लाइफस्टाइल फॉर सस्टेनेबल इनवायरमेंट को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण, खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इससे निपटने में मोटा अनाज या श्रीअन्न से बड़ी मदद मिल सकती है। श्रीअन्न क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को भी बढ़ावा दे रहा है। इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स के दौरान हमने श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है। द डेक्कन हाई लेवल प्रिंसिपल्स ऑन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन से भी इस दिशा में सहायता मिल सकती है। टेक्नॉलजी परिवर्तनकारी है लेकिन इसे समावेशी भी बनाने की जरूरत है। अतीत में, तकनीकी प्रगति का लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से नहीं मिला। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने दिखाया है कि कैसे टेक्नॉलजी का लाभ उठाकर असमानताओं को कम किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, दुनिया भर में अरबों लोग जिनके पास बैंकिंग सुविधा नहीं है, या जिनके पास डिजिटल पहचान नहीं है, उन्हें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के माध्यम से साथ लिया जा सकता है।

डीपीआई का उपयोग करके हमने जो परिणाम प्राप्त किए हैं, उन्हें पूरी दुनिया देख रही है, उसके महत्व को स्वीकार कर रही है। अब, जी-20 के माध्यम से हम विकासशील देशों को डीपीआई अपनाने, तैयार करने और उसका विस्तार करने में मदद करेंगे, ताकि वो समावेशी विकास की ताकत हासिल कर सकें। उन्होंने कहा भारत का सबसे तेज गति से बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाना कोई आकस्मिक घटना नहीं है। हमारे सरल, व्यावहारिक और सस्टेनेबल तरीकों ने कमजोर और वंचित लोगों को हमारी विकास यात्रा का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाया है। अंतरिक्ष से लेकर खेल, अर्थव्यवस्था से लेकर उद्यमिता तक, भारतीय महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। आज महिलाओं के विकास से आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व में विकास के मंत्र पर भारत आगे बढ़ रहा है। हमारी जी-20 प्रेसीडेंसी जेंडर डिजिटल डिवाइड को पाटने, लेबर फोर्स में भागीदारी के अंतर को कम करने और निर्णय लेने में महिलाओं की एक बड़ी भूमिका को सक्षम बनाने पर काम कर रही है।

### इंडिया बनाम भारत के विवाद पर खड़गे ने पूछा

# इंडिया से मोदी सरकार में क्यों है बौखलाहट

**एजेंसी। भीलवाड़ा**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा आईएनडीआईए गठबंधन से भाजपा वाले घबरा गए हैं। अब इंडिया की जगह 'भारत' कह रहे हैं। यह तो संविधान में ही लिखा है- इंडिया दैट इज भारत। हम तो पहले ही 'भारत जोड़ो' की बात कह रहे हैं। खड़गे ने दावा किया कि राजस्थान की जनता कांग्रेस को दोबारा चुनेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे बुधवार को भीलवाड़ा जिले में किसान व पशुपालक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश के कई मंत्री मौजूद रहे। सम्मेलन में आस पास के जिलों से हजारों की तादाद में पार्टी कार्यकर्ता व पशुपालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कामधेनु योजना को लांच किया। इसके अलावा विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। इसमें भीलवाड़ा डेयरी का 223 करोड़ रुपये का संयत्र भी शामिल है। खड़गे ने कहा कि लाल डायरी को दिखाकर डरा रहे हैं। लाल डायरी में कुछ नहीं है। भाजपा अपने पास उसे रखे रहे। देश में भाजपा ने दो करोड़ नौकरी का वादा किया पर कितनी दी।

# यूजीसी ने शुरू किया 'मालवीय मिशन - शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कौशल 'मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम' शुरू किया है। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक यूजीसी के इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के लिए एक बेहतर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करना होगा। यह दो सप्ताह का ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम है।केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के मुताबिक नई प्रतिबद्धता के एक भाग के रूप में, मानव संसाधन विकास केंद्रों को अब मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केंद्रों के रूप में जाना जाएगा। यह सीधे 15 लाख से अधिक शिक्षकों की क्षमता निर्माण में योगदान देंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विभिन्न विषयों पर प्रकाश डालते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि इन विषय-वार प्रशिक्षण सत्रों से 'समग्रता' को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी।

आजीवन सीखने के महत्व पर जोर देते हुए प्रधान ने शिक्षकों को आजीवन शिक्षार्थी होने की आवश्यकता को दोहराया, जो सीधे उनके विद्यार्थियों के समग्र विकास में योगदान देगा। यूजीसी चेयरमेन प्रो. एम. जगदीश कुमार ने शिक्षार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की भूमिका पर जोर दिया। दो सप्ताह की अवधि के इस ऑनलाइन कार्यक्रम में शिक्षकों की क्षमता निर्माण हेतु चिन्हित किए गए विभिन्न विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### राजौरी में एक मीडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए जम्मू-कश्मीर के डीजीपी ने कहा

# पाकिस्तान में शरण लेने वाले आतंकवादियों की संपत्ति होगी जब्त

**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने बुधवार को कहा कि उन स्थानीय आतंकवादियों की संपत्ति जब्त की जाएगी, जो यूटी के मूल निवासी हैं और शरण लेने के लिए पाकिस्तान भाग गए हैं। राजौरी में एक मीडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए डीजीपी ने कहा कि पुलिस के पास उन आतंकवादियों की एक सूची है जो जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में सक्रिय थे और फिर शरण लेने के लिए पाकिस्तान भाग गए।उन्होंने कहा, उनकी संपत्तियां कुर्क की जा रही हैं और प्रक्रिया जारी रहेगी। इन आतंकियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, क्योंकि ये नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार बैठकर आतंकवाद को बढ़ावा देते रहते हैं। उनके लिए कोई दया नहीं होगी. अगर उन्होंने वापस आने




की कोशिश की तो उन्हें मार दिया जाएगा। ये लोग जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की कोशिशों के पीछे हैं। नौ से बारह आतंकवादी, जिनमें से अधिकांश विदेशी हैं, राजौरी-पुंछ रेंज में सक्रिय हैं।

हमारे पास इनपुट है कि वे घाटी के कुलगाम-शोपियां जिलों से जम्मू संभाग के राजौरी-पुंछ जिलों की ओर बढ़ रहे थे।उनमें से तीन मारे गए हैं और अन्य की तलाश जारी है। पहाड़ों से फिसलकर आया एक आतंकवादी रियासी में मृत पाया गया।

पुलिस प्रमुख ने कहा, एक और व्यक्ति राजौरी मुठभेड़ में मारा गया और तीसरा रियासी मुठभेड़ में मारा गया, जहां ऑपरेशन अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि एलओसी पार से आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की कोशिशों को सफल नहीं होने दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि ग्राम रक्षा समितियां (वीडीसी) आतंकवाद विरोधी अभियानों में बड़ी भूमिका निभा रही हैं।

घुसपैठ की सभी बड़ी कोशिशों को नाकाम कर दिया गया है। सीमा ग्रिड को और मजबूत करने के लिए एलओसी पर सेना के साथ कुछ बिंदुओं पर पुलिस तैनात करने का निर्णय लिया गया है।"


### उपलब्धि हिंडन एयरबेस पर 25-26 सितंबर को होगा स्वदेशी ड्रोन का प्रदर्शन

# भारत वैश्विक ड्रोन हब बनने की ओर अग्रसर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद दुनिया के कई देशों ने ड्रोन की अहमियत समझी है और पिछले कुछ सालों से इसकी लोकप्रियता पूरे विश्व में तेजी से बढ़ी है। भारत समेत कई देश खुद ड्रोन बनाना शुरू कर चुके हैं, जिससे देश की ताकत बढ़ेगी। भारत के सैन्य क्षेत्र में ड्रोन तकनीक ने क्रांति ला दी है। भारत का ड्रोन उद्योग 25-26 सितंबर को वायु सेना के हिंडन एयरबेस पर लाइव हवाई प्रदर्शन करेगा।

भारतीय सशस्त्र बल खुफिया निगरानी और टोही कार्यों के लिए बड़े पैमाने पर दूर से संचालित विमान का उपयोग करते हैं। इधर, दो साल के भीतर भारत में भी ड्रोन का इस्तेमाल और विकास



क्षमताओं में इसका विश्वास मेहर बाबा स्वार्म ड्रोन प्रतियोगिता जैसी पहलों से पैदा हुआ है। इस प्रतियोगिता का नाम दिवंगत एयर कमोडोर मेहर सिंह के सम्मान में रखा गया था। स्वदेशी क्षमता का इस्तेमाल करके इस प्रतियोगिता के तीसरे चरण की तैयारियां भी चल रही हैं। सबसे पहले अक्टूबर 2018 में लॉन्च की गई मेहर बाबा स्वार्म ड्रोन चुनौती का उद्देश्य आपदा राहत कार्यों की प्रतिक्रिया सहित विभिन्न डोमेन के उपयोग के लिए स्वार्म ड्रोन के विकास को प्रोत्साहित करना था। स्वार्म ड्रोन-आधारित प्रणाली विकसित करने को लेकर स्टेट-अप्स के लिए 'मेहर बाबा' स्वार्म ड्रोन प्रतियोगिता का दूसरा संस्करण 6 अप्रैल 2022 को लॉन्च किया गया था। इन मानवरहित प्लेटफॉर्मों का उपयोग करने में अपने समृद्ध अनुभव का फायदा उठाने के लिए वायुसेना भारत ड्रोन शक्ति 2023 की सह-मेजबानी ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी कर रही है।

वायुसेना के विंग कमांडर आशीष मोघे के मुताबिक 25 और 26 सितंबर को यह कार्यक्रम वायु सेना के हिंडन (गाजियाबाद) एयरबेस पर आयोजित किया जाएगा, जहां भारतीय ड्रोन उद्योग लाइव हवाई प्रदर्शन करेगा। इसमें भारतीय ड्रोन उद्योग की पूरी क्षमता के साथ 50 से अधिक लाइव हवाई प्रदर्शन करेगा, जिसमें सर्वेक्षण ड्रोन, कृषि ड्रोन, आग दमन ड्रोन, सामरिक निगरानी ड्रोन, हेवी-लिफ्ट लॉजिस्टिक्स ड्रोन, लोटरिंग मूनिशन सिस्टम प्रदर्शित होंगे।

विंग कमांडर मोघे के मुताबिक इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार, राज्य विभागों, सार्वजनिक और निजी उद्योगों, सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, मित्र देशों के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, छात्रों और ड्रोन उत्साही लोगों सहित लगभग 5,000 लोगों के आने की उम्मीद है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 'भारत ड्रोन शक्ति' 2030 तक वैश्विक ड्रोन हब बनने की भारत की प्रतिबद्धता को बढ़ावा देगा।




## फिल्म समीक्षकों ने कहा, शाहरुख खान की बहुचर्चित फिल्म 'जवान' रचेगी इतिहास

शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' इस वक्त चर्चा में है। 'पठान' की



सफलता के बाद फैंस उनकी फिल्म 'जवान' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है और दर्शकों को शाहरुख खान का अलग-अलग लुक काफी पसंद आया है। अब इस फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और इस फिल्म ने प्रदर्शन से पहले ही अच्छी कमाई करनी शुरू कर दी है।'जवान' की एडवांस बुकिंग इसी शुक्रवार से शुरू हो गई है। इस बारे में शाहरुख खान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया है। शाहरुख के फैंस और सिने प्रेमी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा शाहरुख खान के अलग-अलग फैन क्लब भी इस फिल्म के अलग-अलग शो आयोजित कर रहे हैं। 'बुक माय शो' की रिपोर्ट के मुताबिक, देशभर में जवान के 75 लाख टिकट बेचे गए हैं। जवान को उत्तर भारत में 5000 स्क्रीन्स मिली हैं।

## आयुष्मान खुराना बोले-'ड्रीम गर्ल-2' के साथ हिट देकर खुश हूं



बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना ने ड्रीम गर्ल-2 के साथ बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी हिट दी है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर आगे बढ़ रही है और पहले ही दुनिया भर में 116 करोड़ की कमाई कर चुकी है। इससे उत्साहित आयुष्मान कहते हैं, हिट देना स्टारडम और कंटेंट का लिटमस टेस्ट है!

वह कहते हैं, प्रत्येक अभिनेता प्रत्येक फिल्म के साथ सफलता की कहानी लिखना चाहता है। मैं चाहता हूं कि मेरी फिल्में अधिक से अधिक दर्शकों द्वारा देखी जाएं और मैं चाहता हूं कि मुझे अपने काम के लिए ढेर सारा प्यार मिले। यह स्वाभाविक है कि मैं ऐसा करता हूं क्योंकि मुझे लोगों से अपने काम के बारे में मान्यता मिलती है। आयुष्मान कहते हैं, एक हिट देना स्टारडम और कंटेंट का लिटमस टेस्ट है।

## भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री के सुपर स्टार राकेश मिश्रा का नया गाना 'राजा शक ना करीं' रिलीज

भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री के दो वायरल सेंसेशन राकेश मिश्रा और शिल्पी राज का नया गाना 'राजा शक ना करीं' रिलीज हो गया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। राकेश मिश्रा का यह गाना टी-सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। गाने में राकेश मिश्रा के साथ पंजाबी ब्यूटी रिमसन कौर नजर आ रही हैं, जिनकी केमिस्ट्री भी बेहद



आकर्षक और मनोरंजक लग रही है। राकेश मिश्रा के फैंस ने दोनों की खूब सराहना करते हुए गाने को लाजवाब बताया है।

वहीं गाना 'राजा शक ना करीं' को लेकर राकेश मिश्रा ने बताया कि यह गाना आजकल के उन युवाओं की कहानी को बयां करती है, जो रिलेशनशिप में एक-दूसरे पर शक करते हैं। गाने को हमने बेहद मनोरंजक तरीके से प्रस्तुत किया है। कुछ गलत लोगों की वजह से सच्चे लोग भी शक की बीमारी पाल लेते हैं और अच्छे-खासे रिश्ते की मधुरता को बर्बाद कर देते हैं।